चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 28 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक-216, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये


# अमृत विचार


कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





क्षुद्रग्रह बेन्नु के नमूनों को संग्रहालयों में रखा 16

अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी 15


## छेड़छाड़ का विरोध करने पर राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित की जा चुकी हैं महिला वेट लिफ्टर
- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दर्ज की आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचारः** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित वेट लिफ्टर से छेड़छाड़ की गई। विरोध पर आरोपी युवक ने मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर महिला खिलाड़ी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। खिलाड़ी की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र निवासी वेट लिफ्टर ने दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को निजी गाड़ी से खुर्दही बाजार की ओर गई थी। वहां थार गाड़ी सवार युवक ने उन पर भद्दे कमेंट किए। विरोध करने के बाद भी वह कमेंट करता रहा। इसी बीच वहां पहुंचे महिला खिलाड़ी के दो दोस्त ने भी थार सवार युवक को अभद्रता करने से रोका। वह नहीं माना तो डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

इस पर युवक महिला वेट लिफ्टर से मारपीट करने लगा तथा विरोध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे महिला खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। बचाने आए खिलाड़ी के दोस्तों के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि थार सवार आरोपी युवक का नाम प्रत्युश शुक्ला है। उसके खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में 26 मार्च को मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद में बोले मुख्यमंत्री- परिवार पहले मानने वाला पक्ष माफिया राज को प्रश्रय देता है**

## लोस चुनाव 'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' के बीच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा/मेरठ



मथुरा में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो प्रधानमंत्री का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो एक पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार से चुनाव प्रचार की कमान संभालते हुए मथुरा में भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक श्रीकांत शर्मा, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नीलश्याम सिंह आदि रहे।

### मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, इतिहास रचता है

**मेरठ।** अरुण गोविल आज मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि इतिहास रचता है। ये बातें मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सोमेन्द्र तोमर, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद प्रत्याशी अरुण गोविल सहित पार्टी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### ...हम शासन करने आए हैं दमदारी से करेंगे

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में भी प्रबुद्धजनों से संवाद किया। योगी ने यहां विधायक व भाजपा से लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में वोट देने की अपील की। सीएम ने कहा कि हमें भजन गाना होगा तो मठ में जाएंगे। हम शासन करने आए हैं और शासन दमदारी से चलेगा, जिसे काम नहीं करना होगा, लिखकर दे, उसे छुट्टी दे दूंगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, नरेंद्र कश्यप, सांसद अनिल अग्रवाल आदि रहे।






## मुरादाबाद में सपा ने बदला प्रत्याशी रामपुर से दो दावेदारों का नामांकन

### अंतिम दिन मुरादाबाद में रुचिवीरा और रामपुर में मोहिबुल्लाह नदवी ने भरा पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/रामपुर



- आजम के दबाव में मुरादाबाद से पर्चा भर चुके एसटी हसन का पत्ता साफ
- रामपुर से सपा के अधिकृत प्रत्याशी के सामने करीबी आसिम राजा को किया आगे

**अमृत विचार :** आजम खां ने जेल में रहते हुए सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी। आजम के दबाव में ही सपा ने मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एसटी हसन का 24 घंटे में ही टिकट काटकर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। जबकि हसन मंगलवार को नामांकन कर चुके थे। रामपुर से सपा के प्रत्याशी के सामने आजम के करीबी आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन किया। रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार सुबह चार्टर्ड प्लेन से देवेंद्र उपाध्याय को सिंबल लेकर रामपुर भेजा, जिसके बाद मोहिबुल्लाह ने नामांकन किया। दोनों लोकसभा सीटों पर अब पार्टी से ही जुड़े दो उम्मीदवार सामने हैं।

पहले चरण के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचि वीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया। रुचिवीरा भी सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान की करीबी हैं। रामपुर में जहां पूर्व में लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन किया। यही दावा करते हुए मोहिबुल्लाह ने भी पर्चा भरा।

मोहिबुल्लाह ने नामांकन के बाद कहा, 'मुझे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भेजा है। आजम खां भी मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए दुआ करता हूं। मैंने सपा से नामांकन किया है और मुझे साइकिल का सिंबल मिला है। वहीं, रामपुर सीट से ही खुद को सपा प्रत्याशी बताकर नामांकन करने वाले आसिम राजा ने कहा कि हमने सपा के उम्मीदवार की हैसियत से नामांकन भरा है।

### सपा ने बताये अधिकृत प्रत्याशी

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एस टी हसन का टिकट काट कर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर से मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। नदवी दिल्ली के संसद मार्ग पर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व में दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कुछ संशय की स्थिति थी लेकिन बाद में उसे ठीक कर लिया गया है।

### रामपुर से 24 घंटे के अंदर ही बदला प्रत्याशी

**मुरादाबाद।** रामपुर सीट से आजम खां के इशारे पर आसिम राजा ने भी पर्चा भरा है। ऐसे में सपा के दो प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन किया। 30 मार्च को नाम वापसी है, इस दिन तस्वीर साफ होगी। मुरादाबाद में सपा ने पहले मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था, लेकिन 24 घंटे में उनकी जगह रुचि वीरा को प्रत्याशी बना दिया। रुचि वीरा बिजनौर की पूर्व विधायक हैं। रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने रुचि वीरा के पक्ष में सपा का सिंबल व अधिकार पत्र होने की बात कही।

### एक नजर

#### अमरावती से नवनीत व चित्रदुर्ग से गोविंद को मिला टिकट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा भाजपा की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किए जबकि हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी में दिल्ली हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

नयी दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी



- दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस, जवाब दाखिल के लिए समय मांगा
- कोर्ट ने दायर याचिका पर दो अप्रैल से पहले ईडी से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। हाईकोर्ट ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। बाद में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल ने उच्च कोर्ट से इस आधार पर उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था।

मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि कई पन्नों वाली याचिका की प्रति मंगलवार को ही ईडी को दी गयी है और उस पर जवाब के लिए समय दिया जाना चाहिए। इस बीच इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।

### आप नेता के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंगला ने विश्वास नगर सीट से आप के टिकट पर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। सूत्रों ने कहा कि छापेमारी कुछ कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी थी।

### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलने दी जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी।

## जिस दिन आप शेयर बेचेंगे पैसा भी उसी दिन मिलेगा

मुंबई, एजेंसी

- शेयर बेचने और खरीदने पर भुगतान की व्यवस्था में किया गया बदलाव

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज शेयरों के खरीदने और बेचने पर उनके भुगतान की व्यवस्था में गुरुवार से बदलाव कर रहा है। स्टाक एक्सचेंज टी 0 सेटलमेंट सिस्टम का ट्रायल 25 शेयरों के साथ शुरू कर रहा है। यानी जिस दिन आप इन शेयरों को बेचेंगे, पैसा भी उसी दिन आपको मिलेगा।

अभी शेयर बाजार में टी 1 सेटलमेंट सिस्टम लागू है। यानी शेयरों के बेचने पर भुगतान एक दिन बाद किया जाता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने टी 0 के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किए थे और 12 जनवरी तक इस पर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी।

शेयर खरीदने में उसी दिन शेयर डीमेट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगा, जिससे अगर चाहे तो उसी दिन शेयर प्लेज भी कर सकेंगे। अभी अगले दिन डीमेट अकाउंट में शेयर्स क्रेडिट होते हैं। इससे मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे वेटिंग पीरियड का इंतजार किए बिना इन्वेस्टर्स अन्य शेयर्स को खरीद सकेंगे। साथ ही कम समय तक के लिए पैसा होने पर भी इन्वेस्टर्स मार्केट में पैसा सकेंगे।

## प. यूपी में स्टार प्रचारकों में मोदी, शाह और योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- भाजपा ने घोषित किए पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारक
- आधी आबादी को लुभाएंगी स्मृति, हेमामालिनी, बेबी और गीता

**अमृत विचारः** पश्चिमी उप्र से शुरू हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सभी आठ सीटें जीतने का बिगुल फूंकेंगे। आधी आबादी के लिए महज चार स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का नाम है।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीट शामिल है। स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है, लेकिन पड़ोसी हरियाणा राज्य से सीमाएं और रिश्ते जुड़े होने के बावजूद वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रचारकों की सूची से गायब हैं।

अन्य स्टार प्रचारकों में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, चुनाव संचालन समिति के संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह शामिल है। केंद्रीय मंत्रियों में पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, दुर्विजय सिंह शाक्य, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, अश्विनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह शामिल हैं।

## आप सांसद सुशील रिंकू और अंगुराल हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- रिंकू ने कहा- राज्य सरकार ने विकास के मामले में उनका साथ नहीं दिया

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की।

तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है, लेकिन पंजाब पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है और आप की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

## मोदी बोले-ईडी के जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा कैंडिडेट से बात की, कहा- यह बात सबको बताएं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और ईडी द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। भाजपा नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर यह बात कही।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उनसे जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीबों को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। मोदी ने कहा कि एक केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक साथ आ गए हैं। प्रधानमंत्री और रॉय के बातचीत का विवरण देते हुए नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि 3,000 करोड़ है। मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं।

### मोइत्रा, हीरानंदानी को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले भी तृणमूल नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुईं और नोटिस को टालने की मांग की थी।

## पहले चरण के लिए कुल 155 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए अब तक 155 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन के आखिरी दिन 109 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट पर अब तक कुल 13, कैराना में 17, मुजफ्फरनगर में 38, बिजनौर में 23, नगीना सुरक्षित में 12, मुरादाबाद व रामपुर में 18-18 और पीलीभीत में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

**बढ़ी परेशानियां** | **यूपी मदरसा बोर्ड में प्रदेश में 12 लाख 70 हजार 36 छात्र हैं पंजीकृत**

## बोर्ड के फेर में फंसा 13 लाख छात्रों का भविष्य

जीशान कदीर, लखनऊ



**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड के सामने 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। समायोजित छात्रों की इतनी बड़ी संख्या यूपी बोर्ड में कैसे जोड़ी जाए, इसको लेकर विभागीय अधिकारी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके हैं।

हाईकोर्ट का यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर दिया गया अहम फैसला शासन के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं बन रहा। न्यायालय के आदेश के बाद बोर्ड का क्या होगा, छात्रों का समायोजन सहित अन्य विषयों पर बैठकें जारी हैं। बुधवार को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने मिलकर बैठक की। मदरसा बोर्ड में पंजीकृत 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को समायोजित किये जाने का मामला प्रमुखता से उठा। जानकारों की मानें तो बैठक में इन छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करने को लेकर एक राय हुई। ऐसे में मदरसा बोर्ड के छात्रों को लेकर यूपी बोर्ड की व्यवस्थाएं नाकाफी मिलीं। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि अब तक 12 लाख से अधिक छात्र फीडिंग के क्रम में पंजीकृत हो चुके हैं। बोर्ड को लेकर शासन क्या निर्णय लेगा, इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने बैठक की है, निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### मिनी आईटीआई सिमटी, रोजगार पर ग्रहण

यूपी मदरसा बोर्ड प्रदेश भर में 536 मिनी आईटीआई संचालित करता रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद इस व्यवस्था को विराम दे दिया गया। रजिस्ट्रार का कहना है कि मिनी आईटीआई से छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार मिलता रहा है।

### 33 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं पर संशय

मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर 33 हजार 692 शिक्षक पंजीकृत हैं। 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों और 560 एडेड मदरसों में 9646 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक सेवाएं देते रहे हैं। हाईकोर्ट के रुख के बाद इनकी सेवाओं पर संशय बना हुआ है।

# टेनरी में टैंक की सफाई करने उतरे मजदूर की मौत

## जाजमऊ की जीनत टेनरी में हादसे से मचा हड़कंप, जहरीली गैस के असर से तीन मजदूर बेहोश होने पर भेजे गए अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



लापरवाही का आरोप लगाते आक्रोशित परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में स्थित जीनत टेनरी में सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे तीन मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। इस घटना से टेनरी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। किसी तरह तीनों मजदूरों को रस्सी के सहारे बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। जहां एक मजदूर ने दम तोड़ दिया। साथी कर्मचारियों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजनों ने टेनरी मालिक पर बिना सुरक्षा उपकरणों के टैंक में उतारने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। पुलिस ने लोगों को शांत कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चकेरी थानाक्षेत्र के काजीखेड़ा निवासी 45 वर्षीय सुरेश कुमार बुधवार सुबह आठ बजे जाजमऊ में सरैया स्थित जीनत टेनरी में ओमपुरवा के रहने वाले संजय कुमार और लालकुर्ती निवासी राकेश के साथ 15 फीट गहरे सेप्टिक टैंक की सफाई करने के लिए सीढ़ी से नीचे उतरे थे। टैंक के भीतर जहरीली गैस के कारण तीनों एक-एक करके बेहोश हो गए। इससे वहां काम कर रहे अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। टेनरी मालिक ने कर्मचारियों की मदद से रस्सी के सहारे तीनों मजदूरों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें जाजमऊ स्थित नासिर हॉस्पिटल भिजवाया गया। जहां सुरेश कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों श्रमिकों को काफी देर बाद होश आया। कर्मचारियों ने सुरेश के परिजनों को मौत की सूचना दी, तो चीख पुकार मच गई। परिजनों ने ने टेनरी पहुंच कर लापरवाही का आरोप लगाते हुए वहां जमकर हंगामा काटा।

### भरा था चमड़े का कचरा



जानकारी देते श्रमिक संजय व राकेश।

मजदूर संजय और राकेश ने बताया कि टेनरी के टैंक में लेदर वेस्ट भरा हुआ था। परिजनों ने आरोप लगाया कि टेनरी मालिक ने बिना सुरक्षा उपकरण दिए उन लोगों को मौत के मुंह में ढकेल दिया। मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि फैक्ट्री मालिक और कर्मचारियों की लापरवाही से सुरेश की जान चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टेनरी के टैंक में गैस से मौत की पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। सफाई के दौरान मजदूर जहरीली गैस के शिकार बन जाते हैं।

- **मृतक के परिजनों ने काटा हंगामा, टेनरी मालिक पर लगाया लापरवाही का आरोप**

# सेप्टिक टैंक से निकलती है मीथेन गैस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के अनुसार सेप्टिक टैंक के कचरे व सीवरेज में बनने वाली गैस का प्रमुख घटक मीथेन है, जो उच्च सांद्रता में अत्यंत विषैला हो सकता है। गंदे पानी के कारण भी ऐसी गैस बन सकती है। मीथेन गैस के संपर्क में आने से आंखों में जलन, गले में खराश, सांस की तकलीफ और खांसी और अधिकता से नर्वस सिस्टम प्रभावित हो सकता है। घुटन, सिरदर्द और चक्कर के साथ गैस की अधिकता फेफड़े और मस्तिष्क पर प्रभाव डालती है, जो मृत्यु का कारण बन जाता है।

**टैंक में कैसे हो जाती है मौत:** विशेषज्ञों की मानें तो सेप्टिक टैंक बंद रहता है, ऐसे में सीवेज और गंदे पानी की वजह से टैंक में मीथेन गैस की अधिकता हो जाती है। जब कभी कोई व्यक्ति सेप्टिक टैंक में उतरता है तो मीथेन गैस की गंध की तीव्रता सांस लेते ही सीधे मस्तिष्क तक प्राहर करती है। इसके असर से व्यक्ति अचेत हो जाता है। कई दिनों तक टैंक में हवा पास न होने की वजह से ऑक्सीजन की कमी रहती है। ऐसे में अचेत अवस्था में भरपूर ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है, जिसका सीधा असर फेफड़ों और हार्ट पर पड़ता है। यही मृत्यु की वजह बनता है।



टेनरी में इसी टैंक की सफाई करने उतरे थे मजदूर। अमृत विचार

### रहें सावधान और इन बातों का रखें ध्यान

- सेप्टिक टैंक की मैनुअल तरीके से सफाई या किसी अन्य कारण से खोलने पर आधा घंटा तक ढक्कन हटाकर इंतजार करना चाहिए। इसके बाद ही नीचे उतरें।
- जहरीली गैस है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए माचिस की जलती हुई तीली डालकर देखना चाहिए। अगर आग लग जाए तो समझ लें गैस है।
- मेनहोल को खुला छोड़ने के बाद उसमें पानी का छिड़काव करना चाहिए।
- सफाई के लिए उतरे कर्मचारी मुंह पर ऑक्सीजन मास्क और सेफ्टी बेल्ट जरूर लगाएं। कमर में रस्सी बांधें, ताकि आपात स्थिति में ऊपर खड़ा साथी उन्हें बाहर निकाल सके।
- टैंक में उतरते समय टार्च जरूर लेकर जाना चाहिए।

# आईआईटी में शुरू की गई नयी ई-मास्टर डिग्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फाइनेंस सेक्टर के कोर्स को पेशेवर कर सकते और गेट स्कोर भी जरूरी नहीं
- क्लामेट फाइनेंस, बिजनेस फाइनेंस और फिनटेक नवाचार सिखाए जाएंगे

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर की ओर से ई-मास्टर डिग्री की शुरुआत की गई है। फाइनेंस सेक्टर से संबंधित यह डिग्री कोर्स पेशेवर कर सकते हैं। खास यह कि इसके लिए गेट की रैंकिंग भी जरूरी नहीं है। ई-मास्टर डिग्री के तहत क्लाइमेट फाइनेंस, बिजनेस फाइनेंस और फिनटेक नवाचार की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

आईआईटी कानपुर की ओर से नए बैच के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। अंतिम तिथि 31 मार्च है। संस्थान की ओर से बताया गया कि यह कोर्स भविष्य के लिए वित्त क्षेत्र के पेशेवरों को तैयार करने और वित्त उद्योग में कुशल प्रतिभा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ई मास्टर डिग्री कोर्स को एक से तीन वर्षों में पूरा किया जा सकेगा। संस्थान ने बताया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में ई-मास्टर्स पारंपरिक वित्त के साथ फिनटेक का मिश्रण करते हैं। जिससे पेशेवरों को वित्त पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव की गहरी समझ मिलती है। क्वांटिटेटिव फाइनेंस और रिस्क मैनेजमेंट में ई-मास्टर्स अनुसंधान और व्यावहारिक प्रशिक्षण के जरिए रिस्क मैनेजमेंट कौशल में सुधार करने पर केंद्रित है। बिजनेस फाइनेंस में ई-मास्टर्स पेशेवरों को वित्त और अर्थशास्त्र में आगे बढ़ने में मदद करता है। जलवायु वित्त और स्थिरता में ई-मास्टर्स कार्बन प्रबंधन और ईएसजी में विशेषज्ञता की बढ़ती मांग को पूरा करते हैं, वित्त और पर्यावरणीय स्थिरता में विशेष प्रशिक्षण देते हैं। ईमास्टर्स कार्यक्रम पेशेवरों को इन उद्योगों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आधुनिक कौशल से लैस करते हैं।

### मिलता है एक्सपोजर

आईआईटी कानपुर के प्रबंधन विज्ञान विभाग और आर्थिक विज्ञान विभाग की ओर से कराए जाने वाला यह कोर्स लाइव इंटरैक्टिव सप्ताहांत कक्षाओं और सेल्फ-लर्निंग के माध्यम से सिखाता है। आईआईटी कानपुर के प्रतिष्ठित फैकल्टी और निपुण शोधकर्ताओं के मार्गदर्शन में यह कोर्स कराया जाता है। इसमें 60-क्रेडिट पाठ्यक्रम, उद्योग के लिए तैयार किया गया है, जिसमें आईआईटी कानपुर में एमटेक और पीएचडी कार्यक्रमों जैसे उच्च शिक्षा के अवसरों के लिए निर्बाध क्रेडिट हस्तांतरण की सुविधा भी मिलती है।

# तिलक लगाकर समृद्धि का आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



भाई के माथे पर रोचना करती बहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाई दूज के मौके पर बुधवार को बहनों ने तिलक लगाकर भाई की समृद्धि की कामना की। पर्व पर घरों में उत्साह का माहौल रहा। पूजन कर भाई के ऊपर आने वाले संकट को हरने की बहनों की कामना की। भाइयों के तिलक के लिए जिलाकारागार में भी लंबी लाइन लगी रही। यहां पर बहनों ने तिलकर कर भाइयों से अपराध छोड़ने का वचन भी लिया।

पर्व को लेकर घरों में सुबह से ही तैयारी होती रही। पारंपरिक पूजन कर भाइयों के माथे पर तिलक किया गया। शादीशुदा बहनों से टीका कराने के लिए भाई बहनों की ससुराल पहुचे। उधर पर्व पर बाजारों में भी खरीदारी हुई। खासतौर पर मिठाई की दुकानों में खरीदारों की भीड़ रही। छोटे भाइ-बहनों के लिए बाजार में विशेष उपहारों को खरीदा गया। टोकरी में मौजूद जूस, चॉकलेट, डॉल सहित अन्य सामग्रियों से भरी टोकरियां 150 रुपये से 3 सौ रुपये तक बिकी। उधर जिला कारागार में भी भाई दूज के मौके पर खास इंतजाम किए गए। भाइयों को टीका करने आई बहनों को टोकन देकर विशेष मिलाई कराई गई। कई बहने अपने भाइयों को देख बिलख पड़ी। यहां पर बहनों ने भाइयों से जल्द बाहर आकर अपराध छोड़ने का वचन लिया।

- **भाईदूज के मौके पर घरों में रहा उत्साह, हुआ पूजन**
- **भाई से मिलने जेल तक पहुंची बहनें, किया इंतजार**

# बाइकर्स बदमाशों ने मोबाइल, नकदी लूटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पनकी थानाक्षेत्र में गैस प्लांट के सामने की घटना**

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में काम से जा रहे युवक की हाईवे पर मोटरसाइकिल खराब होना मुसीबत बन गया। बाइक सवार तीन बदमाशों ने युवक से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

चिटिकपुर रनिया कानपुर देहात के रहने वाले विजय साहू ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च को दोपहर करीब 1.30 बजे अपनी बाइक से रनिया से रामादेवी जा रहा थे। बताया कि गैस प्लान्ट पनकी के ठीक सामने हाईवे के ऊपर मोटर साइकिल खराब हो जाने के कारण फोन कर के सहायता के लिए अपने भाई को बुला रहा था। उन्होंने बताया कि इसी दौरान रनिया कि तरफ मोटर साइकिल से जा रहे तीन लड़कों ने जिनका नाम पता नहीं मालुम वह पास आए और अकेला पाकर मोबाइल छीन लिया। बताया कि साथ ही जेब में रखे 4500 सौ रुपये छीन लिया। इसके बाद उन्होंने इस बात का विरोध किया तो आरोपी मारपीट और गालीगलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी मोटर साइकिल से रनिया की तरफ भाग निकले। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इस दौरान उसे आरोपियों की बाइक का नंबर नोट कर लिया।

# दो निजी अस्पतालों की ओटी सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शहर में अब भी बिना डॉक्टर और स्टॉफ के धड़ल्ले से चल रहे निजी अस्पताल**

**अमृत विचार।** कल्याणपुर क्षेत्र में निजी अस्पतालों की काफी भरमार है, क्षेत्र में कई अस्पतालों का संचालन अवैध रूप और बिना डॉक्टर व स्टॉफ के किया जा रहा है। ऐसे में अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी नजरें टेढ़ी कर दी है। एसीएमओ ने बुधवार को कल्याणपुर क्षेत्र में स्थित दो अस्पतालों पर कार्रवाई की, जिसमें एक का पंजीकरण तक नहीं था।

शहर के कल्याणपुर, पनकी, रतनपुर, गुजैनी, दबौली, बर्रा, नौबस्ता, रामादेवी, महाराजपुर, घाटमपुर, गोविंद नगर, बिठूर आदि क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में निजी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें से कई अस्पताल बिना पंजीकरण या मानक विहिन संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में इन अस्पतालों से शराफत का पर्दा तब उठता है, जब किसी व्यक्ति की मौत के बाद हंगामा होता है या टीम द्वारा छापेमारी की जाती है। कल्याणपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने करीब एक सप्ताह पहले कुछ अस्पतालों पर कार्रवाई की थी और बिना मानक व पंजीकरण चला रहे अस्पतालों के संचालकों को चेतावनी भी दी थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी को निजी अस्पताल के संचालक गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और अधूरे मानकों के साथ अस्पताल का संचालन कर रहे है। जानकारी पर बुधवार को एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश टीम के साथ कल्यानपुर पहुंचे, यहां पर उन्होंने पुराना शिवली रोड स्थित नीलम सरोज हॉस्पिटल का निरीक्षण किया, जहां ड्यूटी पर डॉक्टर व प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं मिले। बिना पंजीकरण व नवीनीकरण के अनधिकृत रूप से संचालित ऑपरेशन कक्ष को टीम ने मौके पर सील कर दिया। संचालक को ऑपरेशन कक्ष में सीलिंग के साथ छेड़छाड़ न करने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम ने न्यू शिवली रोड स्थित रोहित राज मेडिकल एंड सर्जिकल सेंटर का निरीक्षण किया। यहां पर डॉक्टर व प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं मिले।



निजी अस्पताल में बिना पंजीकरण ओटी सील करते स्वास्थ्य अधिकारी।

# शराब के लिए रुपये न देने पर किया लहूलुहान

**कानपुर।** गोविंद नगर निवासी लविश भोला ने पुलिस बताया कि 24 मार्च की रात घर जाने के लिए बर्रा आठ बसंत पेट्रोल पंप के पास आटो का इंतजार कर रहा था। तभी बर्रा के पांच-छह परिचित युवक आए और शराब के लिए रुपये मांगने लगे। इन्कार करने पर राड से सिर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया।आरोप है कि दो हजार रुपये भी छीन ले गए। तब से पीड़ित बर्रा थाने के चक्कर लगा रहा पर कार्रवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी तेज बहादुर ने बताया कि घटनास्थल गुजैनी थानाक्षेत्र है। उनके पास अभी तक कोई शिकायत लेकर नहीं आया।

# 13 सौ शिक्षक बोर्ड की कॉपियां जांचने नहीं आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पांच केंद्रों पर बुधवार को पहुंचे सिर्फ 2026 शिक्षक**
- **अब तक छह लाख कॉपियां जांची जा चुकी**

**अमृत विचार।** त्योहार के कारण यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य भी प्रभावित रहा। बुधवार को 13 सौ शिक्षक मूल्यांकन केंद्रों पर कॉपियां जांचने नहीं पहुंचे। शहर के 5 केंद्रों में 2026 शिक्षकों ने लगभग 91 हजार कॉपियों को जांचा। शिक्षा विभाग की ओर से अब तक लगभग छह लाख कॉपियों को जांचा जा चुका है।

शहर में सुबह से ही मूल्यांकन कार्य प्रभावित रहा। शिक्षकों की कमी से देरी से मूल्यांकन कार्य शुरू हो सका। इससे मूल्यांकन केंद्रों में अव्यवस्था भी रही। केंद्रों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के देरी से आने पर कॉपियों के बंडलों को शिक्षकों तक कॉपियों के बंडल पहुंचाने में भी परेशानियां सामने आई। शिक्षकों की कमी से सरल विषय की कॉपियों को पहले मूल्यांकन के लिए दिया गया। दोपहर तक मूल्यांकन केंद्रों की व्यवस्था में सुधार आया। शिक्षकों की कमी की वजह से बुधवार को लगभग दस हजार कॉपियां कम चेक हो सकीं।

### राज्यपाल व सीएम को लिखा पत्र

मुजफ्फर नगर में हुई राजकीय शिक्षक की निर्मम हत्या के बाद नई मांग उठी है। बुधवार को उत्तर प्रदेश शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन ने शिक्षकों से कॉपियों के बंडल लाने पर पूरी तरह से रोक लगाए जाने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने कहा कि मूल्यांकन कापियों के बंडल ले जाने का कार्य किसी अन्य एजेन्सी के माध्यम से कराया जाना चाहिए। प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि मुजफ्फर नगर में हुई घटना से यह साफ है कि यह बेहद जोखिम का काम है। इसे लेकर शिक्षकों और कर्मचारियों में भय व्याप्त है। ऐसे में यह जरूरी है कि शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक और कर्मचारियों को इस कार्य से मुक्त कर भरोसा जताया जाए।

# मेहंदी छूटी नहीं और उजड़ा संसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शादी के एक महीने बाद पति की हुई हादसे में मौत**
- **दोस्त के घर जाते समय डिवाइडर से टकरा गया था**

**अमृत विचार।** उस दुल्हन के भाग्य को क्या कहेंगे जिसके हाथ की मेहंदी पूरी तरीके से छूट भी नहीं पाई थी कि उसके पति की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह इत्तेफाक यह है कि पिछले महीने यानी 26 फरवरी को वह बारात लेकर पहुंचा था। वहीं ठीक एक महीने बाद उसी तारीख 26 मार्च को काल के क्रूर हाथों ने उसे खत्म कर दिया। इस खबर को जिसने भी सुना वह दुखी हुए बिना रह नहीं सका। मामला बर्रा थानाक्षेत्र के युवक का है।



अमित सविता।

बर्रा आठ के रहने वाले 30 वर्षीय अमित सविता ट्रक चलाता था। उसके बड़े भाई अविनाश ने बताया कि वह मंगलवार शाम को पांच बजे शुक्लागंज में रहने वाले अपने दोस्त आलोक घर आजाद नगर मिलने गया था। जहां से उन लोगों की अचलगंज में रहने वाले अन्य दोस्तों के यहां जाने की योजना थी। लेकिन वहां जाने के लिए प्लान कैंसिल हो गया। बताया कि वह चौराहे से लौट रहा था तभी स्पीड तेज होने के कारण वह डिवाइडर से टकरा गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। दोस्तों ने परिजनों को सूचना देकर किसी तरह हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां 11.30 बजे उसने दम तोड़ दिया। बड़े भाई ने बताया कि पिछले माह 26 फरवरी को गल्लामंडी की रहने वाली सिया देवी से उसकी शादी हुई थी। घटना के ठीक एक महीने बाद 26 मार्च को हादसे में उसकी जान चली गई। जिसके बाद मां रूपा अचेत हो गई। परिजन और नाते रिश्तेदार भी इस घटना के बाद से पूरी तरह से स्तब्ध हैं। सूचना पर पहुंची स्वरूप नगर पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर पर हादसे से कई चोटें मिली हैं।

# घर-घर जाकर आशा तैयार करेंगी बीमारों की सूची

**कानपुर।** मौसम में हो रहे बदलाव के कारण कई लोगों को गले में दर्द, खराश, खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, शरीर में दर्द, पेट व सिर में दर्द आदि समस्या हो रही है। वहीं, गर्मी की शुरूआते होते ही मच्छरों ने भी घरों में दस्तक दे दी है। ऐसे में लोग संचारी रोगों की चपेट में अधिक आते है, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बीमार लोगों की सूची तैयार करेंगी। साथ ही किस स्थान में अधिक मच्छर है यह भी वह चिन्हित कर रिपोर्ट संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी को देंगी।

उद्यमियों को दिए टिप्स | मर्चेंट चेंबर की ओर से आयोजित हुई कार्यशाला में दूर की गईं भ्रांतियां

# कारोबारियों को समझाए टैक्स संबंधी उपाय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **कारोबारियों को आयकर की धारा 43 बी (एच) के प्रावधानों के बारे में बताया**

**अमृत विचार।** मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से बुधवार को कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान कारोबारियों को टैक्स संबंधी उपाय बताए गए। इस दौरान विशेषज्ञों ने कारोबारियों की भ्रांतियां दूर की। कार्यशाला में खासतौर पर आयकर की धारा 43 बी (एच) के प्रावधानों के बारे में बताया गया।

मर्चेंट चैंबर की राजकोषीय समिति की ओर से हुई कार्यशाला में समिति के सलाहकार सुधींद्र जैन व सीए अंजनी खेतरपाल ने कारोबारियों को विशेषज्ञ के रूप में जानकारियां दी। कहा कि निर्धारण वर्ष 2024-25 यानी चालू वित्तीय वर्ष से। सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 31 मार्च के बाद बकाया धनराशि के भुगतान को आयकर अधिनियम के तहत अस्वीकृति का सामना करना पड़ेगा। शेष धनराशि की गणना एमएसएमई अधिनियम, 2006 के तहत निर्दिष्ट भुगतान देय तिथियों के आधार पर की जानी है। प्रावधान में कुछ राहत है कि भुगतान के वर्ष में अस्वीकृति को आयकर अधिनियम के तहत कटौती के रूप में अनुमन्य होगा। वह वर्ष जब सूक्ष्म,लघु उद्यम को वास्तव में ऐसी शेष देय राशि का भुगतान किया जाता है। ये प्रावधान एमएसएमई अधिनियम के तहत सूक्ष्म या लघु उद्यमों के रूप में पंजीकृत संस्थाओं से की गई सभी खरीद या किए गए खर्च या प्राप्त सेवाओं के संबंध में लागू हैं। यह भी बताया गया कि भले ही अनुबंध की शर्तों में अन्यथा कहा गया हो, 45 दिनों से अधिक किया गया कोई भी भुगतान ब्याज के साथ-साथ अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी है। सभी व्यवसाय एमएसएमई अधिनियम के तहत सूक्ष्म या लघु उद्यमों के रूप में अपने पंजीकरण के संबंध में अपने आपूर्तिकर्ताओं से जानकारी प्राप्त करने के लिए बाध्य हैं। जिससे अनुपालन बोझ बढ़ जाएगा। कार्यशाला में सुशील शर्मा, मनु अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, संतोष गुप्ता, चेंबर के सचिव महेंद्र नाथ मोदी सहित अन्य मौजूद रहे।



कार्यशाला में विषयों पर चर्चा करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

# बैराज पर स्टंटबाजी में पांच हजार का चालान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा बैराज पर रोजाना होने वाली स्टंटबाजी से बढ़ रहे हादसे के कारण सीसीटीवी लगवाए गए थे। इसके बावजूद बाइक सवार पुलिस के सामने ही स्टंट करते हैं। जिसके वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो जाती है। ऐसे में सीसीटीवी की उपयोगिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। मंगलवार को बैराज पर पुलिस के सामने स्टंट करते हुए युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें पुलिस ने आरोपी बाइक सवार का मोटर व्हीकल एक्ट में पांच हजार रुपये का चालान करने के साथ ही कार्रवाई की है।

पुलिस के प्रयासों के बाद भी बैराज पर स्टंटबाजी रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बाइक सवारों के हौसले इतने बुलंद है कि वह पुलिस के सामने ही स्टंट करते रहते हैं। पुलिस सिर्फ उन्हें ताकती रह जाती है. यही नहीं स्टंट करने के बाद युवक उनके सामने से फर्राटा भरते हुए निकल भी जाते।

> स्टंट करने वाले बाइक सवार पर मोटर व्हीकल एक्ट में पांच हजार का चालान करने के साथ ही कार्रवाई की गई है। गश्त बढ़ाने के साथ ही सीसीटीवी के फुटेज खंगालकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -आरएस गौतम, डीसीपी सेंट्रल

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

मैं रुक्मा देवी (Rukma Devi) अपने पुत्र शंकर सिंह के आर्मी नं.– 4205699W, ग्राम –मालाझूला हल्द्वानी पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रूक्मनी पानू (Rukmani Panoo) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में रुक्मा देवी (Rukma Devi) दर्ज किया जाये।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े बेटे रामनाथ का चाल चलन व रवैया बहुत खराब है। उसकी संगति बुरे लोगों के साथ है इसलिए वह मेरे व परिवार के साथ दुर्व्यहार करता है। बड़े बेटे रामनाथ पुत्र राजकुमार से तंग आकर अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। रामनाथ द्वारा किए गए किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम भमैचा पोस्ट सिसवरिया थाना मोतीगंज गोंडा।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं अपने बड़े बेटे नीरज कुमार का चरित्र व आचरण ठीक नहीं होने के कारण उसे अपनी सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मुझे कोई वास्ता सरोकार नहीं है और न ही भविष्य में कभी होगा। **भारत लाल पुत्र चौहान निवासी– अहिनवार, राती, मोहनलालगंज, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**

**आज का मौसम**
न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना।

| | |
|---|---|
| 34.8° अधिकतम तापमान | 17.4° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 04 | सूर्यास्त 06 : 24 |




| इफ्तार (गुरुवार) | सहरी (शुक्रवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :23 | सुन्नी-04 :46 |
| शिया-06 :36 | शिया-04 :32 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# 30 अप्रैल से मुंबई व दिल्ली की एक और फ्लाइट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरवासियों को 30 अप्रैल से दिल्ली और मुंबई के लिए दो अतिरिक्त फ्लाइट की सुविधा मिलेगी। चकेरी एयरपोर्ट की ओर से जारी शेड्यूल में इसकी पुष्टि कर दी गई है। इस तरह 30 अप्रैल से शहर से पांच उड़ानें यात्रियों को मिलेंगी। इनमें दो दिल्ली, दो मुंबई और एक फ्लाइट बेंगलुरू की होगी।

आकाशा एयर लाइन की फ्लाइट शुरू करने के लिए हाल ही में चकेरी स्थित टर्मिनल का सर्वे किया गया था। इसके बाद मुंबई और दिल्ली के लिए विमान सेवा दो अप्रैल से शुरू की जानी थी। अब विमान सेवा संचालन ती तिथि को आगे बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दिया गया है। वर्तमान में एयरपोर्ट से सिर्फ तीन फ्लाइट दिल्ली, मुंबई और बेंगलूरू के लिए उड़ान भरती हैं।

- चकेरी एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जारी किया शेड्यूल
- आकाशा एयर लाइन की सेवा होगी शहर से शुरू
- पहले दो अप्रैल से शुरू होनी थीं दोनों विमान सेवा

### कोलकाता, हैदराबाद व अहमदाबाद के लिए भी शुरू की जाए विमान सेवा

- शहर के उद्यमियों ने मुंबई और दिल्ली के लिए नई फ्लाइट का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे शहर के लोगों को समय का विकल्प मिल गया है। उद्यमियों की ओर से दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त फ्लाइट की लंबे समय से मांग की जा रही थी। इसके लिए मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने भी प्रयास किए थे। उद्यमियों का कहना है कि दिल्ली के लिए फ्लाइट बढ़ने से वहां से देश-विदेश के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट मिल सकती हैं। उद्यमियों ने कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और सूरत जैसे शहरों के लिए भी उड़ान शुरू किए जाने की भी जरूरत बताई है।

### नाइट लैंडिंग सुविधा जल्द शुरू किए जाने की भी उठी मांग

- शहर से रात में विमानों के उड़ान भरने और उतरने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए भी उद्यमी काफी समय से मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि विमानों की नाइट लैंडिंग भी एयरपोर्ट पर जल्द ही शुरू की जानी चाहिए। इससे लोगों को दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट पकड़ने में आसानी हो सकेगी।




### मुंबई की नई फ्लाइट पूर्वाह्न 11.30 बजे, दिल्ली का विमान 4.30 बजे

- दिल्ली और मुंबई के नई फ्लाइट 30 अप्रैल से सुबह व शाम को मिल सकेंगी। इनमें फ्लाइट संख्या क्यूपी 1914 सुबह 11 बजे चकेरी एयरपोर्ट आकर आधे घंटे बाद यात्रियों को लेकर वापस मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। इसी तरह दिल्ली के लिए फ्लाइट संख्या क्यूपी 1882 शाम चार बजे एयरपोर्ट आएगी और आधे घंटे बाद उड़ान भरेगी। मुंबई के लिए शहर से 186 यात्री जबकि दिल्ली के लिए 197 यात्री सफर कर सकेंगे।



शहर से विमान सेवा का विस्तार होने से देश की आर्थिक राजधानी से कानपुर बेहतर तरह से जुड़ गया है। अब शहर से सूरत, कोयंबटूर जैसे शहर को भी जुड़ना चाहिए। इससे वहां के आसपास के पांच सौ किलोमीटर तक के कारोबार का शहर को लाभ मिल सकेगा।

– बलराम नरूला, चेयरमैन, टेक्सटाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, यूपी चैप्टर



फ्लाइट सुविधा बढ़ने से शहर के कारोबार को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। अब जरूरत है कि कोलकाता और दक्षिण भारत के शहरों को भी जल्द ही विमान सेवा की सुविधा से जोड़ा जाए। इससे शहर पूरे देश से जुड़ सकेगा।

आकाश गोयनका, निदेशक, शुभम गोल्डी मसाले



एयरपोर्ट पर अभी फ्लाइट के समय बेहतर न होने से लखनऊ की ओर रुख करना पड़ता था। वहां से हर समय फ्लाइट मौजूद थी। अब दिल्ली और मुंबई की दो फ्लाइट मिलेंगी। इससे हम लोगों का समय बच सकेगा।

– ममता शुक्ला उद्यमी



दिल्ली और मंबई के लिए उड़ान सेवा बढ़ने से निश्चित रूप से शहर के हर क्षेत्र को लाभ होगा। खासतौर पर उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। दोनों ही शहर के लिए अतिरिक्त फ्लाइट मिलने से अब लोगों को समय का विकल्प भी मिल सकेगा।

अनूप केसरवानी, एमडी, भोला इंडिस मसाले

## एक नजर

### राजर्षि टंडन मुक्त विवि में बीएड में प्रवेश के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा के आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश को अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बारे में क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र कानपुर की समन्वयक डॉ. रेखा त्रिपाठी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित है। 10 मई तक विलंब शुल्क संग आवेदन कर सकेंगे। 11 से 15 मई के बीच अभ्यर्थियों को आवेदन में संशोधन का मौका मिलेगा। बीएड विशिष्ट शिक्षा में स्पेशल छात्रों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### बैंक के पास चबूतरे में मिला युवक का शव

**कानपुर।** बर्रा थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि बर्रा दो बैंक आफ बड़ौदा के पास चबूतरे पर एक युवक का शव मिला। पास में एक ई-रिक्शा भी खड़ा था। उसके पास दवाएं थी। डाक्टर से संपर्क करने पर पता चला कि हृदय रोग की दवाएं हैं। युवक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नगर निगम गेस्ट हाउस में फूलों की होली समारोह आज

कानपुर। नगर निगम गेस्ट हाउस में गुरुवार को फूलों की होली समारोह का आयोजन किया जायेगा। महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि शाम 5 बजे से यह आयोजन होगा। जिसकी तैयारी हो गई है।

# 40 रुपये तक महंगा होगा बारा टोल से सफर

## 31 मार्च की आधी रात से प्रभावी होंगी टोल टैक्स की बढ़ी दरें

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारा टोल से होकर हाइवे पर सफर करने वालों को 31 मार्च की आधी रात से बढ़ने वाले टोल टैक्स से तगड़ा झटका लग सकता है। टोल से एक दिन में आवागमन करने वालों को दोनों तरफ से पांच रुपये से लेकर 40 रुपये तक अतिरिक्त देने होंगे। एनएचएआई द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने के बाद टोल प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

अकबरपुर क्षेत्र के बारा गांव के पास स्थित चकेरी-इटावा टोल प्लाजा से निकलने वाले वाहनों के टैक्स में इजाफा किया गया है। टोल से एक तरफ की यात्रा करने वाले वाहनों के लिए कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 40 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। बता दें कि अभी तक बारा टोल से एक तरफ की यात्रा के लिए कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहनों को 175 टोल अदा करना होता है, लेकिन 31 मार्च की रात बारह बजे के बाद संशोधित दरें लागू होने पर छोटे वाहनों को एक तरफ यात्रा के लिए 180 रुपये चुकाने होंगे।



बारा टोल प्लाजा। अमृत विचार

### लोकल मासिक पास के भी बढ़े 10 रुपये

अकबरपुर टोल प्लाजा से बीस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले वाहनों के लिए लोकल मंथली पास बनाए जाते हैं। इसके लिए वाहन स्वामियों को 330 रुपये प्रतिमाह देने पड़ रहे थे, लेकिन अब पास की दरों में भी दस रुपये का इजाफा किया गया है।

'बारा टोल से वाहनों के आवागमन पर टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है, जो आगामी 31 मार्च की रात 12 :01 बजे से प्रभावी हो जाएंगी। इसकी तैयारियां की जा रही हैं।'

–मनोज शर्मा (डीजीएम बारा टोल प्लाजा)

जबकि मासिक पास 5790 रुपये के स्थान पर 5935 रुपये देने होंगे। इसी तरह एलसीवी से एक तरफ के सफर के लिए 270 रुपये की जगह 280 रुपये, दोनों तरफ की यात्रा पर 410 रुपये के स्थान पर 420 रुपये तथा मासिक पास के लिए 9070 के स्थान पर 9300 रुपये देने होंगे। बस व ट्रक को एक तरफ के लिए 550 रुपये के बजाय 570 रुपये चुकाने होंगे। वापसी के लिए 835 के स्थान पर 855 रुपये टैक्स देना होगा।

वहीं मासिक पास के लिए 18530 रुपये के बजाय 19005 रुपये चुकाने होंगे। वहीं थ्री एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 625 रुपये, दोनों तरफ को 935 रुपये व मंथली पास 20770 रुपये देने होंगे।

चार से छह एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 875 रुपये, दोनों तरफ के 1315 रुपये व मंथली पास के 29225 रुपये तथा ओवरसाइज वाहनों को एक तरफ के लिए 1110 रुपये, दोनों के लिए 1665 व मंथली पास 37050 रुपये देने होंगे। सभी बढ़ी दरें आगामी 31 मार्च की रात 12 बारह बजे से प्रभावी हो जाएंगी।

### पहले ही इस टोल पर सबसे ज्यादा टैक्स



बारा टोल प्लाजा को प्रदेश का सबसे महंगा टोल बताया जाता है। ऐसे में और टैक्स की बढ़ोतरी से वाहन स्वामियों पर और बोझ बढ़ेगा। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

–प्रियंक दीक्षित (आचार्य)



टोल बढ़ने का सबसे अधिक प्रभाव कम दूरी यात्रा करने वालों को होगा। यह समस्या पूर्व से चली आ रही है। अब और टोल टैक्स बढ़ाने से वाहन स्वामियों को काफी दिक्कत आएगी।

–सर्वेंद्र यादव (अधिवक्ता)



वाहन स्वामी पहले से ही पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों से परेशान हैं। ऐसे में टोल टैक्स बढ़ाने से हाइवे पर खुद के वाहन से चलना मुश्किल होगा।

–अजय गुप्ता (वरिष्ठ लेखाकार कृषि विभाग)



टोल बढ़ाने पर यात्री वाहन अपने किराए में भी बढ़ोतरी करेंगे। जिसका सीधा बोझ आम जनता पर पड़ेगा। जबकि लोग पहले से महंगाई से परेशान चल रहे हैं।

–डॉ. आदित्य सचान (डिप्टी सीएमओ)



गर्मी बढ़ी, धूप से बचाव के दिन आए। अमृत विचार

# कूलर- एसी हो गए ऑन 34 डिग्री पहुंचा तापमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को शहरवासियों को तेज धूप और गर्मी ने परेशान कर दिया, तो मौसम विभाग ने सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया। अधिकतम पारा 34.8 डिगी सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमानम में भी उछाल आया और पारा 17.4 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गया। मौसम वैज्ञानिकों ने 31 को शहर में हल्की बारिश की भी संभावना जताई है।

सुबह से ही निकली तेज धूप से सबसे अधिक परेशानी मॉर्निंग वॉकर को हुई। दोपहर को घरों से निकले लोगों को गर्मी और पसीने ने बेहाल किया। माना जा रहा है कि अगले दो दिन गर्मी और बढ़ेगी। इसके बाद राहत की बात यह है कि बारिश होने की संभावना है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिकों ने अचानक तेज गर्मी की वजह पश्चिमी विक्षोभ का मध्य स्थिति पर होना और पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में उपस्थित होना बताया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार तक हल्के से मध्यम बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। 31 को शहर में मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# इरफान के खिलाफ आज आ सकता फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आगजनी मामले में गुरुवार को फैसला आ सकता है। ऐसे में कचहरी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने शहर के संवदेनशील स्थानों को चिह्नित करके वहां भी सुरक्षा कड़ी कर दी है।

एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने फैसले की तारीख 28 मार्च नियत की थी। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में स्थित एक प्लॉट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में सात नवंबर 2022 को आग लग गई थी। मामले में विधायक इरफान, उनके भाई रिजवान, मो. शरीफ, शौकत अली व इजराइल आटे वाला के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई चल रही है। इरफान के अलावा रिजवान, शौकत अली व इसराइल आटे वाला कानपुर जेल में ही बंद हैं। जबकि जमानत मिलने के बाद मोहम्मद शरीफ की जेल से रिहाई हो चुकी है।



विधायक इरफान सोलंकी। अमृत विचार

- कचहरी में तीन सौ से अधिक पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात
- इरफान समेत अन्य आरोपियों की अदालत में होगी पेशी

अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस एक मार्च को पूरी हो गई थी। इसके बाद कोर्ट ने फैसले के लिए 14 मार्च की तारीख नियत की थी। 14 को शरीफ और शौकत को नई जमानतें दाखिल करने के लिए समय दिया गया था और 19 मार्च को न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण फैसला टल गया था और 22 मार्च की तारीख फैसले के लिए नियत की गई थी। डीजीसी दिलीप अवस्थी व अधिवक्ता प्राची श्रीवास्तव ने बताया कि नियम के तहत बहस पूरी होने के बाद 14 दिन के अंदर फैसला सुनाना होता है। एक मार्च को बहस पूरी हो गई थी और 19 मार्च को न्यायाधीश छुट्टी पर थे, जिसके कारण दोबारा बहस नहीं हो सकी थी।

### बिना चेकिंग कोई भी अदालत में प्रवेश नहीं कर पाएगा

- बिना चेकिंग किसी को भी अदालत परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। सुरक्षा तैयारियों को जायजा लेने के लिए डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह सोमवार को अदालत परिसर पहुंचे। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर चमनगंज, बेकनगंज, तलाकमहल, बाबूपुरवा, चकेरी, जाजमऊ के संवेदनशील स्थलों के अलावा सपा विधायक के आवास के आसपास भी 400 से ज्यादा पुलिस बल लगाया गया है।

शुक्रवार को कोर्ट में दोनों पक्षों को दोबारा बहस के लिए कहा गया और संक्षिप्त बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले के लिए 28 मार्च की तारीख नियत कर दी थी। 28 मार्च को इरफान समेत सभी आरोपियों को जेल से तलब कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी अदालत में तलब होंगे और फैसला सुनाया जा सकता है। इसे देखते हुए कचहरी में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कचहरी में दो एडीसीपी, तीन एसीपी, आठ इंस्पेक्टर, 30 सब इंस्पेक्टर, 170 आरक्षी और चार क्यूआरटी सहित 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। एक कंपनी पीएसी भी मौजूद रहेगी।

## होली के बाद लौटने वालों के लिए विशेष ट्रेन

**कानपुर।** त्योहारों के बाद घर वापसी की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। रेलवे की ओर से बिहार से दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेनें सिंगल फेरा चलाने का फैसला किया है। ये ट्रेनें गया, पटना, सहरसा और राजगीर स्टेशनों से चलकर कानपुर होते हुए दिल्ली जाएंगी। त्योहारों पर चलने वाली विशेष ट्रेनों में राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली होली स्पेशल ट्रेन (04049) 28 मार्च को 20.00 बजे चलकर दानापुर आरा होते हुए दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल सुबह 9 बजे आएगी। पांच मिनट बाद चलकर उसी दिन नई दिल्ली 16:00 बजे पहुंचाएगी। वहीं, गया में नई दिल्ली होली स्पेशल ट्रेन (04053) 28 मार्च को 14. 15 बजे चलकर कानपुर सेंट्रल पर उसी दिन 22.40 बजे आएगी।

# छात्र नेता की हत्या में गनर को उम्रकैद

**2002 में हुई थी घटना**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डीबीएस कॉलेज के छात्र नेता की हत्या के मामले में गुरुवार को एडीजे प्रथम की कोर्ट में सुनवाई के बाद आरोपी गनर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। तीन आरोपी बरी कर दिए गए हैं। वर्ष 2002 में छात्र संघ चुनाव के दौरान डीबीएस कॉलेज में अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशियों के बर्रा दो सब्जी मंडी में जुलूस आमने-सामने टकरा गए थे। गोली लगने से छात्र नेता की मौत हो गई थी।

भाजपा के पूर्व कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर व भाजपा नेता, अधिवक्ता मनोज सिंह वर्ष 2002 में डीबीएस कॉलेज से छात्रसंघ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे थे। 26 अगस्त 2002 को चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों छात्रों की भीड़ वाला जुलूस बर्रा दो सब्जी मंडी में आमने-सामने आ गया था। इस दौरान दोनों ओर से झगड़े के बाद संदीप ठाकुर गुट की ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी, जिसमें दबौली निवासी छात्र नेता टोनी यादव के सिर पर गोली लगी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

- वर्ष 2002 में डीबीएस कॉलेज के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के दो गुट आए थे आमने-सामने
- अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज सिंह के समर्थक की गोली लगने से बर्रा सब्जी मंडी में हो गई थी मौत
- भाजपा नेता संदीप ठाकुर, संजीव ठाकुर और जंग बहादुर सिंह अदालत से कर दिए गए बरी

मामले में मृतक टोनी के भाई संदीप यादव ने बर्रा थाने में संदीप ठाकुर, उनके भाई संजीव ठाकुर, पिता जंग बहादुर सिंह और गनर सत्यप्रकाश द्विवेदी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला एडीजे प्रथम राजेश चौधरी की कोर्ट में विचाराधीन था। मामले में 22 साल बाद गुरुवार को सुनवाई के दौरान आरोपी संदीप ठाकुर, संजीव ठाकुर व जंग बहादुर सिंह को बरी करार दिया गया।

वहीं मामले में अन्य आरोपी सत्य प्रकाश द्विवेदी को कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि छात्र नेता टोनी यादव की हत्या के बाद आक्रोशित छात्र नेताओं ने शहर में जमकर आगजनी और बवाल किया था। इस दौरान थाना तत्कालीन बर्रा एसओ देवेंद्र मिश्रा को निलंबित कर दिया गया था। छात्रों ने प्रदेश व्यापारी आंदोलन किया था। नेता शिव कुमार बेरिया ने मामले को विधानसभा में उठाया था। इसके बाद मामले में आरोपियों पर रासुका की कार्रवाई की गई थी।

**बहुत पुरानी हस्ती हमारी** | मर्चेंट चेम्बर के सर पदमपत सिंघानिया सभागार में शहर का 221 वां स्थापना दिवस मनाया गया

# 400 ईसा पूर्व की कच्ची ईंटों का प्रयोग कानपुर परिक्षेत्र में मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश और कानपुर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सर पदमपत सिंघानिया सभागार में कानपुर शहर का 221वां स्थापना दिवस मनाया गया। कानपुर पंचायत की ओर से निर्मित वृत्तचित्र 'कानपुर पग-पग निशा तेरे' के प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वृत्तचित्र के जरिये कानपुर के पुरातात्विक, ऐतिहासिक, दर्शनीय और कानपुर के उद्योगों, बाजारों का आकर्षक फिल्मांकन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ डॉ. इंद्र मोहन रोहतगी, डॉ. विनय पाठक, विमल झाझरिया, सुदीप गोयनका, चैम्बर के सचिव महेंद्र नाथ मोदी, धरम प्रकाश ने दीप प्रज्जवलन से किया। इतिहास वक्ता मनोज कपूर ने बताया कि कानपुर में मानव की बसावट के प्रमाण 40 हजार वर्ष पूर्व प्राप्त होते हैं। 400 ईसा वर्ष पूर्व कच्ची ईंटों का प्रयोग कानपुर परिक्षेत्र में पाया गया है। ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में छत ढकने के लिए खपरैलों का प्रयोग भी यहां रेखांकित हुआ है। वरिष्ठ पत्रकार रमेश वर्मा ने कानपुर की पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुये भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान को विस्तार से बताया। संगीत क्षेत्र में विनोद द्विवेदी, आद्योगिक क्षेत्र में तरूण गर्ग, सांस्कृतिक क्षेत्र में डॉ. सुचरिता खन्ना, आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. वन्दना पाठक, पत्रकारिता में वरिष्ठ खेल पत्रकार अनन्त शेखर मिश्रा और सामाजिक सेवा के लिये 105 नेत्र शिविर लगाने वाले बालकृष्ण ओमर को सम्मानित किया गया। रंगमंच दिवस के अवसर पर रंगकर्मी राधेश्याम दीक्षित का भी सम्मान किया गया। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित कानपुर दिवस चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमिला पांडेय, सलिल विश्नोई, डॉ. जगन्नाथ गुप्ता, टीकम चंद सेठिया, गुलशन धूपर, डॉ. अवध दुबे, शेष नारायण त्रिवेदी, डॉ. अंकित गुप्ता, रतन राठौर आदि रहे।




कानपुर 'पग- पग निशा तेरे' का प्रदर्शन करते कुलपति प्रो. विनय पाठक व अन्य अतिथि। अमृत विचार

- ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में घरों की छत ढकने के लिए खपरैल का प्रयोग किए जाने के प्रमाण
- वृत्तचित्र के जरिए कानपुर के पुरातात्विक और ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया गया

# सेंट्रल पर वॉटर मशीन शुरू

**कानपुर।** गर्मियों के चलते सेंट्रल पर वॉटल मशीन का संचालन शुरू कर दिया गया है। रेल शिड्यूल के चलते इसे 16 अप्रैल को शुरू किया जाना था। गर्मियों और सेंट्रल पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए रेलवे अधिकारियों ने इसे तय समय से पहले शुरू करने की पहल की है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सभी प्लेटफॉर्म पर मशीनों को शुरू कर दिया गया है। मशीन से यात्रियों को निशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। बताया गया कि रेलवे की ओर से पिछले दस सालों में ऐसा पहली बार हुआ है जब तय समय से पहले ही सेंट्रल पर वॉटर मशीन का संचालन शुरू हुआ है।

### नशेबाजों ने हमला बोला

**कानपुर।** जूही लाल कालोनी निवासी पुष्पलता अवस्थी ने पुलिस को बताया कि घर के पीछे कुछ लोग नशेबाजी कर जुआ खेल रहे थे। इस दौरान वे गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर उन लोगों ने घर में घुसकर पीटा। थाने में शिकायत कर लौटने पर दोबारा रजनीश, रोहित, रामकिशोर, समेत 28-29 लोगों ने हमला कर परिवार को पीटा। पीड़िता ने आरोपियों पर किदवई नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आदर्श पाल निवासी भीसी जरगांव थाना सचेंडी व रवि सिंह निवासी परदेवनपुरवा लालबंगला थाना चकेरी है। पुलिस को दोनों के पास से मोबाइल, मोटरसाइकिल, तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आदर्श पर तीन और रवि पर दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों को ए-टू जेड बाउंड्रीवाल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### फैक्ट्री में मृत मिला कर्मचारी, हड़कंप

**कानपुर।** हमीरपुर के थाना राठ के गांव करगवां निवासी 50 वर्षीय सुधीर सिंह पाल पनकी थानाक्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे। परिजनों के अनुसार वह काफी समय से अपनी पत्नी छाया और बच्चों साक्षी और गोपाल के साथ फैक्ट्री में रहते थे। उनके चाचा रमेश चंद्र ने आरोप लगाया कि मंगलवार रात में वह सो गए थे। तभी बुधवार को वह फैक्ट्री में मृत मिले। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने कुछ खिलाकर अनहोनी की उनके साथ अनहोनी की आशंका जाहिर की है।

# हुड़दंगियों ने तार-तार कर दी खाकी की तैयारी

## होली को लेकर पुलिस महकमे के शांति और सुरक्षा के अभियान नहीं साबित हुए कारगर और धारदार

**लापरवाही**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने जो तैयारियां की थीं, हुड़दंगियों ने दो दिनों में उनकी धज्जियां उड़ाकर रख दीं। होली की मस्ती में मर्यादा तार-तार हुई। कहीं छेड़छाड़ की वारदातें तो कहीं मारपीट और पथराव हुआ। पिछले दो दिन में विभिन्न थानों में 504 मामले दर्ज किए गए हैं। आम दिनों में एक दिन में बमुश्किल 100 मामले दर्ज हो पाते हैं। कुल मिलाकर हुड़दंगियों ने पुलिस की सारी तैयारी तार-तार कर दी।

कमिश्नरेट का सेंट्रल जोन सबसे शांत रहा। हालांकि इस जोन का कुछ इलाका मिश्रित आबादी का है, इसकी वजह से यहां अतिरिक्त पुलिस बल के साथ महिला सीआरपीएफ और सीआरपीएफ की कंपनी लगाई गई थी। वहीं क्यूआरटी और थाने की पुलिस की सक्रियता भी रही, जिसकी वजह से पूरे सेंट्रल जोन में कुल 87 मामले दर्ज किए गए, जबकि ये वही इलाका है, जहां खराब गाड़ी चलाने की बहुत शिकायतें आती थीं।

वहीं सबसे ज्यादा शिकायतों वाले जोन की बात की जाए तो साउथ जोन आगे रहा। यहां के अतिसंवेदनशील चार थानों में केवल 94 मामले दो दिनों में दर्ज किए गए, जबकि पूरे जोन में 166 मामले दर्ज किए गए। तीसरे नंबर पर पूर्वी जोन रहा जहां 145 मामले दर्ज किए गए।



**गंगामेला पर रात से ही शुरू होगी सख्ती**

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि शहर में 30 को गंगा मेला का आयोजन है। इसे देखते हुए शहर में और हाईवे पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। 12 घंटे पहले से पुलिस सड़क पर होगी और सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए जाएंगे। गंगा के घाटों पर जल पुलिस की तैनाती के साथ गोताखोर और पीएसी के तैराक भी तैनात किए जाएंगे।

- छेड़छाड़, अश्लीलता मारपीट और पथराव की घटनाओं ने बदरंग किया मजा

**सबसे ज्यादा ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले आए सामने**

- दो दिन में यातायात पुलिस ने भी खराब ड्राइविंग, ड्रिंक एंड ड्राइव और बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों से दो लाख 52 हजार रुपये वसूले। सबसे ज्यादा ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले सामने आए। दूसरे नंबर पर खराब ड्राइविंग, तीसरे नंबर पर बिना हेलमेट और चौथे नंबर पर बिना नंबर की बाइक चलाने के मामले रहे। इस दौरान कार के सीट बेल्ट चालान का एक भी मामला सामने नहीं आया। कुल 22 दो पहिया वाहन, नौ कार और 10 भारी वाहन सीज किए गए हैं। 19 ई रिक्शा सीज किए गए हैं वहीं 13 ऑटो का चालान भी किया गया।

**कितनी आईं शिकायतें**

| | |
|---|---|
| छेड़छाड़ | 24 |
| शराब | 49 |
| मारपीट | 103 |
| अश्लीलता | 156 |
| आपसी विवाद | 29 |
| शांति भंग | 31 |
| आर्म्स एक्ट | 39 |
| शराब पीकर हंगामा | 63 |
| लूटपाट | 10 |

**थानों में आईं शिकायतें**

| | |
|---|---|
| सेंट्रल जोन | 87 |
| पूर्वी जोन | 106 |
| पश्चिम जोन | 145 |
| दक्षिण जोन | 166 |

# छात्रा की फर्जी इंस्टा आईडी बनाने में चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सातवीं की छात्रा की फोटो लगाकर पड़ोसी किशोरी ने सहेलियों के साथ अंजाम दी करतूत
- अज्ञात लड़कों से चैट कर स्कूल के समय मिलने को कहा, बातचीत के दबाव पर खुला मामला

**अमृत विचार।** किदवईनगर थानाक्षेत्र में रहने वाली सातवीं की छात्रा की फोटो लगाकर पड़ोसी किशोरी ने सहेलियों के साथ मिलकर फर्जी इंस्टा आईडी बना दी। इसके बाद अज्ञात लड़कों से चैटिंग कर स्कूल के समय मिलने के लिए कहा। छात्रा के स्कूल आते-जाते समय लड़के बात करने का दबाव बनाने लगे तो उसने पूरी घटना परिजनों को बयां की। परिजनों ने एक लड़के को पकड़ा तो उसने चैटिंग दिखाई। जिसके बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन किशोरियों समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है।

किदवईनगर निवासी फार्मा कंपनी के कर्मचारी की बेटी इलाके के एक स्कूल में सातवीं की छात्रा है। पड़ोस में रहने वाली किशोरी भी उसी स्कूल में पढ़ती है। छात्रा की मां ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों से बेटी को स्कूल आते-जाते समय कुछ लड़के परेशान कर रहे थे। बेटी ने घर में बात बताई तो इस पर एक लड़के को पकड़ा गया। लड़के ने बताया कि उनकी इंस्टाग्राम पर चैटिंग हुई है। इसलिए वह मिलने आया था। देखने पर पता चला कि बेटी के नाम से फर्जी एकाउंट बनाया गया है। आसपास पूछताछ की गई तो पता चला कि उसी स्कूल में आठवीं में पढ़ने वाली पड़ोसी किशोरी ने दो अन्य सहेलियों के साथ मिलकर बेटी के नाम से फर्जी इंस्टा ग्राम एकाउंट बनाया है। बेटी को बदनाम करने के लिए एकाउंट से लड़कों से बातचीत करती है। आरोप है कि जब किशोरियों के परिजनों से शिकायत की गई तो उन्होंने मुंह बंद रखने को कहा। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी।

# नशे में धुत सिपाही ने कार से स्कूटी सवार छात्र को मारी टक्कर, घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित पक्ष ने कैंट थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कैंट थानाक्षेत्र में नशे में धुत कार सवार सिपाही ने स्कूटी सवार भाइयों को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी में पीछे बैठा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पीड़ित पक्ष की ओर से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हीरामनपुरवा निवासी शाह आलम ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की देर शाम वह घर से अपनी स्कूटी में 16 वर्षीय भाई इकराम को लेकर जाजमऊ स्थित अपने होटल ताज दरबार जा रहा था। इस दौरान देर शाम को वह कटहरीबाग से आगे बढ़े तो सामने से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी में पीछे बैठा भाई इकराम गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी राहगीरों की मदद से कर सवार को पकड़ लिया गया। जो पुलिस की वर्दी में और काफी नशे की हालत में था। मौके पर पहुंची पुलिस उसे लेकर कैंट थाने पहुंची। जहां उसने खुद को उन्नाव के एक थाने में तैनात बताया। इसके बाद भाई के उपचार के खर्च उठाने पर सहमति बनीं। इस दौरान उन्नाव से ही आरोपी के पक्ष में एक दरोगा भी पहुंचा। उन्होंने अस्पताल अस्पताल चलकर पूरे खर्च पूछने की बाद कही। इसके बाद पीड़ित परिवार के लोग आगे आगे अस्पताल पहुंचे गए। लेकिन, घंटों इंतजार के बाद भी वह दोनों नहीं पहुंचे। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने कैंट थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि तहरीर के आधार मामला दर्ज कर कार को सीज कर कार्रवाई की जा रही है।



घायल इकराम। अमृत विचार

# नशेबाजों ने युवक का गला दबाया, रस्सी से बांधकर घसीटा

**कानपुर।** बिल्हौर थानाक्षेत्र में बुधवार शाम छोटी बाजार में दो नशेबाजों ने एक युवक को बुरी तरह लातों से मारकर उसका गला दबाया और रस्सी से पैर बांधकर घसीटा। इस दौरान आसपास खड़े लोक मूकदर्शक बनकर उसका वीडियो बनाते रहे। किसी ने भी उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। हालांकि, आपका अपना अखबार अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। घटना को लेकर एक मिनट नौ सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में युवक को जमीन पर पटककर लातों से मारा जा रहा है। एक नशेबाज उस पर साइकिल चोरी करने का आरोप लगाकर गला दबा रहा है तो दूसरा रस्सी से पैर बांधकर घसीट रहा है।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हाथों में तख्तियां लेकर परिजन पहुंचे पुलिस कमिश्नर के दफ्तर
- आरोप लगाया, दो लोगों की जलाकर हत्या दो लोग नहीं कर सकते
- फरार आरोपी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे और धमका रहे

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के कसिगवां में मौसेरे भाइयों की पेट्रोल डालकर जलाकर हत्या करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को मृतकों के परिजन आधा सैकड़ा ग्रामीणों के साथ हाथों में तख्तियां लेकर पुलिस कमिश्नर ऑफिस प्रदर्शन करने पहुंचे। उन लोगों की मांग थी कि दो लोगों की जलाकर हत्या दो लोगों के वश की बात नहीं है। इसमें और भी लोग शामिल हैं। पुलिस सभी हत्यारोपियों को पकड़कर जेल भेजे। उन लोगों का कहना था कि पुलिस की जांच में हत्या साबित होने पर आरोपी पिता-पुत्र को जेल भेज दिया गया। लेकिन फरार आरोपी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं और धमका रहे हैं।

बुधवार को पुलिस ऑफिस पहुंचे मौसेरे भाइयों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि मृतको की हत्या में कई और लोग भी शामिल थे। लेकिन पुलिस ने केवल दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा है। अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने नाम दर्ज होने के बाद कोई भी कार्रवाई नहीं की है। पुलिस ऑफिस तकरीबन गांव के करीब 50 लोग पहुंचे थे। सभी की ये मांग थी कि मृतक राज और अनिल को जलाकर हत्या करने वाले अन्य आरोपी को थाना सेन पश्चिम पारा पुलिस बचा रही है। सभी आरोपियों को फांसी होनी चाहिए। परिजनों ने बताया कि इस घटना में करीब आठ से दस लोग शामिल थे. लेकिन पुलिस ने अनिल उर्फ सुनील और राज उर्फ छोटू की हत्या में शामिल बदलू और उसके बेटे विनोद को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

जबकि परिवार के लोग भी इस जघन्य हत्याकांड में शामिल थे. मृतक की बुआ ने आरोप लगाया है कि इसमें महिलाएं भी शामिल थी, उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए। कहा कि अगर जल्द पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



पुलिस ऑफिस में हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण।

## एक बार फिर से...स्वच्छता अभियान की जरूरत...




स्वच्छता जागरुकता अभियान की सच्चाई का आईना दिखाता कर्नलगंज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पेंटिंग के सामने लगा कूड़े का ढेर दीवार पर लिखा स्लोगन एक बार फिर से स्वच्छता जागरुकता अभियान की जरूरत को प्रदर्शित कर रहा है। इन्ही कारणों से स्वच्छता रैंकिंग में कानपुर पिछड़ जाता है और जनप्रतिनिधि व सरकारी अधिकारी स्वयं अपने कार्य के लिए अपनी अपनी पीठ थपथपा लेते हैं। फोटो- मनोज तिवारी

# आढ़ती के परिवार को पीटकर लूटी चेन, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नेहरू नगर में कार हटाने को लेकर हुआ विवाद

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में दरवाजे पर कार खड़ी करने का विरोध करने पर दंबगों ने आढ़ती उसके अधिवक्ता बेटे और पत्नी को जमकर मारापीटा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने महिला की चेन भी लूट ली। घटना के दौरान शोर सुनकर इलाके के लोग दौड़े तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत दो दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नेहरू नगर निवासी अनिल अवस्थी ने पुलिस को बताया कि बिल्हौर में उनकी गल्ला आढ़त है। परिवार में पत्नी कंचन और अधिवक्ता बेटा आयुष है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को इलाके में रहने वाले अजय यादव ने उनके घर के सामने कार खड़ी कर दी, जिससे आने-जाने का रास्ता तक बंद हो गया। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो अजय ने अपने दो दर्जन साथियों के साथ हमला कर दिया। उन्हें और बेटे आयुष को पीटना शुरू कर दिया शोर सुनकर पत्नी कंचन बेटे को बचाने दौड़ी तो उन्हें भी पीटा और चेन लूट ली। इलाके के लोग दौड़े तो हमलावर धमकाते हुए भाग निकले। पीड़ित ने कई बार डायल-112 पर काल की लेकिन फोन नहीं उठा। किसी तरह सीयूजी नंबर पर जानकारी दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल के लिए हैलट अस्पताल भेजा।

# छात्र ने फांसी लगाकर चुनी मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिल्ली में रहकर कर रहा था प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी
- होली का त्योहार मनाने के लिए आया था घर पर

**अमृत विचार।** दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने सुबह जब फांसी के फंदे पर लटकता शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना के साकक्ष्य एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला गुजैनी थानाक्षेत्र का है।

गुजैनी नई बस्ती के रहने वाले प्राइवेट कर्मी अजय कुमार के 24 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार दिल्ली में रहकर सीए आदि की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पिता ने बताया कि वह होली त्योहार पर ही घर आया था। उसने किसी प्रकार का कोई जिक्र नहीं किया। न ही विशाल जरा सा परेशान दिखा। बताया कि मंगलवार को वह लोग खाना पीना खाकर सो गए थे। इसी दौरान रात देर रात बेटे ने अलग कमरे में जाकर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह वह लोग उठे तो काफी देर तक विशाल कमरे से बाहर नहीं आया। जिसके बाद वह लोग उसे देखने गए तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। घटना के बाद मां उमा देवी, बड़ा बेटा अभिषेक व बहन आकांक्षा का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद फोरेंसिक ने विशाल का लेपटॉप और मोबाइल फोन चेक किया।



# कंट्रोल रूम पर ले सकेंगे मतदान की पूरी जानकारी

**कानपुर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में डीएमसीएई कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कानपुर नगर के 3614 पोलिंग स्टेशनों पर चयनित 26478 दिव्यांग मतदाताओं के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी किए जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी दिव्यांग, बुजुर्ग और अन्य सभी मतदाता, मतदान से सम्बंधित किसी प्रकार की जानकारी 1950 कंट्रोल रूम में कॉल कर ले सकेंगे।

कहा कि सभी बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधानुसार 3614 पॉलिंग स्टेशनों पर व्यवस्थाएं की जायें। इस दौरान बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में दिव्यांग मतदाताओं के संबंध में सुविधा दिये जाने के लिये सक्षम ऐप विकसित किया गया है। ऐप को सभी दिव्यांग मतदाता अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड कर लें। इसके जरिये मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने और मतदान के दिन मतदान केंद्र पर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी की जा सकती है।

**बारिश से पहले काम का दावा** वर्क आर्डर जारी होने के बाद ठेकेदारों ने शुरू कराया काम, जोन-वार नालों की सफाई

# पांच करोड़ से 224 बड़े नालों की होगी ठेके पर सफाई

कार्यालय संवादादाता, कानपुर

**224** नालों की होनी है साफ-सफाई

**182724** मीटर नाले की लंबाई

**अमृत विचार।** शहर में लोकसभा चुनाव के दौरान ही नालों की सफाई होगी। पांच करोड़ से ज्यादा के बजट से 224 बड़े नालों को ठेके पर साफ करने के लिये वर्क आर्डर पहले ही दे दिये गये हैं। अब जोनवार इनको साफ करने के लिये प्लानिंग तैयार कर ली गई है। इस बार ठेकेदारों को मई के पहले सप्ताह तक नाला सफाई का कार्य पूरा करना होगा। पहले यह कार्य जून तक भी नहीं हो पाता था।

लोकसभा चुनाव को देखते हुये नगर निगम ने इस बार समय रहते ही नाला सफाई के टेंडर कराकर वर्क आर्डर जारी कर दिये हैं। इस बार इंजीनियरिंग विभाग के 224 बड़े नालों की सफाई में पांच करोड़ 11 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि कई ठेकेदारों ने नाला सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभाग जल्द ही सीसामऊ, सीओडी नाला, टैफ्को नाला, म्योर मिल नाला की सफाई शुरू करेगा। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि इस बार समय रहते ही टेंडर हो गये हैं। बरसात से पहले ही काम करा लेंगे।

| जोन | बड़े नाले |
|---|---|
| 1 | 22 |
| 2 | 41 |
| 3 | 43 |
| 4 | 20 |
| 5 | 56 |
| 6 | 42 |



सीसामऊ नाले में जमा कूड़ा। अमृत विचार

**1209 छोटे नालों की भी होगी सफाई**

स्वास्थ्य विभाग के 1209 छोटे नालों की सफाई में दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। नगर निगम रविश प्रभारी रहमान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के नाला सफाई में कुल 88 हजार मानव बल लगेगा। जोन वार जेडएसओ की मांग पर मानव बल नाला सफाई के लिए भेजे जाएंगे।

**बरसात में यह क्षेत्र बनते हैं टापू**

गोविंद नगर चावला मार्केट से धर्मकांटा वाली सड़क, साकेत नगर किदवई नगर थाने के पास, गुजैनी, कौशलपुरी, लाजपत नगर, पांडुनगर, काकादेव, सर्वोदयनगर, रामबाग, गांधीनगर, किदवईनगर, रावतपुर, विजयनगर, शास्त्रीनगर, यशोदानगर, चमनगंज, जीटी रोड, आदि क्षेत्रों में जलभराव होता है।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



फूल-माला से लदे भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी। अमृत विचार



टिकट मिलने के बाद पहली बार आए भाजपा प्रत्याशी के स्वागत में उमड़े भाजपाई। अमृत विचार

# भाजपा ने उम्मीदवार के स्वागत में दिखाई ताकत

## टिकट मिलने के बाद कानपुर आए रमेश अवस्थी भीड़ देख हुए गदगद, बोले- लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीतेगी पार्टी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **भाजपा व संघ कार्यालय में की बैठक, पचौरी और महाना गुट रहा नदारद**

**अमृत विचार।** भाजपा के कानपुर संसदीय सीट से प्रत्याशी रमेश अवस्थी का बुधवार को सेंट्रल स्टेशन पर जोरदार स्वागत हुआ। भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने घंटाघर से रोड शो निकालकर ताकत दिखाई। रोड शो के दौरान रमेश अवस्थी ने पहले गणेश मंदिर फिर परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में माथा टेका, यहां उन्होंने महंत से आशीर्वाद भी लिया। भाजपाइयों ने जगह-जगह फूल बरसाकर प्रत्याशी का स्वागत किया। तीन घंटे के रोड शो के बाद प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने भाजपा उत्तर और संघ कार्यालय में बैठक की।

भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी दिल्ली से शताब्दी एक्सप्रेस से सुबह सवा 11 बजे सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद स्टेशन से ही रोड शो निकला जो मुरे कंपनी पुल की तरफ बढ़ा इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया।

रोड शो के लिये बने प्रचार वाहन के ऊपर रमेश अवस्थी के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, निवर्तमान सांसद देवेन्द्र सिंह भोले, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, नीलिमा कटियार, एमएलसी सलिल विश्नोई सवार थे। रोड शो में पहुंचे पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया व अन्य नेताओं को भी बीच-बीच में प्रचार वाहन पर जगह दी जाती रही। परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में दर्शन के बाद रोड शो नवीन मार्केट में उत्तर जिला पार्टी कार्यालय पर खत्म हुआ।



रोड शो के दौरान प्रत्याशी के साथ रथ पर सवार भाजपा नेता और जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

### अजय कपूर भी समर्थक लेकर आए

- हाल में ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता लेते वाले पूर्व विधायक अजय कपूर ताकत दिखाने सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा भी लगाया। अजय कपूर के साथ कई कांग्रेसी पार्षदों व नेताओं ने भी रमेश अवस्थी का स्वागत किया।

### विकसित कानपुर बनाना हमारा लक्ष्य

- भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने नवीन मार्केट भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। यहां उन्होंने कहा कि शहर सीट पर इस बार पांच लाख वोटों से जीतने का प्रयास करेंगे। शहर का हर घर हमारा परिवार है। सभी के साथ मिलकर काम करेंगे। लाल इमली बंद पड़ी है, इसको कैसे शुरू किया जा सकता है, इसका प्रयास होगा। जो योजनाएं लटकी हैं, उनको पूरा कराना हमारा लक्ष्य होगा। रमेश अवस्थी ने कहा कि जैसे प्रधानमंत्री का सपना विकसित भारत बनाना है वैसे ही हमारा सपना कानपुर को विकसित बनाना है। पूरे देश में भाजपा 400 से ज्यादा जीतने जा रही है।

# महाना और पचौरी की रोड शो से दूरी, महापौर भी नहीं पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के पहले स्वागत कार्यक्रम से सत्यदेव पचौरी और सतीश महाना दोनों गुटों ने दूरी बनाकर रखी। स्वागत कार्यक्रम में न तो सांसद सत्यदेव पचौरी पहुंचे और न ही विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में तमाम तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विधायक महेश त्रिवेदी भी स्वागत में नहीं पहुंचे, हालांकि उन्होंने अपने पुत्र शुभम त्रिवेदी को भेजा था। महापौर प्रमिला पांडेय ने भी इस रोड शो से खुद को दूर रखा। जानकारी करने पर पता चला कि वह एक दिन पहले शहर आ गई थीं लेकिन बुधवार को वह फिर शहर से बाहर चली गईं। बता दें कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने एक दिन पहले ही स्वागत में महापौर, मंत्री, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, पार्षद के अलावा प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल पदाधिकारी, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, एवं बूथ तक के कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा को पहुंचने के निर्देश दिये थे। इसके बाद भी शीर्ष नेताओं के रोड शो में नहीं पहुंचने से राजनीति गरमा गई, यहां तक कि उत्तर जिला के नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय में भी नेताओं की अनुपस्थिति पर चर्चा होती रही।

### रमेश अवस्थी समझकर बाबूराम निषाद को पहना दी गईं मालाएं

- प्रत्याशी रमेश अवस्थी के स्वागत समारोह के दौरान सेंट्रल स्टेशन पर अजब-गजब स्थिति देखने के मिली। यहां कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद को प्रत्याशी रमेश अवस्थी समझकर स्वागत कर दिया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें मालाएं पहनाने के साथ ही रमेश अवस्थी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस पर हंसते हुये जब बाबूराम निषाद ने कहा कि भैया, रमेश अवस्थी जी ट्रेन के अंदर हैं, तब जाकर कार्यकर्ता समझे कि उनसे प्रत्याशी को पहचानने में गलती हो गई है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस दौरान एक फोटो भी सामने आई जिसमें रमेश अवस्थी और बाबूराम निषाद एक ही तरह के परिधान पहने हुये दिखे, इसकी वजह से भी कार्यकर्ता असमंजस की स्थिति में रहे। इस प्रकरण पर रमेश अवस्थी ने कहा कि बाबूराम कानपुर के प्रभारी रहे हैं वह राज्यसभा सदस्य भी हैं। उन्हें दिल्ली से मेरे साथ भेजा गया था। कानपुर के लोग उनसे पहले से परिचित हैं, वह ट्रेन से पहले उतरे तो उनका कार्यकर्ताओं ने पहले स्वागत कर दिया।

### अनुसूचित मोर्चे के नेताओं ने किया स्वागत

- **कानपुर।** लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी देर शाम केशव भवन स्थित संघ कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह पहुंचे। इससे पहले अफीम कोठी चौराहे पर भाजपा अनुसूचित मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। यहां स्वागत करने वालों में किशन लाल सुदर्शन, धीरज वाल्मीकि, संजीत कुमार, रोहित बिहार समेत सैकड़ो अनुसूचित वर्ग के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के साथ कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी व कानपुर उत्तर के मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई श्याम रहे।

## एक नजर

### सेंट्रल स्टेशन पर मुस्तैद रहा फोर्स

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने लोकसभा के प्रत्याशी के आगमन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसीपी चकेरी दिलीप सिंह, प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक कुमार दुबे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संतोष शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक रेलबाजार विजय दर्शन शर्मा व प्रभारी निरीक्षक छावनी कमलेश राय मय फोर्स के मौजूद रहे। ड्यूटी में लगे पुलिसबल व अन्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### तीन माह के लिए दो अपराधी जिला बदर

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दो शातिर अपराधियों को तीन माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की है। आरोपियों में श्रवण कुमार उर्फ सरमन और निखिल निवासी भारतपुरवा थाना बिठूर है। दोनों शातिरों का आपराधिक इतिहास है। आरोपी चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं, इस कारण दोनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि अपराधों में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ आगामी दिनों में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# कौन जिम्मेदार: शहर 'एससीआर' बाहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) में शामिल होने से कानपुर नगर और कानपुर देहात दोनों ही जिले आउट हो गए, इसके पीछे जनप्रतिनिधियों की उदासीनता बड़ी वजह रही। इस योजना में उनके रुचि नहीं लेने और फॉलो नहीं करने की वजह से शहर के सुनियोजित विकास को तगड़ा झटका लग गया। दिल्ली एनसीआर की तरह अब यहां नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, पब्लिक ट्रांसपोर्ट की गति, शिक्षा के अलावा रोजगार के अधिक अवसरों की चाल धीमी पड़ सकती है।

दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर एससीआर बनाने के लिए लखनऊ की कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने शासन को रिपोर्ट भेजी है। कमिश्नर ने अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण से जल्द राज्य राजधानी परिक्षेत्र का नोटिफिकेशन जारी करने को कहा है। लेकिन एससीआर में पहले प्रस्तावित किए गए कानपुर और कानपुर देहात शामिल होने से बाहर हो गए हैं। एससीआर अब 27826 वर्ग किमी क्षेत्र ही कहलाएगा। पहले कानपुर, कानपुर देहात भी एससीआर में शामिल होने थे। इन दोनों को मिलाने से एससीआर क्षेत्र काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में शासन स्तर पर हुई बैठक में दोनों जिलों को अलग करने का फैसला हुआ। जिसके बाद अब लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एससीआर के लिए छह जिलों को शामिल कर अधिसूचना जारी करने का प्रस्ताव भेजा है। एससीआर में अब लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी और रायबरेली शामिल हैं।

### अब बनेंगे नए मानक

17 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास अध्यादेश को सरकार ने मंजूरी दी है। इसके बाद गठन का रास्ता साफ हो गया है। लोकसभा चुनाव के बाद एससीआर अधिसूचना जारी होने पर इनके विकास का प्रस्ताव बनेगा। एससीआर के विकास, नक्शा मंजूरी और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए नए नियम और मानक बनेंगे।

जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार ही एससीआर में जिलों को रखा गया है। कानपुर नगर का क्षेत्रफल बड़ा है। यहां का विकास महानगर के रूप में होना है। स्मार्ट सिटी इसी का रूप है। यहां पहले से ही मेट्रो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की परिकल्पना और टीओडी जोन के तहत काम किया जा रहा है। इसे महायोजना में शामिल किया गया है। शासन की मंशा के अनुरूप ही शहर का विकास लगातार हो रहा है।

**- शत्रोहन वैश्य, केडीए सचिव**

### जनता को सपना दिखाकर तोड़ दिया गया

- लखनऊ और कानपुर को मेगा सिटी के रूप में विकसित होने की संभावना के पीछे इनका राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलमार्ग के अलावा डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से भी जुड़ा होना था, लेकिन सर्वे दौरान कानपुर नगर और देहात का क्षेत्रफल ज्यादा सामने आने के बाद इन दोनों को जिलों को छोड़ दिया गया। कानपुर के सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि लोगों को सपना दिखाकर उसे तोड़ा गया है। मेरे कहे कुछ होगा नहीं जब सत्ता पक्ष के लोग की पहल नहीं करेंगे तो विकास कहां से होगा।



सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष फजल महमूद विधायक अमिताभ बाजपेई व अन्य।



श्याम नगर में सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा व क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

# सपा ने रोजगार के मुद्दे पर चढ़ाई चुनावी धार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को रोजगार का मुद्दा सपा ने शहर के चुनाव में आगे कर दिया है। पार्टी का कहना है कि बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सरकारी दफ्तरों में सात लाख से अधिक पद खाली हैं। इन पदों पर भर्ती संविदा में न करके स्थाई नौकरी दी जाए।

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद के अध्यक्ष पद पर एक साल पूरे होने के मौके पर चुनावी कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें कहा गया कि बेरोजगारी, महंगाई, अस्पतालों की दुर्दशा, मरीजों को पर्याप्त दवा न मिलना, शिक्षा जैसी प्रमुख समस्याओं पर युवा पीढ़ी को जागरूक कर व्यवस्था परिवर्तन का संदेश दिया गया है। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता से प्रत्याशी आलोक मिश्रा को जिताने के लिए संपर्क करें। सपा का युवा कार्यकर्ता मतदान के दिन ईवीएम मशीन की गल्ला मंडी से रवानगी के समय वहां जाएंगे, जहां सुरक्षा के साथ देखरेख करेंगे। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व विधायक सतीश निगम, पूर्व विधायक राम कुमार एडवोकेट, हाजी अयूब आलम, नंदलाल जायसवाल, अपर्णा जैन, राम गोपाल पूरी, नीलम रोमिला सिंह, नितेंद्र यादव, कुलदीप, कमलेश, वरुण, आनंद शुक्ला, परमवीर सिंह, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण, सुलेखा यादव, राहुल वर्मा, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, दिनेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### महिलाएं करेंगी वोट प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग

- सपा महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने कहा कि महिलाएं मतदान के दिन वोट प्रतिशत बढ़ाने में पूरा सहयोग करेंगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के 342 मतदान केंद्रों व 1607 बूथों पर डिग्री छात्र लैपटॉप पर मतदाताओं से संपर्क कर उनकी पर्ची की व्यवस्था करेंगे। इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने सपा अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए कहा कि महानगर में इस बार परिवर्तन की बयार है।

### आलोक मिश्रा ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया

- सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को श्याम नगर पहुंचे। एसएन शुक्ला, नरेश अग्रवाल, निहाल सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, डॉ.मनीष त्रिपाठी, टीके मालवीय ने स्वागत किया।



पुलिस के साथ फ्लैग मार्च करते जवान। अमृत विचार

# अफवाह फैलाई तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल्याणपुर थाना क्षेत्र आवास विकास तीन में पुलिस और भारतीय तिबब्त सीमा पुलिस फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। प्रभारी निरीक्षक कल्याणपुर कुशल पाल सिंह की अगुवाई में संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं।

साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। बुधवार को चौकी इंचार्ज शैलेंद्र गिरी के नेतृत्व में आवास विकास तीन उप निरीक्षक मनमोहन सिंह, उप निरीक्षक अवलेश कुमार यादव, सहित पुलिस व एक कंपनी भारतीय तिबब्त सीमा पुलिस के जवानों ने लोधेश्वर महादेव मंदिर से फ्लैग मार्च शुरू किया। आवास विकास तीन, महाबलीपुरम, अंबेडकर पूरम क्षेत्र से शिव मंदिर चौक तक मार्च निकाला गया।

**यादों के झरोखे से** | 1937 में विजय लक्ष्मी पंडित और उद्योगपति सर जेपी श्रीवास्तव की पत्नी लेडी कैलाश के बीच हुआ था दिलचस्प मुकाबला

# 'सिताबो खूब लड़ेंगी, गुलाबो खूब लड़ेंगी' बना हर जुबान का जुमला

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कहानी में सिताबो और गुलाबो सौतन हैं। कठपुतली नचाने वालों की कहानी में सिताबो-गुलाबो के बिना मजा ही नहीं आता। लेकिन कानपुर में ये कब चुनावी जुमले में तब्दील हो गया पता ही नहीं चला। चुनाव था 1937 में। केंद्रीय व्यवस्थापिका की कानपुर की बिल्हौर सीट पर हुए चुनाव में पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित और कानपुर के उद्योगपति सर जेपी श्रीवास्तव की पत्नी लेडी कैलाश के बीच दिलचस्प मुकाबला था। दोनों के बीच भाषणबाजी, समर्थकों में बहस-मुबाहिस से राजनीतिक माहौल गरमाया था। तभी कठपुतली प्ले का जुमला उछाला गया।



विजय लक्ष्मी पंडित और लेडी कैलाश।

साग लायी पात लायी और लायी चौरइय्या, दूनों जनीं लड़ैं लागी पात लइगा कउव्वासिताबो खूब लड़ेंगी गुलाबो खूब लड़ेंगी। इस चुनाव में विजयलक्ष्मी पंडित को गुलाबो कहा जाता था और लेडी कैलाश को सिताबो। बताते हैं कि कठपुतली कला का विकास लखनऊ में हुआ था पर इसका बेहतर प्रयोग 1957 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी हुआ बताया जाता है। यह प्रदेश की कला संस्कृति में रची-बची सिताबो-गुलाबो की रोचक कहानी है। चुनावी राजनीति में यह जुमला कानपुर से उछाला गया। सास-बहू, जेठानी-देवरानी, ननद-भौजी के छोटे-छोटे पारिवारिक झगड़े इसका कथानक हुआ करते थे।

कानपुर इतिहासकार समिति के महामंत्री इतिहासकार अनूप शुक्ला बताते हैं कि यह चुनावी मुकाबला तत्कालीन अखबार दैनिक वर्तमान में संपादक रमाशंकर अवस्थी (मनसुखा) नाम से गुलब्बो-सितब्बो की तरज पर कॉलम लिखते थे। तब जारजट की साड़ी चलती थी। जारजित की साड़ी लाई, सूरत का फीता-अजी दिल्ली की बाकड़ी में पड़ गया फजीता।। अभी तो और लड़ूंगी, अभी तो और लड़ूंगी। पूरे चुनाव भर कनपुरियों का मनोरंजन गुलाबो-सिताबो के बीच संवाद, हंसी-ठठ्ठे आम बात हो गयी थी। पूरा चुनाव मनोरंजन में बीता और विजयलक्ष्मी पंडित चुनाव जीत गयीं। बिल्हौर सीट तब उत्तर-पूर्व कहलाती थी। वह बताते हैं कि तब 228 सीटें हुआ करती थी जिनमें से 6 महिलाओ के लिए (चार सामान्य व दो मुस्लिम)। 1937 में 36,203 वोट थे। और 22,908 ने मतदान किया था। विजयलक्ष्मी पंडित को 18,908 और लेडी कैलाश को 3,995 वोट मिले थे। इसके अलावा सुशीला कपूर को तीन और रूपकुमारी आगा को दो वोट मिले थे। विजयलक्ष्मी पंडित के विषय में लोग जानते हैं पर लेडी कैलाश कानपुर की थी पर कम लोग उनके बारे में जानते होंगे।

बस्ती जिले के राय बहादुर महादेव प्रसाद की पुत्री कैलाश सिन्हा का विवाह 1901 में सर जेपी श्रीवास्तव से हुआ था। इन्हें लेडी कैलाश भी कहा जाता था। राजनीतिक और सामाजिक चेतना से भरपूर लेडी कैलाश का बहुत मान-सम्मान हुआ करता था। इतिहासकार अनूप शुक्ला कहते हैं कि 1940 में प्रकाशित कानपुर का इतिहास में लेडी कैलाश का जिक्र है। देश में पहली बार चुनाव 1937 में हुआ था। इसके लिए 1935 में ब्रिटिश संसद ने भारतीयों को प्रांतीय शासन के प्रबंध का अधिकार दिया था जिसकी वजह से भारत में चुनाव कराए गए थे। कांग्रेस को आगरा व अवध के संयुक्त प्रांत, मध्य प्रांत व बरार (अब मध्यप्रदेश), मद्रास, उड़ीसा तथा बिहार में पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ। इस प्रकार केंद्रीय व्यवस्थापिका सभा में कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। अंग्रेजों ने कांग्रेस को यह भी भरोसा दिया था कि जो सरकार वह गठित करेगी उसमें गर्वनर जनरल हस्तक्षेप नहीं करेंगे। तब आठ प्रांतों में सरकार बनीं। दो साल बाद ही 1939 द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण आपातकाल घोषित किया गया और भारत को युद्ध में झोंक दिया। कांग्रेस ने युद्ध के बाद स्वतंत्रता की मांग की जिसे नकार दिया गया। नतीजतन 15 नवंबर 1939 को कांग्रेस कार्यकारिणी के निर्देश पर कांग्रेस मंत्रिमंडलों ने त्यागपत्र दे दिया। सिताबो और गुलाबो वाली विजयलक्ष्मी पंडित को भी त्यागपत्र देना पड़ा। सिताबो और गुलाबो में कहासुनी शांत हो गयी।

# नशेबाजी के विवाद में वृद्ध को पीट-पीट कर मार डाला

## रिश्तेदारों ने गांव पहुंचकर दिया घटना को अंजाम, तीन घायल

संवाददाता, घाटमपुर

- आक्रोशित ग्रामीणों ने कर्रवाई की मांग को लेकर लगा दिया जाम

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र में नशेबाजी के विवाद में वृद्ध को पीट पीटकर मार डाला गया। आरोपियों ने बीच बचाव करने पहुंची पत्नी और बेटी को भी घायल कर दिया। तीनों को घाटमपुर सीएचसी से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बेटे की तहरीर पर सजेती पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मुगल रोड पर जाम आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियो ने परिजनो को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

सजेती थाना क्षेत्र के कैथा कुआखेड़ा गांव निवासी शैलू ने



सजेती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि सुबह उसकी चाची सुशीला देवी से नशेबाजी में विवाद में कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद चाची ने बुआ फूफा छेदीलाल और उनके लडको को बुलाया था। वह तीन बाइको से लाठी डंडे लेकर आ गए। मेरे पिता के साथ फूफा छेदीलाल और उनके लड़के जयप्रकाश, राजकिशोर, राजपाल व मन्नू व कपूरकली निवासी कनवापुर के साथ चाची सुशीला देवी ने पिता को मारा पीटा। बीच बचाव करने पहुंची मां छेदना और बहन सीमा व रेनू को चोटें आई हैं। जिन्हे एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी लेकर गए। जहां से तीनो को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मेरे पिता रमेश की मौत हो गई। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर चाची और फूफा समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू की है। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# प्रयागराज में हादसा, रेउना निवासी सिपाही की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

- सिपाही का शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा रेउना में जैसे ही मार्ग दुर्घटना में शहीद सिपाही का शव आया तो कोहराम मच गया। लोग शहीद सिपाही को अंतिम बार देखने के लिए उमड़ पड़े। इस दौरान सभी की आंखें नम हो गई। सलामी के बाद अंतिम संस्कार किया गया। शव को प्रयागराज पुलिस लेकर पैंतक गांव रेउना पहुंची।



अनुराग सिंह।

प्रयागराज के संदीपन घाट थाना के मूरतगंज चौकी में तैनात सिपाही अनुराग सिंह यादव निवासी रेउना मंगलवार को प्रयागराज- कानपुर हाईवे मार्ग पर स्कॉर्पियो में अनुराग सहित उसके तीन साथी थाना संदीपन घाट जा रहे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डीसीएम के पीछे घुस गई। जिसमें अनुराग सिंह, भदोही निवासी सुनील सिंह, व जौनपुर निवासी रोहित तिवारी को गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायल को इलाज के लिए प्रयागराज के यसआरएन अस्पताल ले गई। वहां पर डॉक्टरों ने अनुराग को मृत घोषित कर दिया। घायल अन्य सिपाही सुनील सिंह व रोहित तिवारी को ट्रामा सेंटर के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम होने के बाद अनुराग सिंह के शव को बुधवार को रेवना में लाया गया। जैसे ही शव गांव आया तो परिजनों में कोहराम मच गया।

> बालिहावा मोड़ के पास हुए हादसे में तीन सिपाही जख्मी हुए थे। घायलों में सिपाही अनुराग सिंह की मौत हो गई है। हादसा डीसीएम मोड़ने के दौरान हुआ। अस्पताल में घायल सिपाहियों का उपचार कराया जा रहा है विधिक कार्रवाई की जाएगी
>
> – बृजेश कुमार श्रीवास्तव एसपी कौशांबी

# हत्याकांड में जवाब न देने पर डीएम-एसपी को रिमाइंडर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने सात दिनों के अंदर तलब किया ब्योरा
- अकबरपुर क्षेत्र के पुर गांव में दलित व्यक्ति की जहर खिलाकर हत्या का मामला

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के व्यक्ति की सुनियोजित हत्या में डीएम व एसपी द्वारा नोटिस का जवाब न देने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने दूसरा रिमाइंडर भेजा है। आयोग ने निर्धारित बिंदुओं पर सात दिनों में डीएम-एसपी से आख्या तलब कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उक्त जानकारी वादी के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुर गांव निवासी राजेश कुमार शंखवार ने अपने भाई बृजेश कुमार की जहर खिलाकर गुलाब सिंह यादव द्वारा 28 जून 2020 को हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया था। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने पर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। परीक्षण में मृतक की विसरा रिपोर्ट में जहर पाया गया था। जिसपर हत्या, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि विवेचना में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। जिसमे विशेष न्यायाधीश एससीएसटी न्यायालय ने पूर्व में फाइनल रिपोर्ट को निरस्त कर दोबारा विवेचना के आदेश पारित किए थे। पुनः विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा शत्र लाइसेंस का दुरुपयोग कर वादी व गवाहों को धमकाने की शिकायत राजेश कुमार ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग व उत्तर प्रदेश शासन से की थी। अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि फाइनल रिपोर्ट लगाने के बाद एफआर निरस्त कर कोर्ट के आदेश पर इस मुकदमे की पुनः विवेचना एएसपी कानपुर देहात द्वारा की जा रही है। वादी का आरोप है कि मामले में आरोपी गुलाब सिंह गवाहों को धमका रहा है। शिकायत के बाद आयोग के सहायक निदेशक गुलशन कुमार पहाड़िया ने बीती 6 मार्च को डीएम व एसपी को नोटिस भेजकर सात बिंदुओं पर कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की थी। लेकिन निर्धारित समयावधि बीतने के बावजूद आयोग को ब्योरा नहीं उपलब्ध कराया गया। जिसपर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सहायक निदेशक ने डीएम व एसपी को दोबारा रिमाइंडर भेजते हुए सात दिनों के अंदर एफआईआर, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की संख्या, अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट, पीड़ित आश्रित को दी गई मुआवजे की धनराशि तारीख सहित अन्य ब्योरा मांगा है।

# पैसे के लेन-देन के विवाद में हुई मारपीट

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के मैनावती मार्ग स्थित सम्भरपुर गांव में दो पक्षों के पैसे के लेनदेन के विवाद में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची बिठूर पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग की धारा में न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि विनोद गुप्ता व अंशु का नीरज गुप्ता के बीच 500 रूपये का लेनदेन था उसी बात को लेकर सोमवार को आपस में विवाद हो गया था कुछ समय बाद विवाद मारपीट में बदल गया जिसमे सभी को धारा 151/107/116 की कार्यवाही की गई। चोरी की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। वहीं विनोद गुप्ता का आरोप है कि गांव के शिवम गुप्ता ने घर में रखे एक लाख रुपए चोरी करके घर में घुसकर तोड़फोड़ की। घटना सी सी टी वी में कैद हो गई

# गोगूमऊ संपर्क मार्ग खस्ताहाल

संवाददाता, चौबेपुर

- जन प्रतिनिधि भी नहीं दे रहे समस्या की ओर कोई ध्यान आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं
- ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मार्ग की मरम्मत कराने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** कस्बे से जुड़े गोगूमऊ संपर्क मार्ग पर वर्षों से कोई मरम्मत करने कार्य न कराये जाने से मौजूदा समय में मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। मार्ग पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से जहां आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते हैं, वहीं इसके कारण रात्रि के समय लूटपाट की आशंका भी बनी रहती है। समस्या को देखते हुए इलाकाई लोगों ने मार्ग की मरम्मत अविलंब कराए जाने की माग उच्चाधिकारियों से की है।

मालूम हो कि कस्बे से जुड़े गोगूमऊ संपर्क मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2003-04 में कराया गया था।समय रहते मार्ग पर कोई मरम्मत कार्य न कराये जाने से मार्ग पर डामर तो दूर,अब गिट्टी तक पूरी तरह से उखड़ चुकी है। समस्या के बावत गोगूमऊ के ग्राम प्रधान विकास कटियार जमुना कटियार



खस्ताहाल गोगूमऊ संपर्क मार्ग।

,गंगा नारायण दीक्षित, नादूपुर के जयप्रकाश तिवारी, मीतू त्रिवेदी प्रभू दयाल शुक्ला, गजेनपुर के शिवलाल ,रामसहाय, तेजा, निवादा गांव के मुन्नालाल व श्रवण कुमार आदि ने बताया कि मार्ग से आसपास क्षेत्र के करीब दर्जनभर से अधिक गांवों के लोगों का आवागमन रहता है।

बताया कि करीब सात वर्ष पहले मार्ग पर जहां-तहां गड्ढों की भरपाई कराई गई थी ,उसके बाद से कोई मरम्मत कर न कराये जाने से मौजूदा समय में यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है।

बताया कि खस्ताहाल मार्ग पर दो पहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। वहीं गड्ढा युक्त मार्ग होने से रात के समय इस पर चलना खतरे से खाली नहीं है। मार्ग पर कई बार राहजनी व लूट की घटनाएं भी हो चुकी हैं। समस्या की ओर जनप्रतिनिधि भी कोई ध्यान नहीं दे रहे। आवागमन में व्याप्त दिक्कत को देखते हुए लोगों ने मार्ग की मरम्मत यथाशीघ्र कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

# ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर लटका ट्राला

**रनियां।** कस्बा के राजेंद्रा पुल के ऊपर ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर ट्राला ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर सर्विस लेन की तरफ लटक गया। जिससे ट्राला में लोड चोकर की बोरियां सर्विस रोड में बिखर गई और आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा से ट्राला को ब्रिज से निकलवाया। हादसे में चालक-परिचालक बाल-बाल बच गए। पश्चिम बंगाल के जिला मालदा निवासी चालक भवतुस ट्राला में चोकर की बोरियां लादकर परिचालक उस्मान उलहक के साथ गुजरात जा रहा था। तभी बुधवार की सुबह रनियां कस्बा के राजेंद्र ओवरब्रिज पर कानपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने पीछे से ट्राला में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्राला अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर सर्विस रोड की तरफ लटक गया और ट्राला में लदी आठ सौ चोकर की बोरियां सर्विस की ओर गिर गईं।

# लिपिक की मौत, चालक पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थाना क्षेत्र की घटना पत्नी ने दर्ज कराया मामला

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में कार की टक्कर के बाद 50 मीटर घसीटने पर लिपिक की मौत के मामले में पत्नी ने आईटेन कार चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ लापरवाही और गैर इरादतन हत्या में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास सीसीटीवी फुटेज और आरटीओ से गाड़ी मालिक के बारे में पता लगाना शुरू कर दिया है।

ग्राम मारुफपुर जसरा उगू जिला उन्नाव निवासी निधि तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनके पति सुधीर कुमार द्विवेदी वुडबाइन गार्डेनिया स्कूल में लिपिक के पद पर कार्यरत थे। नौकरी के सिलसिले से वह अपने बड़े भाई के साथ डॉ अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलजी फार हैण्डीकैप्ड, कैम्पस अवधपुरी में रहते थे। 23 मार्च की शाम को वह कल्याणपुर में स्थित एक कोचिंग संस्थान से लगभग 8 बजे अपनी साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी बीच कानपुर विश्वविद्यालय गेट के लगभग 100 मीटर आगे चोखाबाटी दुकान के पास कल्याणपुर तरफ से आ रही तेज रफ्तार आईटेन कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उनके पति साइकिल से उछलकर गिरे और कार के नीचे फंसकर लगभग 50 मीटर तक सडक पर घसीटते चले गए। चालक ने कार नहीं रोकी और रफ्तार तेज करके भाग गया। जिससे पति अत्याधिक गम्भीर रूप से घायल हो गए। हैलट में रात 12:05 पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक कुशल पाल सिंह ने बताया कि कार चालक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर गाड़ी मालिक का पता लगाया जा रहा है।

# सूबेदार पति पर मिट्टी का तेल डालकर लगाई आग, मौत

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुदौली मड़ौली के मजरा किशनपुर गांव निवासी चरणसिंह निषाद (34) सेना में सूबेदार के पद पर जम्मू में तैनात थे। वह होली पर छुट्टी लेकर घर आए हुए थे। चरण सिंह का विवाह कंचौसी क्षेत्र के मधवापुर निवासी आकांक्षा उर्फ बेबी से लगभग बारह वर्ष पूर्व हुआ था। उसके एक पुत्र कृष्णा (10) व पुत्री रानी (8) है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार की दोपहर चरण सिंह अपने कमरे में सो रहे थे। तभी उसकी पत्नी आकांक्षा उर्फ बेबी ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी। जिससे कि वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। हवासपुर सीएचसी से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया था। जहां से उन्हें लखनऊ में सेना के अस्पताल भेज दिया गया था। बुधवार सुबह चरण सिंह ने दम तोड़ दिया।

# पाइल्स व फिशर की लेजर सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में आने वाले पाइल्स, फिस्टुला व फिशर के मरीजों को इलाज में अब बड़ी राहत मिलने वाली है। इन समस्याओं से ग्रस्त मरीजों को बिना दर्द व चीरा लगाए ही आराम मिलेगा। ऐसा लेजर विधि के ऑपरेशन से संभव होगा। लेजर विधि से किए गए 20 मरीजों को दर्द और मर्ज में पूरी तरह से आराम मिला है।

धूम्रपान व तंबाकू का अधिक सेवन, मसालेदार भोजन, अनियमित खानपान, फास्ट फूड व जंक फूड का अधिक सेवन और तनाव भरी जिंदगी की वजह से लोग पाइल्स (बवासीर), फिस्टुला (भगंदर) व फिशर (नासूर) की चपेट में आ रहे हैं। इन तीनों ही बीमारियों से ग्रस्त लोगों को काफी कठिन समस्या का सामना करना पड़ता है। दर्द ज्यादा होने पर कई लोग सही प्रकार से बैठ तक नहीं पाते हैं। इन बीमारियों से पीड़ित प्रतिमाह सैकड़ों मरीज जीएसवीएम के हैलट अस्पताल आते हैं। दवा से ठीक न होने पर मरीजों की सर्जरी की जाती है।

### घाव के हिसाब से अभी लगता चीरा

सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. जीडी यादव ने बताया कि पाइल्स, फिस्टुला व फिसर के ग्रस्त प्रतिदिन चार से पांच मरीजों की सर्जरी की जाती है। अभी ऑपरेशन के दौरान मरीजों का घाव जितना गहरा होता है, उस हिसाब से चीरा लगाया जाता है। जबकि फिस्टुला के कुछ मरीजों को तीन से चार इंच व पाइल्स के मरीजों को चार से पांच इंच का चीरा लगाकर सर्जरी की जाती है। इसके बाद मरीज को 10 से 15 दिन या इससे भी अधिक दिन तक भर्ती होना पड़ जाता था। लेकिन इन बीमारियों से निजात दिलाने में लेजर विधि से सर्जरी काफी कारगर साबित हो रही है।

- हैलट अस्पताल में मरीजों को मिलेगी सुविधा

यह सर्जरी मरीज के लिए काफी कष्टदायक होती है। अब यहां आने वाले पाइल्स, फिस्टुला व फिशर के मरीजों को सर्जरी कराने में दर्द से राहत देने के लिए लेजर विधि से ऑपरेशन किया जाएगा, इसके लिए सर्जरी विभाग में करीब 10 लाख रुपये की डयोड मशीन स्थापित की जा चुकी है। यह मशीन लेसोट्रोनिक्स (पोलैंड) कंपनी की है। लेजर मशीन की मदद से सर्जरी होने पर मरीजों को 15 से 20 दिन परेशान नहीं होना पड़ेगा और वह अस्पताल से 24 घंटे में घर जा सकते हैं। सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. जीडी यादव ने बताया कि लेजर विधि से अब तक 20 मरीजों की सर्जरी की गई है। मरीजों को जो समस्या थी, वह पूरी तरह से ठीक हुई है। बस खाने-पीने में नियंत्रण करना जरूरी है। लेजर के फाइबर आने पर इस तकनीक का इस्तेमाल अन्य मरीजों पर किया जाएगा।

# ऑपरेशन में लापरवाही से महिला की मौत पर हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हरजेंदर नगर स्थित आरके शाह डायग्नोस्टिक सेंटर का मामला

**अमृत विचार।** हरजेंदर नगर स्थित आरके शाह डायग्नोस्टिक सेंटर में एक महिला की ऑपरेशन में लापरवाही से मौत हो गई थी। जिला उपभोक्ता आयोग ने डायग्नोस्टिक सेंटर और चिकित्सकों पर तीन लाख रुपये हर्जाना लगाया था। चिकित्सकों को राज्य उपभोक्ता आयोग से भी राहत नहीं मिली।

कैलाश नगर कानपुर निवासी रविंदर सिंह ने पत्नी बलवीर कौर को गर्भवती होने पर नियमित उपचार डॉ. किरन पांडेय (गायनोलॉजिस्ट) से कराया था। सात मार्च 2006 को तेज दर्द होने पर आरके शाह डायग्नोस्टिक सेंटर हरजेंदर नगर में भर्ती कराया। वहां डॉ. किरन ने ऑपरेशन किया और बालक का जन्म हुआ। महिला बलवीर में खून की कमी थी। इसकी जानकारी डॉ. किरन को थी। फिर भी ऑपरेशन के तीन दिन बाद खून चढ़ाया गया। इससे शरीर में चक्कते पड़ने के साथ बलवीर की हालत बिगड़ गई तो उन्हें लीलामणि अस्पताल भेज दिया गया। वहां के चिकित्सकों ने गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कालेज भेज दिया। वहां सेप्टीसीमिया पाया गया और बलवीर की मौत हो गई। रविंदर सिंह ने चिकित्सकों के खिलाफ जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग ने आरके शाह डायग्नोस्टिक सेंटर व डायरेक्टर डॉ. एके शाह के साथ डॉ. किरन पर कुल तीन लाख रुपये का हर्जाना लगाया। इसके विरोध में चिकित्सकों ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की।

# माथे पर तिलक लगा भाइयों के लिए मांगी सुख-समृद्धि

संवाददाता, चौबेपुर



भाई के माथे पर तिलक लगाती बहन। अमृत विचार

- परंपरागत ढंग से मनाया गया भाई दूज का त्योहार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास व परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगा उनकी लंबी उम्र व उज्जवल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी सामर्थ्य अनुसार बहनों को शगुन के तौर पर उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया को मनाया जाने वाला भाई दूज का पर्व क्षेत्र में दो दिन मनाया गया। कुछ लोगों ने मंगलवार तो ज्यादातर लोगों ने यह पर्व बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। भाई बहन के पवित्र रिश्ते व अटूट स्नेह के प्रतीक त्योहार पर बहनों ने भाइयों के माथे पर रोली व अक्षत से रोचना कर उनकी लंबी आयु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी स्वेच्छानुसार बहनों को उपहार भेंट कर आजीवन उनकी रक्षा का वचन दिया। मान्यता है कि इस दिन भाइयों के माथे पर तिलक लगाने से उन्हें हर तरह के संकट से छुटकारा मिलता है और जीवन में सुख समृद्धि प्राप्ति होती है।

**निर्देश** उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने गिलवट व गुरैनी राजस्व गांव में देखा लेखपालों का कामकाज

# ई-खसरा पड़ताल में लेखपाल न बरतें लापरवाही

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के 262 गांव में इन दोनों रबि की फसल का ई क्राप सर्वे चलाया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग के लिए बुधवार को उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने तहसील क्षेत्र के गिलवट व गुरैनी राजस्व गांव में जाकर लेखपालों के कामकाज को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कहाकि ई-खसरा पड़ताल में किसी भी लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होंने किसानों को ई क्राप सर्वे की भी जानकारी दी। बता दें कि तहसील क्षेत्र के लगभग कई गांव में ई क्राप सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है और जल्दी बचे हुए गांव में भी ई क्राप का कार्य पूरा कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ बिना बार-बार सत्यापन के प्राप्त हो सकेगा। इसके साथ ही कृषि पर आधारित उद्योग हेतु कृषि उत्पादों के बारे में भी सटीक जानकारी प्राप्त हो सकेगी और किसानों को संस्थागत विपणन से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। सरल भाषा मे जिले वार, तहसील वार , राजस्व गांव वार एक रबी की फसल का डाटा प्रति गाटा का तैयार किया जाएगा जो सीधे केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के पास होगा जिससे फसलों को प्राकृतिक आपदा से क्षति का आकलन खुद कर सकेगें जिससे किसानों को मुआवजा सरकार खुद आकलन कर देगी ऐसे मे ई खसरा पड़ताल से ये लाभ किसानों को मिल सकेगा।



जांच करतीं उपजिलाधिकारी। अमृत विचार

### क्या है ई-क्राप सर्वे कार्य

उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार ने कृषि व्यवस्था मे सुधार लाने के लिए ई खसरा पड़ताल मोबाइल ऐप को लॉन्च किया है |इस ऐप के जरिए राज्य के किसानों को कृषि से जुड़े कार्यों का लाभ आसानी से लिया जा सकेगा। |इस ऐप के जरिए शत प्रतिशत फसल सर्वेक्षण का कार्य आसानी से किया जा सकेगा और खसरा पड़ताल की सुविधा किसानों को आसानी से मिल सकेगी| क्रॉप कटाई एक्सपेरिमेंट (सीसीई) का प्रभावी क्रियान्वयन हो सकेगा।

# हुड़दंग का विरोध करने पर पूरे परिवार को पीटा

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** नरवल थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव में होली के हुडदंग में महिलाओ पर रंग फेंकने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। दबंगों ने मारपीट में लाठी डंडे चलाए, जिसमें चार महिलाओं सहित कुल छह लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने दस लोगो को नामजद करते हुए मारपीट और दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ताजपुर निवासी वेदप्रकाश के मुताबिक गांव में परेवा को हर साल की तरह वाहन डीजे संग टोलियां होली खेलने को निकली थीं। इसी में शामिल कुछ शरारती तत्वों ने उनके घर के सामने आकर परिवार की महिलाओ और गेरू और रंग फेंक दिया। जिसका महिलाओ ने विरोध किया तो हुड़दंगी गालीगलौज पर आमादा हो गए। ग्राम प्रधान के बीच बचाव करने से सब रफा-दफा हो गया। उसी दिन शाम को लगभग 6बजे लाखन, निशांत, नितेश, ज्ञानेंद्र हेमू, हिमांशु, हरिनाम, बड़े, छोटे, रोहित और तीन अन्य लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर आ गए और जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। बकौल वेद प्रकाश इस मारपीट में उसकी मां फूलमती, भाभी रेखा देवी ,भतीजी अशमा, के अलावा बीच बचाव करने आई पड़ोस की रहने वाली विनीता और उसका पति लाला राम और सतीश भी जख्मी हो गए। एसओ नरवल राजेश सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### शिक्षिका पर लगाया वसूली का आरोप

**कल्याणपुर।** ब्लाक के कुरसौली प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 5 में पढ़ने वाला छात्र आशीष कमल पुत्र सुनील कमल स्कूल में डंडा लेकर आया था। जिसके लिए विद्यालय की शिक्षिका मधुपाल ने उसे डांट दिया। इसके बाद छात्र ने अभिवावक को साथ में लेकर शिक्षिका से अभद्रता की और आधार कार्ड बनवाने के लिए वसूली करने का आरोप लगा दिया। वीडियो वायरल करा दिया। अध्यापिका का कहना है विद्यालय में मौखिक परीक्षा थी। जिसमें छात्र दूसरे छात्रों को परेशान कर रहा था जब उसने डांटा तो अपनी बहन को लेकर घर चला गया। पिता सुनील को लेकर आया जिसने मुझसे अभद्रता की है। इस बाबत बीएसए ने कहा मामले की जांच कराई जाएगी।

### विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना

**घाटमपुर।** कुंवरपुर पतारा में कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में 3 पॉलिटेक्निक छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। बुधवार को बिठूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मृतक छात्रों के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। उनके साथ श्रीराम ग्रुप आफ एजुकेशन के चेयरमैन मनोज भदौरिया एडवोकेट क्षेत्रीय सह संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड भाजपा क्षेत्र पंचायत सदस्य तेजपुर सहित आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ के आरोप में युवक को पीटा, मामला दर्ज

**बिल्हौर।** थाना क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि की बेटी के साथ छेड़छाड़ के मामले में युवक पर मुकादमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि होली खेलने के बहाने घर मे घुसे युवक ने पीड़िता के साथ अभद्रता की। पिता व भाई ने रोका तो युवक ने गाली गलौज की। इसके बाद आरोपी युवक के सिर पर सरिया से वार कर दिया जिससे उसका सर फट गया। पुलिस ने युवक की तहरीर पर जनप्रतिनिधि समेत दो पुत्रो के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है जबकि युवक पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सहूलियत: मतदाता पहचान पत्र के 12 विकल्प मिलेंगे मतदान के लिए

## केंद्र व राज्य सरकार सहित निजी क्षेत्र के पहचान पत्र भी साबित करेंगे मतदाता की पहचान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** वैसे तो अधिकांश मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके बावजूद भारत निर्वाचन आयोग ने सभी को मताधिकार के इस्तेमाल की सुविधा दिलाने के लिए फोटोयुक्त 12 अन्य विकल्पों के आधार पर वोट देने दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्धारित 12 में कोई एक विकल्प मतपत्र जारी कराने के लिए प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, लेकिन किन्हीं कारणों से ऐसा करना असंभव होने पर संबंधित मतदाता आयोग द्वारा तय 12 में से कोई एक विकल्प मतदान केंद्र में दिखाना होगा।

डीईओ ने 12 वैकल्पिक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, किसी किसी बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्रीय या राजकीय कार्यालयों, लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसद, विधायक व विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है।

### डाक से भेजे जा रहे नए व संशोधित मतदाता पहचान पत्र

**पुरवा उन्नाव।** तहसील प्रशासन निर्वाचन आयोग की ओर से नये व संशोधित और पुराने मतदाता पहचान पत्र तहसील कर्मचारियों को लगाकर डाक के जरिए भेजा जा रहा है। इसमें अब तक करीब 20 हजार पहचान पत्र डाकघर को भेजे जा चुके हैं। इस बार 19 वर्ष की आयु के 5346 युवा वोटर बढ़े हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा पुरवा विधानसभा क्षेत्र में नये मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने का अभियान चलाया गया था। विधानसभा क्षेत्र में कुल 446 बूथ हैं। मौजूदा समय में कुल मतदाता करीब 4 लाख 24 हजार 495 हैं। इस बार बढ़े मतदाता 10,250 हैं। इस बार पहली बार 19 वर्ष के 5346 युवा वोटर वोट डालेंगे। आयोग से तहसील मुख्यालय आये मतदाता पहचान पत्रों में राजस्व कर्मियों को लगाकर डाक टिकट व तहसीलदार की मुहर लिफाफे पर लगाकर डाकघर के जरिए मतदाताओं के पते पर भेजे जा रहे हैं। जहां 24 हजार के करीब वोटर आईडी आयी है। जिसमें 20 हजार 122 मतदाता पहचान पत्रों को डाकघर भेजा जा चुका है। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि नये व संशोधित और पुराने मतदाताओं के पहचान पत्र निर्वाचन आयोग से आए हैं। जो डाक विभाग के जरिये मतदाताओं के पते पर भेजे जा रहे हैं।

### विकल्प में नहीं शामिल मतदाता पर्ची

डीइओ ने बताया कि बीएलओ द्वारा बांटी जाने मतदाता पर्चियों को पहचान पत्र के विकल्प में नहीं शामिल किया है। इसलिए इन पर्चियों के आधार पर लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। बीएलओ को मतदान तिथि से कम से कम पांच दिन पहले पर्ची बांटने को निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पर्ची पर मतदाता का फोटो, मतदेय स्थल, मतदान तिथि आदि का उल्लेख रहता है, लेकिन विकल्प में न शामिल होने से मतदाता को पहचान साबित करने को कोई एक निर्धारित प्रपत्र दिखाना होगा।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** दही थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर पूड़ी-सब्जी की दुकान किए युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सुबह पिता दुकान पर पहुंचा तो बेटे का शव लटका देख उसके होश उड़ गए।

दही थानाक्षेत्र के गजौली गांव निवासी अमित (24) पुत्र मनोज प्रजापति लखनऊ-कानपुर हाईवे पर पूड़ी सब्जी की दुकान चलाता था। मंगलवार देरशाम वह दुकान बंद कर घर खाना खाने गया था। जहां से देररात सोने के लिए दुकान लौट आया। बुधवार सुबह करीब आठ बजे जब उसका पिता मनोज गांव से दुकान पहुंचा तो देखा कि ऊपरी तल पर पड़े टिनशेड में लगे पंखे के कुंडे में चादर के फंदे से उसका शव लटक रहा था। बेटे का शव देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव नीचे उतरवाया। पिता ने बताया कि उनका किसी से कोई विवाद भी नहीं है। होली के बाद अमित की शादी के लिए लड़की देखने जाना था। वह पांच भाई-बहनों में बड़ा था। उसके आत्महत्या करने से मां निर्मला व परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि परिजनों का कोई आरोप नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर की टक्कर से डॉक्टर की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



रोहित नागर



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर बुधवार भोरपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार डॉक्टर को रौंद दिया। सांस चलती देख पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले परिचय पत्र में दर्ज पते के आधार पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और शव का पोस्टमार्टम कराया।

अयोध्या जिले के पूरा कलंदर थानांतर्गत अंकवारा नारायणपुर गांव निवासी रोहित नागर (28) पुत्र राम लल्लन सिंह अंबेडकर नगर के महामाया मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद बीते छह माह से कानपुर में रहकर गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कालेज से पीजी की पढ़ाई कर रहा था। करीब 20 दिन पहले उसे पैर फिसलने के कारण चोट लग गई थी। इसके बाद से वह चिकित्सीय अवकाश पर था। बुधवार सुबह पांच बजे दही थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे के पुरवा मोड़ के पास तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर घायल देख पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसके पास मोबाइल नहीं मिला। वहीं, उसके पास मिले आधार कार्ड में दर्ज पते से पुलिस ने अयोध्या में संबंधित थाने में फोन कर सूचना दी। सूचना पाकर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए।

पिता ने बताया कि वह पांच भाइयों में छोटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। इतनी सुबह वह उन्नाव क्या करने आया था इसकी जानकारी परिजनों व उसके सहपाठियों को भी नहीं है। उसकी मौत से मां भेरना सहित सभी भाई रो-रोकर बेहाल रहे।

- दही थाना क्षेत्र के पुरवा मोड़ पर बुधवार की भोर में हुआ हादसा

### पुलिस लाइन में तैनात फालोवर की मौत

**उन्नाव।** कैंसर से जूझ रहे पुलिस लाइन में तैनात फालोवर की बुधवार को मौत हो गई। पुलिस लाइन में तैनात फालोवर पद पर तैनात नंदकिशोर (59) कैंसर से पीड़ित थे। बुधवार को हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लाए। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उनको सन 1999 में पुलिस विभाग में तैनाती मिली थी। पति की मौत से पत्नी रीता, बच्चे विशाल, गोलू, कृष्णा और बेटी डाली बेहाल रहे। बेटे विशाल द्वारा जानकारी देने पर आरआई ने विभाग की ओर से अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता दिलाई।

हादसे के बाद जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई।

# छेड़छाड़ के दोषी युवक को दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- आठ वर्ष पुराने मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत युवती से छेड़छाड़ के आरोपी युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दो साल की सजा व आठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मंगत खेड़ा गांव निवासी एक महिला ने असोहा थाना क्षेत्र के उतरौरा गांव निवासी संजय शर्मा पुत्र रामऔतार पर दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने रिपोर्ट असोहा थाना में चार अप्रैल-2016 को दर्ज कराई थी। युवती का आरोप था कि संजय शर्मा ने उससे दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आईओ एसएचओ महेश चंद्र ने 18 अगस्त-2017 कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तब से मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता की दलील के आधार पर एडीजे रवि प्रकाश साहू ने संजय शर्मा को दुष्कर्म व मारपीट के साक्ष्य न मिलने पर दोष मुक्त करार देते हुए उसे छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने का दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा के साथ अर्थदंड भी लगाया है।

# शहर में आवाज का जादू बिखेरने 29 को आएंगे वैभव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



इंडियन आइडल विजेता के आगमन की जानकारी देते संगठन के पदाधिकारी।

- उद्योग व्यापार संगठन के होली मिलन समारोह में आ रहे हैं इंडियन आइडल विजेता

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का होली मिलन समारोह 'होली के रंग इंडियन आइडल विजेता वैभव गुप्ता के संग' कार्यक्रम के तौर पर आयोजित होगा। अपनी आवाज की बदौलत युवाओं में चर्चा का विषय बने वैभव सहित अन्य पसंदीदा कलाकार भी लोगों का मनोरंजन करने यहां पहुंचेंगे।

यह जानकारी देते हुए व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष अमित मिश्र ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम 29 मार्च को शाम छह बजे से शहर स्थित सिया कांटीनेंटल में शुरू होगा। इंडियन आइडल सीजन 14 के विजेता वैभव कार्यक्रम में शामिल होकर होली सहित अन्य गीत सुनाते हुए लोगों को झूमने के लिए मजबूर करने की सहमति भेज चुके हैं। उनके साथ प्रसिद्ध संगीतकार एआर रहमान के शागिर्द गायक अमित द्विवेदी व प्लेबैक सिंगर अंतरा भी कार्यक्रम में चार चांद लगाने को मौजूद रहेंगी। संगठन के महामंत्री विशाल गुप्ता के मुताबिक कार्यक्रम में आयोजकों की ओर से जारी प्रवेश कार्ड पर ही श्रोताओं को आयोजन स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवक्ता मनीष सिंह सेंगर ने बताया पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश कार्ड जारी किए जा रहे हैं। कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता ने बताया की हाईटेक स्टेज और म्यूजिकल थीम में वैभव की सुरीली गीत निश्चित तौर पर लोगों को आनंदित करेंगे। उपाध्यक्ष आशीष दीक्षित व अंशुमान यादव ने कार्यक्रम में फूलों की होली खेली जाने की जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमबर राजपूत, मृत्युंजय जायसवाल व मनीष तिवारी ने दावा किया कि राधा कृष्ण की झांखी कार्यक्रम का आकर्षण साबित होगी।

## सार-संक्षेप

### चाचा के बाद घायल भतीजे ने भी तोड़ दिया दम

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** मुंडन में शामिल होने के लिये भाई की सास को लेने जाते समय डग्गामार मिनी बस की टक्कर में चाचा की मौत हो गई थी और पीछे बैठा 13 वर्षीय भतीजा गंभीर घायल हुआ था। मंगलवार रात इलाज के दौरान भतीजे ने भी दम तोड़ दिया। बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत सैता गांव निवासी मूल चंद्र के मझले बेटे रामू के छोटे बेटे का मुंडन था। इसमें शामिल होने चाचा अजीत (20) अपने बड़े बेटे भतीजे अनुज (13) पुत्र बहादुर के साथ माखी थानाक्षेत्र के गांव ढकिया हसनापुर स्थित भाई की ससुराल से सास लज्जावती को लेने गया था। सफीपुर कस्बे से दो किमी पहले उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बांगरमऊ जा रही एक निजी बस ट्रक को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर उसकी बाइक में टकरा गई। इसमें अजीत की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि अनुज गंभीर घायल हो गया था। जिसका इलाज चल रहा था। मंगलवार देररात इलाज के दौरान अनुज की भी कानपुर के हैलट में मौत हो गई। वह तीन भाईयों रोहित, मोहित व बहन नंदिनी से बड़ा था। उसकी मौत से मां गोपेश्वरी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।



अनुज।

### बाजार से सामान लेने गए युवक की बाइक चोरी

**पुरवा।** कस्बे के मोहल्ला कटरा निवासी अशोक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने बेटी की शादी में बाइक दी थी। जो उसके ही नाम हैं। 25 मार्च को दामाद बाइक से मंगतखेड़ा बाजार गए थे और बाइक चौराहे पर खड़ी कर सामान लेने चले गए। थोड़ी देर बाद जब वापस आए तो बाइक वहां नहीं थी। काफी खोजबीन की लेकिन, बाइक का कुछ पता नहीं चल सका। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### मामूली विवाद में दबंगों ने किया युवक की हत्या का प्रयास

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव में नशेबाजी में हुए विवाद के दौरान दबंगों ने युवक को गला दबाकर अधमरा कर दिया। परिजनों ने गंभीर घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसे गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया। हरचंदपुर गांव निवासी राजमोहन (20) पुत्र छेदीलाल बुधवार दोपहर अपने मित्र सूरज के घर पर आयोजित होली पार्टी में गया था। बताते हैं कि नशेबाजी में सूरज के घर पर मौजूद युवकों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ा कि उनमें मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि राजमोहन को गांव निवासी आकाश व करन ने गला दबाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। शोर सुन परिजन व ग्रामीण वहां पहुंचे तो आरोपी राजमोहन को मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। आनन-फानन परिजनों ने युवक को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसे गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पीड़ित युवक के पिता छेदीलाल ने नवाबगंज चौकी पुलिस को दबंगों के विरुद्ध प्रार्थनापत्र दिया है। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।



सीएचसी में लाया गया युवक।

### जेठ पर छेड़खानी का लगाया आरोप

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के निबई चौकी अंतर्गत गांव खरौली में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में दो भाईयों में मारपीट हो गई। जिसमें महिला ने जेठ पर छेड़खानी व मारपीट करने का आरोप लगाया है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके घर में लगे टुल्लू पंप से जबरदस्ती उसके जेठ विनोद पुत्र राम सजीवन पानी भरते हैं। जिसका विरोध करने पर जेठ ने घर में घुसकर मारपीट की और उससे अश्लील हरकत करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए। पति ने बचाने की कोशिश की तो उसे भी पीटा। एसओ राजपाल ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## दुकान से पार किया हजारों का सामान

**बांगरमऊ।** दुकान का शटर तोड़कर चोर कोट पैंट, शेरवानी व साड़ियां आदि चोरी कर भाग निकले। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान स्वामिनी ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी माया गुप्ता की मुख्य बाजार नौनिहाल गंज में साड़ी, कोट पैंट, शेरवानी आदि की दुकान है। बीते रविवार वह दुकान बंद कर घर चली गई थी। होली के कारण दो दिन दुकान बंद रही। बुधवार तड़के करीब तीन बजे अज्ञात चोर दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान का शटर तोड़कर 20 कोट पैंट, 6 शेरवानी व करीब 20 साड़ियां चोरी कर भाग निकले। दुकान स्वामिनी के अनुसार चोरी गए माल की कीमत करीब 70 हजार रुपए है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर सीसीटीवी की जांच कर चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है।

# बाढ़ में कटान रोकने के लिए कवायद शुरू

संवाददाता फतेहपुर चौरासी

**अमृत विचार।** बारिश के दिनों में गंगा के तेज प्रवाह से होने वाली कटान रोकने के लिए कई स्थानों पर कटान रोधी कार्य शुरू करने की कवायद तेज की गई है। सिंचाई विभाग की ओर से इस बार कटान होने वाली जगहों पर दोनों ओर पत्थर लगाए जायेंगे। गंगा नदी में होने वाले कटान को रोकने के लिए कार्य को जल्द ही शुरू किया जाएगा। पत्थर कटान वाली जगह पर पहुंच चुके हैं।

क्षेत्र में सबसे अधिक गंगा में कटान हिंदूपुर, दबौली बाजार, हिंदूपुर पुलिया आदि स्थानों में होता है। सिंचाई विभाग की ओर से इस वर्ष कटान वाली जगह पर पहले से ही पत्थर लगाने की कवायद शुरू हो गई है। पत्थर लगने से कटान को रोका जा सकेगा। वहीं गंगा में सबसे अधिक कटान की समस्या जून, जुलाई व अगस्त में बारिश में पानी बढ़ने से होती है। इसका सबसे ज्यादा असर बांगरमऊ तहसील में देखने को मिलता है। पिछले वर्ष आई बाढ़ से कई घर कटान की चपेट में आ गए थे। साथ ही दबौली बाजार स्थित काली मां का मंदिर भी क्षतिग्रस्त हो गया था। उच्चाधिकारियों ने मौके का मुआयना किया था और आसपास के लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया था। वहीं कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग स्थित हिंदूपुर पुलिया भी बाढ़ की चपेट में आने से कटने की कगार पर पहुंच गई थी लेकिन, अधिकारियों ने जैसे-तैसे उसे कटने से बचाया था। कटान बढ़ने से कई गांव के लोगों को पलायन करना पड़ता है। जिससे उनके सामने कई समस्याएं पैदा होती हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बैठक में अफसरों को निर्देश देते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

- संबंधित विभाग के अधिकारियों और एसडीएम के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत एक अप्रैल से होनी है। कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी ने बुधवार को समन्वय समिति बैठक में संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय व सहयोग से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान संचालित कराएं।

डीएम ने मौजूद सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत नगर निकायों में अभियान से संबंधित तैयारियों व व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लें। ईओ व डीपीआरओ को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को दुरुस्त करने तथा नियमित रूप से साफ-सफाई व फॉगिंग (एंटीलार्वा का छिड़काव) कराने को कहा। जिससे संचारी रोगों को नियंत्रित किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि सहयोगी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी तैयारियों के साथ सफलता पूर्वक अभियान को संचालित करें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सभी सार्वजनिक स्थानों पर शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करायी जाए। अस्पतालों के वार्डों में नियमित साफ-सफाई के साथ-साथ चादरों को भी नियमित रूप से बदलें। बता दें कि एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियत्रण व 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाना है। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राममोहन मीणा, सीवीओ डा. शिवमूर्ति प्रसाद, डीपीआरओ यतेंद्र सिंह, डीपीओ राकेश मिश्रा, बीएसए संगीता सिंह, डीएमओ रमेश यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

समस्या | दिल्ली सहित अन्य राज्यों के वाहन इसी मार्ग से करते हैं पश्चिमी बंगाल तक आवागमन

# आवास विकास ओवरब्रिज न बनना ही जाम का कारण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




रायबरेली क्रॉसिंग बंद होने से मोतीनगर में दूर तक जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर की रामपुरी रेलवे क्रासिंग की ही तरह आवास विकास कालोनी स्थित रेलवे क्रासिंग पर जाम लगने की समस्या समय बीतने के साथ बढ़ती जा रही है। कुछ वर्षों पहले तक इस रेल रूट पर जहां कई-कई दिन गुड्स ट्रेन नहीं निकलती थीं। वहीं अब प्रतिदिन कई-कई मालगाड़ियां गुजारी जाने लगी हैं, जिससे दिन के साथ रात के समय भी वाहन चालकों को गेट बंद होने पर खड़े रहना पड़ता है।

दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के उत्पादों को कोलकाता सहित अन्य राज्यों तक लाने व ले जाने वाले वाहन भारी भार वाहन बिल्हौर के पास जीटी रोड छोड़कर शहर होकर गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। यह वाहन न सिर्फ लखनऊ-कानपुर राजमार्ग बल्कि रायबरेली रोड होकर आगे का सफर तय करने के लिए बढ़ते समय रायबरेली रेलवे क्रासिंग से गुजरना पड़ता है। पहले इस रेल मार्ग से आधा दर्जन से अधिक यात्री ट्रेन गुजरती थीं। अब यात्री ट्रेनों की संख्या आधा दर्जन रह गई है, लेकिन माल गाड़ियों की संख्या में काफी वृद्धि हो गई है। प्रतिदिन कई गुड्स ट्रेन पास की जाती रहती हैं। यात्री सहित गुड्स ट्रेन निकालने के लिए रायबरेली रेलवे गेट बंद करते ही सड़क के दोनों किनारों पर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो जाती है। कई बार गुड्स ट्रेन पहुंचने में अधिक समय लगने पर एक ओर जहां अखिलेश्वर मंदिर तो दूसरी ओर पार्क व्यू पैलेस के आगे तक वाहनों की कतार लगी रहती है। रेलवे क्रासिंग खुलने पर भी सड़क यातायात को रेंगते हुए आगे बढ़ना पड़ता, क्योंकि रेलवे क्रासिंग के दोनों ओर गेट बूम को वाहनों की टक्कर से बचाने को स्पीड ब्रेकर बने हैं। इससे लोड भारी भार वाहन गुल्ला व कमानी को टूटने से बचाने के लिए काफी सहुलियत से आगे बढ़ते हैं।

### शहरवासियों को झेलनी पड़ती है समस्या

जाम लगने का खामियाजा शहर के बाशिंदों को भरना पड़ता है, क्योंकि इस रेलवे क्रासिंग से सर्वाधिक हल्के वाहन, ई-रिक्शा व आटो आवागमन करते हैं। भारी वाहनों के बीच से निकलते हुए दुर्घटना की संभावना रहती है, जिससे वाहन सवारों को समय बर्बाद करना पड़ता है। रायबरेली रेलवे ट्रैक पर गुड्स ट्रेन की संख्या कोविड काल से बढ़ी बताई जाती है। इसके बाद भी क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों द्वारा सही पैरोकारी न किए जाने से यहां ओवरब्रिज का निर्माण अब तक नहीं हो सका है।

### रेल रूट की बढ़ी है व्यस्तता : एसएस

स्टेशन अधीक्षक टीपी जोशी ने फिलहाल इस क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की जानकारी होने से अनभिज्ञता जताई है। उन्होंने स्वीकार किया कि विभागीय स्टाफ ने रेल रूट की व्यस्तता बढ़ने की जानकारी दी है।

# बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में फाग

संवाददाता परियर उन्नाव



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा प्रत्याशी, विधायक व अन्य। अमृत विचार

- भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज व विधायक पंकज गुप्ता ने किया पूजन

**अमृत विचार।** बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति द्वारा मंदिर परिसर में भव्य फाग व होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता व हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी विमल द्विवेदी शामिल हुए।

कार्यक्र में मौजूद क्षेत्रीय लोगों ने आगंतुकों का अमीर-गुलाल लगाकर व माला पहनाकर हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी ने बाबा बलखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और समिति के सेवक रवि मिश्रा को माला पहनाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने होली पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि कभी भी जीवन में कोई कष्ट परेशानी आए तो भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने व हर-हर महादेव के जयकारे लगाने से वे सभी दूर हो जाते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भोलेनाथ के भक्त हैं।

इस दौरान प्रदीप द्विवेदी, अमित द्विवेदी, मलिक अवस्थी, हरिनारायण पांडे, देवीप्रसाद, संदीप मिश्रा, अभय मिश्रा, अरुण अवस्थी, नन्हकू अवस्थी, अमित अवस्थी, देवेंद्र सिंह, शुभम विश्वकर्मा, अनुज, कौशल, राजेंद्र पाल, राधेश्याम, श्रीकृष्ण पाल, लाला, रमेश, शिवराम, रामकृष्ण, मनीराम पाल, रोहन, छोटे लाल, घनश्याम, प्रकाश, रामखेलावन, सुंदर, राजा, रामबाबू, अशोक, राजाराम, कप्तान, कल्लू, राकेश, सुरेश पाल, रंजीत आदि मौजूद रहे।

# शुक्लागंज में कटखने कुत्तों ने एक दिन में 28 को काटा

## पीएचसी पहुंचे 75 मरीजों को रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



पीएचसी में बच्ची को इंजेक्शन लगाती स्टाफ नर्स। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्लागंज नगर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक है। यह सड़क से पैदल व साइकिल आदि से निकलने वालों को दौड़ाकर अपना शिकार बना रहे हैं। इसके चलते पीएचसी में कुत्ता काटने से परेशान मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। बुधवार को कुत्तों के काटने से परेशान 75 मरीज रैबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचे।

बता दें कि गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं। लोग इनसे कितना भी बचकर चलें लेकिन, वे दौड़कर उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं। इससे आमजन बेहद परेशान हैं। लेकिन, पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि पालिका द्वारा ऐसे खूंखार कुत्तों को पकड़ने को लेकर गंभीर होना चाहिये। वहीं कुत्तों के काटने से परेशान लोगों की संख्या पीएचसी में भी बढ़ रही है। हालात यह हैं कि एक दिन में 75 मरीज सिर्फ कुत्तों के काटने वाले पहुंचे। पीएचसी प्रभारी डा. रवि प्रकाश सचान ने बताया कि बुधवार को 75 मरीजों को एआरवी रैबीज का टीका लगाया गया।

इसमें 28 नये मरीज थे। उन्होंने बताया कि इस समय कुत्ते प्रजनन



करते हैं। ऐसे में उनके पास से जो भी गुजरता है वे उसे अपना शिकार बना लेते हैं।



बूथ निरीक्षण के दौरान मौजूद एएसपी। अमृत विचार

# लोस चुनाव : एएसपी ने किया बूथों का निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- कोतवाली पुलिस व अर्ध सैनिक बल के साथ रूट मार्च भी किया

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की समस्या न हो और अराजकता न फैले इसे देखते हुए एएसपी ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में पहुंचकर बूथों का निरीक्षण करने के साथ क्षेत्र में रूट मार्च भी किया। इस दौरान एएसपी ने कोतवाली प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के चलते गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में 110 बूथ बनाए गए हैं। बुधवार को एएसपी अखिलेश सिंह गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक रामफल प्रजापति के साथ नगर के कई बूथों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्र के नाथू खेड़ा प्रा.वि., खैरखैहा प्रा.वि., पोनीरोड स्थित गंगा प्रसाद महते विद्यालय, ओपीजेडी आदि बूथों का निरीक्षण भी किया। साथ ही अति संवेदनशील व संवेदनशील बूथों के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद शाम को कोतवाली प्रभारी ने फोर्स व अर्ध सैनिक बल के साथ राजधानी मार्ग, महेश मार्ग, मिश्रा कालोनी, चपां पुरवा, गोताखोर, राजीव नगर खंती, पोनीरोड, मनोहर नगर आदि मिश्रित आबादी वाले मोहल्लों में रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास भी कराया।

## अनियंत्रित बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, घायल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली में दवा लेने जा रहे हैं वृद्ध को राजमार्ग पर सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद वृद्ध उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग वृद्ध कोई इलाज के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये।

ब्रह्म नगर निवासी कल्लू प्रसाद (65) कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार करीब 11 बजे वह घर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने के लिये निकले। इस दौरान राजमार्ग पर ऋषि नगर के पास सड़क पार करते समय अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह उछलकर सड़क पर जा गिरे और घायल हो गये।

राहगीर उन्हें इलाज के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां से परिजनों को सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंचे परिजन इलाज कराने के बाद कल्लू प्रसाद को घर ले गये।

# तो औपचारिक साबित होगा परीक्षाफल वितरण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मात्र दो कार्य दिवस में मूल्यांकन सहित परीक्षाफल तैयार किए जाने के हैं निर्देश

**अमृत विचार।** शासन की ओर से निर्धारित समय सारणी के अनुरूप परीक्षाफल वितरित करने के लिए शिक्षकों को मजबूरी में औपचारिकताएं निभाने को मजबूर होना पड़ेगा, क्योंकि अब तक जिले में बीईओ कार्यालयों ने विद्यालयों को को रिपोर्ट कार्ड खरीदने को बजट आवंटित किया गया है। वहीं परीक्षाएं समाप्त करा एक अप्रैल से नया सत्र शुरू कराने के लिए गुरुवार से 31 मार्च तक उत्तर पुस्तिकाओं का सही ढंग से मूल्यांकन होना संभव नहीं है।

कक्षा एक से पांच तक चल रही परीक्षाएं बुधवार को मौखिक परीक्षा के साथ समाप्त हो गईं हैं जबकि कक्षा छह, सात व आठ की परीक्षा अभी आगे भी जारी रहेगी। उच्चाधिकारियों ने पहले तो परीक्षा कार्यक्रम जारी करने में तारीखों की अदला-बदली में समय जाया किया। वहीं अवकाश तालिका को नजरअंदाज कर 31 मार्च को कक्षा पांच तक छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल उपलब्ध कराने का फरमान जारी कर दिया। इस बीच जहां 29 मार्च को गुड फ्राईडे का अवकाश होगा। वहीं एक दिन बाद 31 मार्च रविवार को परीक्षाफल बांटे जाने हैं। इसलिए प्राथमिक शिक्षकों को 28 व 30 मार्च को ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर अगले दिन परीक्षाफल बांटने होंगे।

आमतौर पर परीक्षाएं संपन होने के बाद ही विभिन्न बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराते हैं। साथ ही मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों के लिए उत्तर पुस्तिकाएं जांचने का मानक तय है। इसलिए प्राथमिक शिक्षक एक या दो दिन में विभिन्न कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कराए जाने के फरमान से क्षुब्ध हैं। यह बात दूसरी है कि वह इस संबंध में मुखर होना तो दूर जबान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इसीलिए शिक्षकों ने भी खानापूरी करते हुए मूल्यांकन व परीक्षाफल तैयार करना तय कर रखा है।

## सांड़ ने पूर्व प्रधान को पटका, गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर सराय गांव में पूर्व प्रधान को मंगलवार एक सांड़ ने उठा कर पटक दिया। जिस कारण पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गये। आस पास के लोगों ने सांड़ को भगाया और उन्हें इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है । जहां उनकी हालत में अब सुधार है।

शंकरपुर ग्राम सभा के पूर्व प्रधान प्यारे लाल लोधी मंगलवार दोपहर घर से बाहर निकल कर गांव में किसी से मिलने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में एक सांड़ पीछे से आया और उन्हें उठा कर पटक दिया । सांड़ के पटकने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन आस पास के लोग दौड़े और सांड़ को वहां से भगाया। परिजनों ने उन्हें उपचा र के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# होलिका दहन स्थल मामले का हिंदू जागरण मंच ने लिया संज्ञान

संवाददाता परियर उन्नाव



स्थानीय लोगों व पुलिस से जानकारी लेते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरहली गांव में होलिका दहन स्थल पर एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा पानी भरने से दूसरी जगह होली जलाने से वर्ग विशेष के अराजकत्त्वों द्वारा माहौल खराब करने में पुलिस ने कई लोगों पर कार्यवाही कर शांति व्यवस्था कायम करते हुए डेढ़ सेक्शन पीएसी तैनात की हैं। मामले की सूचना पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी विमल द्विवेदी मौके पर पहुंचे और कोतवाली प्रभारी श्याम नारायन से क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे मदरसे व लाउडस्पीकर लगाकर नमाज पढो जाने की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की। योगेंद्र, आशीष, दिलीप, मिथलेश आदि सैकड़ों लोगों ने बताया कि उस वर्ग विशेष के लोग पहले भी ब्रह्मदेव के स्थान पर माहौल खराब करने की कोशिश की थी। बीते वर्ष लखनऊ में पकड़े गए तीन आतंकियों में रिजवान नाम के आतंकी की 13 दिन तक लोकेशन यहां की पाई गई थी। एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडे ने क्षेत्रीय लेखपाल से संबंधित मकान व आसपास की भूमि की रिपोर्ट 24 घंटे में प्रस्तुत करने को कहा है।

# चकबंदी अधिकारियों को हटाया जाए : बार अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दबाव में अधिकारियों के लंबे समय से तैनात होने का दावा
- प्रत्याशी के तौर पर अफसरों के काम करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजकर चकबंदी अधिकारी सहित लंबे समय से कार्यरत अन्य स्टाफ को स्थानांतरित कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी लंबे समय से इसी जिले में तैनात होने की वजह से दल विशेष के प्रत्याशी की तरह काम कर रहे हैं।

बार अध्यक्ष ने भेजे गए पत्र में लोक सभा निर्वाचन-2024 के लिए निर्धारित स्थानांतरण नीति का अनुपालन न किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। उन्होंने दावा किया है कि चकबंदी अधिकारियों रवी प्रकाश वर्मा व सुरेश चंद्र वर्मा यहां पांच वर्ष से अधिक समय से तैनात है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को चुनाव तिथियां घोषित होने से पहले ही स्थानांतरित कर दिया जाना था, लेकिन राजनैतिक दबाव में ऐसा नहीं किया गया। बार अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं सहित वादकारियों द्वारा लगातार चकबंदी अधिकारियों की कारगुजारियों की शिकायतें सुनने को मिल रही है। इससे उनके पद पर बने रहते आदर्श आचार संहिता के तहत निष्पक्ष चुनाव होने का दाव नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र पर अमल न होने पर वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलकर इस मामले की जानकारी देंगे।

## सार-संक्षेप



आग बुझाते गांव के लोग। अमृत विचार

### फूस के बंगले में लगी आग, हजारों का नुकसान

**बांगरमऊ।** क्षेत्र के गांव भिखारीपुर कस्बा निवासी रामू के फूस के बंगले में बुधवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने निजी साधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बंगले में रखी करीब 50 हजार रुपए कीमत का गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी।

### राधा-कृष्ण के भक्ति गीतों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के श्री राधा-कृष्ण मंदिर में बृज उत्सव का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को भक्तो ने बृज की होली खेली। । इस दौरान भक्त राधा-कृष्ण के गीतों पर जमकर झूमे। पोनीरोड स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में 25 से 3 मार्च तक बृज होली उत्सव समिति द्वारा मनाया जा रहा है। बुधवार की शाम मंदिर में राधा कृष्ण का प्रतिमाओं का फूलों से भव्य श्रंगार कराया गया । इसके बाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आये तमाम भक्त भजनों की धुन पर झूमते एक दूसरे पर अबीर गुलाल डालते रहे। कमल दोसर, सौरभ, ऋषभ, दिव्या गुप्ता, मीना व अमल बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

### लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र में पुल के पास बुधवार सुबह एक अधेड़ का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस पहुंची और जांच कर शव की शिनाख्त के प्रयास किये। शिनाख्त न होने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया है। बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे जाजमऊ पुल के पास करीब एक अधेड़ का शव पड़ा देख वहां से निकल रहे लोगों ने इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों व आसपास के निवासियों से उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। चौकी इंचार्ज विमल गोयल ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। लोगों के अनुसार वह कुछ दिनों से पुल के पास भीख मांगता रहता था। चौकी इंचार्ज के अनुसार, उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।

### डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत

**कानपुर देहात।** रनिया थाना क्षेत्र के किशरवल रोड तिराहे के पास बाइक सवार दो युवक बाइक अनियंत्रित हो जाने से डिवाइडर से टकरा कर मंगलवार की देर रात गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। विजय बहादुर सिंह (33) निवासी गोरा भूपका जालौन साथी असलम (38) कुठौंद जालौन निवासी के साथ चकरपुर मंडी जा रहे थे। किशरवल रोड तिराहे के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर हाईवे में गिर गई जिससे विजय बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि असलम को मामूली चोट आई थी। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। विजय बहादुर को हैलेट कानपुर रेफर कर दिया। जहां उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# नमाजियों की सुविधा को मस्जिद कमेटियां सक्रिय

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सड़क के बजाय मस्जिदों के अंदर ही नमाज कराने पर दिया जा रहा जोर

**अमृत विचार।** मस्जिदों में जहां तरावीह की नमाज पूरी होने की तैयारियां की जा रही हैं। वहीं रमजान के आखरी जुमा की नमाज पर भी नमाजियों को सुविधापूर्वक नमाज अता कराने के प्रबंध किए जा रहे हैं।

रोजेदारों सहित विभिन्न कारणों से रोजा न रख पाने वाले मुस्लिम भाई भी नजदीकी मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा करने पहुंचते हैं, इसीलिए मुस्लिम बाहुल्य आबादियों में ही नहीं शहर के प्रमुख मार्गों पर भी तरावीह के समय लोगों की आवाजाही काफी कम हो जाती है। रमजान के दिन बीतने के साथ अब शहर सहित जिले की तमाम मस्जिदों में तरावीह की नमाज पूरी होने की तिथियां तय की जाने लगी हैं। वहीं मस्जिदों पर रमजान के आखरी जुमा की नमाज भी होनी है। इधर सड़कों पर नमाज अता करने की मनाही लागू है। इसलिए मस्जिद कमेटियां अधिक से अधिक लोगों को मस्जिद परिसर में ही नमाज अता करने की सुविधा मुहैया कराने के प्रबंध कर रहे हैं। इसके लिए मस्जिदों के ऊपरी तल सहित स्वामित्व वाले अन्य खाली स्थानों पर दोपहर के समय नमाज अता करने वालों को धूप से बचाने के लिए अस्थाई इंतजाम करने की योजना तय हो रही है।

## गंगा घाट पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**शुक्लागंज।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में पूर्व के मामलों में वांछित चल रहे व संदिंग्धों की तलाश की जा रही है। इस दौरान गांव कन्हवापुर में आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसे कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि पुलिस द्वारा संदिग्धों व वांछितों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कन्हवापुर निवासी रंजीत कुमार पासी को पकड़ा गया है। जिसे कोर्ट पेशी में हाजिर न होने पर समन भेजा गया था। पकड़े गये वारंटी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया है।

# अप-डाउन लाइन पर घंटों ब्लॉक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- रेलवे पुल पर ट्रैक किनारे गिट्टी डालने का काम शुरू किया गया
- कई एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा, लोग हुए परेशान

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेलरूट पर बुधवार को रेलवे अधिकारियों ने करीब पौने तीन घंटे का ब्लाक लिया। इस दौरान डीएमटी वाहन से गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर गिट्टी उतारने का काम रेल कर्मियों ने किया। ब्लाक अवधि में अप व डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर बुधवार को डीएमटी वाहन गिट्टी लेकर पहुंचा था। रेलपथ विभाग ने गिट्टी उतारने के लिए दोपहर करीब 1:50 से 2:50 बजे तक का ब्लाक लिया गया। इस दौरान रेल कर्मियों ने अप ट्रैक के किनारे गिट्टी उतारने का काम किया। इसी तरह दोपहर में डाउन लाइन



रेलवे ब्रिज पर ब्लॉक के दौरान काम करते रेलकर्मी। अमृत विचार

किनारे गिट्टी उतारने के लिए ब्लाक लेकर गिट्टी उतारी गई। करीब पौने तीन घंटे के ब्लाक के दौरान अप व डाउन लाइन से गुजरने वाली कई एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

**स्नेह-बंधन** मिठाइयों की दुकानों में खरीदारी करने के लिये सुबह से भीड़

# बहनों ने टीका कर मांगी लंबी उम्र

संवाददाता, शुक्लागंज



दूज पर भाई को टीका लगाती बहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के अधिकांश जगह पर दूज पर्व मनाया गया । बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर रोचन कर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। नगर में मिठाईयों की दुकानों में खरीदारी करने के लिये महिला, युवयुतियां व पुरूषों की भीड़ रही।

भाईयों की लम्बी उम्र की कामना को लेकर होली पर्व की दूज तिथि पर भाई दूज मनाया जाता है। बुधवार को बहनों ने भाईयों की लंबी उम्र की कामना के लिये रोली व अक्षत का रोचन किया। होली की दूज तिथि के कारण बुधवार भीड़ अधिक थी जिस कारण बहनों को भाइयों तक पहुंचाने के लिये साधन ढूंढने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसका फायदा उठाते हुये ई रिक्शा व टैम्पो चालकों ने मनमाना किराया सवारियों से वसूला।

वहीं नगर की मिठाईयों की दुकानों में मिठाई खरीदने को लेकर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। नगर में सुबह से लेकर शाम तक मिठाई की दुकानों में भीड़ देखने को मिली ।

## युवक ने ब्लेड से काटा गला, गंभीर

**उन्नाव।** पत्नी से विवाद होने के बाद युवक ने ब्लेड से अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां उसकी हालत नाजुक देख डाक्टर ने सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मां सुखराना ने बताया कि माखी थानाक्षेत्र के दिलवल गांव निवासी कैलाश (42) पुत्र सरदार बिहार प्रांत में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। होली पर वह घर आया था। जहां उसने ब्लेड से अपनी गर्दन काट कर आत्महत्या का प्रयास किया है। हालत बिगड़ने पर परिजन तत्काल उसे नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। सुखराना ने बताया कि उसकी बहू राज कुमारी चार माह से अपने मायके में रह रही है। जो होली पर भी घर नहीं आई तो बेटे ने उसे फोन किया।

# दर्जनों दुकानों में लगी भीषण आग , मचा कोहराम

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी संकरे रास्ते पर फंसी

**अमृत विचार।** नगर की प्रमुख बाजार नौनिहाल गंज की फुलवड़िया मैदान में एक टेलर की गुमटी में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग ने करीब आधा दर्जन गुमटियों को अपनी चपेट में ले लिया और गुमटियों में रखा कपड़े व रेडीमेड कपड़ों का सामान धू-धूकर जलने लगा। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी संकरे रास्ते पर फंसने के चलते नागरिकों ने किसी तरह मिट्टी और पानी फेंककर आग बुझाने का प्रयास जारी रखा। अब तक आग से करीब आधा दर्जन गुमटियों में रखा करीब 50 लाख का माल जलकर खाक हो चुका है और करीब आधा सैकड़ा व्यापारी अपनी दुकानों से माल निकलने में जुटे हैं। आग अभी भी लगातार दुकानों को अपनी चपेट में लेती जा रही है।



आग की लपटें दूर-दूर तक नजर आ रही थी। अमृत विचार

नगर की प्रमुख बाजार नौनिहालगंज के फुलवाड़िया मैदान में सैकड़ों लकड़ी की गुमटियां रखी हैं। इन गुमटियों में करीब डेढ़ सैकड़ा व्यापारी कपड़े, रेडीमेड, परचून, सिलाई, पेंट व बीज तथा बटन स्टोर आदि का फुटकर और थोक व्यापार करते हैं। बुधवार रात सभी व्यापारी अपनी गुमटियों में ताला बंद कर अपने-अपने घर चले गए थे। रात करीब 10 बजे राजू टेलर की दुकान में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। गुमटी से आग की लपटें देख चौकीदार ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। किंतु फायर ब्रिगेड की गाड़ी फुलवाड़िया मैदान के संकरे रास्ते में फंस गई।

आग इतनी प्रचंड थी कि मात्र 10 मिनट के अंतराल में ही करीब एक दर्जन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज धुंआ और ऊंची लपटें देख तमाम नागरिक मौके पर पहुंचे और मिट्टी व पानी आदि फेंककर आग बुझाने का प्रयास किया किंतु सफल नहीं हो सके। तब तक किसी तरह फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ पहुंची। किंतु थोड़ी ही देर में गाड़ी का पानी खत्म हो गया और गाड़ी पानी भरने पुराने ओवरहेड टैंक पर चली गई। आग अभी भी सिलसिलेवार सभी दुकानों को अपनी चपेट में लेती जा रही है। आग के डर से करीब आधा सैकड़ा व्यापारी अपनी दुकानों से सामान निकालने में जुटे हैं। व्यापारियों के अनुसार अब तक आग से दुकानों में रखा कपड़ा, रेडीमेड, बटन-बकरम, परचून व सिलाई मशीन आदि सहित करीब 50 लाख का सामान जलकर राख हो चुका है। आग की सूचना पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की और संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# उखड़ गई टेंट सिटी, होटल-धर्मशाला भी हो गए फुल

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला जन्मोत्सव, मठ-मंदिर बनेंगे श्रद्धालुओं का ठौर

अयोध्या कार्यालय



अयोध्या में दर्शन के लिए आए श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों के लिए बनीं तीन प्रमुख समेत कई टेंट सिटी अब उखड़ गई हैं। होटल और धर्मशालाओं पर हाउस फुल के बोर्ड लगे हैं। ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले जन्मोत्सव में आने वाले भक्तों के लिए मठ-मंदिर ही ठौर बनेंगे। मठ-मंदिर भी इसके लिए तैयार हो रहे हैं। ज्यादा भीड़ हुई तो इसके लिए भी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले चैत्र राम नवमी मेले में अमूमन 20 से 25 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या आती थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला राम नवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू होने वाला है। तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने की संभावना है। तर्क यह है कि प्राण प्रतिष्ठा के दो महीने बाद भी भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोज करीब एक लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं। ऐसे में राम जन्मोत्सव पर करीब 35 लाख भक्त आने की संभावना है। उनके लिए मठ मंदिर ही ठौर बनेंगे।

**आठ हजार मंदिरों में भक्तों के ठहरने की बनाई जा रही व्यवस्था :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान रामलला का पहला जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाए जाने की तैयारी है। राम मंदिर, कनक भवन सहित लगभग आठ हजार मंदिरों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे। दशरथ महल, कनक भवन, करुणा निधान भवन, विभूति भवन, राम हर्षण कुंज, जानकी महल, मणि रामदास छावनी, राम हर्षण कुंज, बड़ा भक्त महल, हनुमान बाग सहित अन्य मंदिरों में रामकथा और अनुष्ठान का आयोजन प्रस्तावित है। बताया गया है कि आयोजनों में शामिल होने वाले भक्तों के रुकने की भी व्यवस्था यहां बनाई जा रही है। भीड़ का ठहराव को लेकर मंथन चल रहा है।

### मंदिर में भीड़ नियंत्रण को बनाया जा रहा होल्डिंग एरिया

- रामनवमी पर राम मंदिर में दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इनको नियंत्रित करने के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। ट्रस्ट परिसर के निकट 20 हजार दर्शनार्थियों के लिए होल्डिंग एरिया तैयार कर रहा है। कुछ दिन पहले निर्माण समिति की बैठक के बाद चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया था कि होल्डिंग एरिया को बनाए जाने की तैयारी पर मंथन किया गया। अयोध्या का हर मंदिर पवित्र स्थान है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

### आज बनेगी राम नवमी पर रणनीति

- राम नवमी की व्यवस्था को लेकर गुरुवार को बैठक होगी। इसमें सभी संबंधित विभागों को बुलाया गया है। एडीएम सलिल कुमार पटेल ने बताया कि बैठक में राम नवमी की व्यवस्था को लेकर चर्चा की जाएगी।

### क्या कहते हैं संत-धर्माचार्य



रामदिनेशाचार्य।

हरिधाम पीठ के महंत जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य ने कहा कि रामनवमी पर सभी मंदिरों में तरह-तरह के आयोजन होते हैं। राम कथाएं होती हैं। 10 दिन तक अनुष्ठान चलता है। रामलीला का आयोजन होता है। भगवान के जन्मोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। मंदिरों में व्यवस्था की जा रही है।



अवधेश दास।

बड़ा भक्त महल के महंत अवधेश दास ने कहा कि मठ-मंदिरों में शिष्यों और अनुष्ठान करने वाले भक्तों के रुकने की व्यवस्था की गई है। ये हर साल अनुष्ठान के लिए आते हैं। मठ से जुड़े श्रद्धालुओं को जगह दी जाएगी। अन्य श्रद्धालुओं की रुकने की व्यवस्था संभव नहीं हो पाएगी। प्रशासन को आने वाली भीड़ को लेकर विचार करना चाहिए।

### अप्रैल तक बुक हैं होटल व पेइंग गेस्ट हाउस

- होटल व्यवसायी अनूप गुप्ता ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की तरह रामनवमी को लेकर यहां के होटल अप्रैल तक बुक हो चुके हैं। दो से लेकर चार हजार रुपये तक प्रति रूम बुक हुए हैं।
- पेइंग गेस्ट हाउस संचालक राहुल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद अभी तक कोई भी रूम खाली नहीं रहा है। आगे रामनवमी को लेकर भी बहुत से लोग पहले से ही ठहरने के लिए बुक कर चुके हैं।

### राम नवमी पर होती है शिष्यों की भारी भीड़

- धर्मनगरी के मठ मंदिर देश के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले लोगों का गुरु घराना भी है। राम नवमी पर शिष्यों की भीड़ से मठ-मंदिर भर जाते हैं।

# जेल में रहकर भी अखिलेश यादव का सिरदर्द बने आजम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा के उम्मीदवार को लेकर हैं नाराज, डैमेज कंट्रोल करेंगे शिवपाल यादव





**अमृत विचार।** जेल के भीतर रहते हुए भी मो. आजम खां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का सिरदर्द बने हुए हैं। हालांकि ऐन चुनाव पर अपनी तुनकमिजाजी दिखाना मो. आजम के स्वाभाव में है, लेकिन इस बार वह जेल हैं, वाबजूद इसके उन्होंने पहले अखिलेश यादव को और अब पार्टी के बड़े नेता शिवपाल को अपने पास बुलाने को मजबूर कर रहे हैं।

दरअसल, रामपुर सीट पर अब सपा के अधिकृत प्रत्याशी मोहिबुल्लाह नदवी और मो. आजम के चहेते आसिम रजा आमने-सामने हैं। ऐसे में रामपुर सीट पर पेंच फंस गया है। इस मुद्दे पर आजम खान और अखिलेश यादव के बीच भी तनातनी से इंकार नहीं किया जा सकता। इस स्थिति में डैमेज कंट्रोल के लिए शिवपाल सिंह यादव सीतापुर जेल आजम खान से मिलने जा रहे हैं।

इससे पहले रामपुर में मंगलवार को आजम खान के करीबियों ने पत्रकारवार्ता कर चुनाव का बहिष्कार करने का घोषणा की थी। इसी से नाराज होकर सपा प्रमुख ने मोहिबुल्लाह नदवी को रामपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बना दिया। नदवी मूल रूप से रामपुर जिले के रहने वाले हैं और तुर्क बिरादरी संबंध रखते हैं। नदवी दिवंगत पूर्व सपा सांसद डॉ शफीकुर्रहमान बर्क के करीबी हैं। और दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट जमा मस्जिद के इमाम हैं।

वहीं, सूत्रों की मानें तो आजम खान मोहिबुल्लाह नदवी को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए आसिम राजा ने आज नामांकन पत्र खरीद लिया है। अब यह देखना यह होगा कि क्या सपा के नाम अब आजम खान और अखिलेश यादव के दो गुट रामपुर लोकसभा चुनाव में इस बार देखने को मिलेंगे या चाचा शिवपाल सिंह यादव स्थिति अपने मुताबिक कर लेने में सफल रहेंगे।

# एसबीआई में ग्राहकों के खातों से हेराफेरी

संवाददाता, प्रतापगढ़

- आरोपी लीलापुर शाखा प्रबन्धक निलंबित, हटाया गया गार्ड

**अमृत विचार :** एसबीआई की लीलापुर शाखा में ग्राहकों के फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस के अगेंस्ट लोनिंग करके शाखा प्रबन्धक ने करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। मामले कि जानकारी होने पर तत्कालीन मैनेजर पर आरोप लगाते हुए ग्राहकों ने बैंक पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान गुस्साए लोग पुलिस से भिड़ गए। सीओ के आने पर बताया गया कि मैनेजर को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। करीब चार घंटे हंगामे के बाद लोग शांत हुए। लीलापुर स्थित एसबीआई की शाखा में ग्राहकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस में अपने पैसे जमा किये हैं। लीलापुर थाना के घरौरा निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी ने इस बैंक में अपना 20 लाख रुपए फिक्स्ड कर रखा है। जमीन आदि के काम से वह 18 मार्च को बैंक पहुंचे और अपने फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम के भुगतान की बात मैनेजर जयनाथ सरोज से की।

आरोप है कि मैनेजर ने कुछ कागज पर हस्ताक्षर कराया और उनके फिक्स्ड डिपॉजिट पर लोनिंग की बात करने लगे। आशंका होने पर पीड़ित ने विरोध जताया तो उसके फिक्स्ड डिपॉजिट पर 18 लाख का लोन होने और ओडी के जरिए भुगतान हो जाने की बात उजागर हुई। जानकारी होते ही हनुमान ने यह बात अन्य ग्राहकों को बताई। खाताधारकों की छानबीन में बृजेश, सविता, निशा, नरेंद्र, मो. असफाक, सुभाष समेत कई ग्राहकों के साथ 10 करोड़ से अधिक की जमा रकम पर ब्रांच मैनेजर द्वारा उक्त तरीके से हेराफेरी की बात सामने आई। शिकायत मुख्य शाखा तक पहुंची तो 20 मार्च को ब्रांच मैनेजर जयनाथ सरोज को निलंबित करके विभागीय जांच शुरु हो गई।

इसके बाद शिखर अग्रवाल को कार्यभार दिया गया। एक गार्ड का भी ट्रांसफर कर दिया गया। फेराफेरी का यह मामला अन्य ग्राहकों तक पहुंचने ओर बुधवार को बैंक खुलते ही बड़ी संख्या ग्राहक पहुंचे और हंगामा करने लगे। लोग ब्रांच मैनेजर के चैंबर में घुसकर उनसे अपने अपने खाते का डिटेल मांगने लगे।

### सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने किया ट्वीट

एसबीआई में लीलापुर में हेराफेरी की बात सामने आने पर कुछ ग्राहकों ने समाजवादी पार्टी से विधानसभा विश्वनाथगंज से प्रत्याशी रहे सौरभ सिंह से मामले को अवगत कराया। ग्राहकों से बात करने के बाद सौरभ ने फोन पर अफसरों से बात की। अफसरों ने बताया कि ग्राहकों का पैसा जाने नहीं पायेगा, सभी के साथ न्याय होगा। सौरभ ने शासन - प्रशासन को एक्स समेत अन्य सोशल साइट पर ट्वीट किया।

# जौनपुर में अराजकतत्वों ने तोड़ी पंडित दीनदयाल की प्रतिमा

**जौनपुर।** बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर में स्थित राम जानकी तिराहे पर बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में स्थापित पंडित दीनदयाल की प्रतिमा को सोमवार देर रात अराजकतत्वों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं मूर्ति टूटने की घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इससे पहले प्रतिमा टूटने की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभव सिंह, भाजपा कार्यकर्ता व बदलापुर के थानाध्यक्ष रोहित मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे और पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि अराजकतत्वों द्वारा मूर्ति तोड़ी गई है। सुबह जब लोग घूमने निकले थे तो लोगों की नजर इस प्रतिमा पर पड़ी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दूसरी प्रतिमा की व्यवस्था की है।

# कमांडो के घायल होने के मामले की तस्वीर साफ नहीं

अयोध्या कार्यालय

- एडीजी व आईजी पीएसी ने आरजेबी परिसर पहुंच की जांच
- प्लाटून कमांडर के बयान पर टिकीं निगाह

**अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार शाम एके-47 की गोली लगने से घायल पीएससी प्लाटून कमांडर के मामले में अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। पीएसी के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सुजीत कुमार पांडेय व आईजी मध्य क्षेत्र अपर्णा कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने बुधवार को परिसर पहुंकर विस्तार से घटनाक्रम की जांच की। परिसर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगलवाया। उनके साथ पहुंचे आईजी प्रवीण कुमार व एसएसपी राजकरन नय्यर ने भी घटनाक्रम की जानकारी ली।

घटना के 24 घंटे बाद भी जांच-पड़ताल जारी होने के बात कही जा रही है। वहीं छाती पर बायीं तरफ गोली लगना और गोली का सीधे आर-पार हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। फ़िलहाल अभी कोई इन सवालों का जवाब देने को तैयार नहीं है। घायल प्लाटून कमांडर की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। सभी को मामले की तह तक पहुँचने के लिए घायल कमांडर के बयान का इंतजार है। लगभग छह माह से रामजन्मभूमि परिसर की कमांडो सुरक्षा ड्यूटी में तैनात लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी के ए दल के प्लाटून कमांडर सूबेदार मेजर रामप्रसाद (50) पुत्र अवसान निवासी ग्राम अचलपुर थाना जायस जनपद अमेठी को मंगलवार शाम लगभग छह बजे परिसर स्थित पीएसी पोस्ट में ही संदिग्ध हालात में एके-47 की गोली लग गई थी। फायरिंग की आवाज पर हलचल मच गई थी। एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय ने घायल प्लाटून कमांडर को श्रीराम अस्पताल पहुंचाया था। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर और फिर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था।

एफएसएल दस्ते ने मौका मुआयना व साक्ष्य संकलन किया है। फायर हुई एके-47 की बुलेट मौके से मिली है। यह ड्यूटी पर तैनात रामप्रसाद की खुद की एके-47 से चली या दूसरे की गन से, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### छानबीन में क्या निकला कोई बोलने को तैयार नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय पोस्ट पर कमांडो लालचंद सिंह और एक आंकिक शाखा का कर्मचारी मौजूद था। पुलिस दोनों से किसी स्थान पर पूछताछ कर रही है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने मंगलवार रात 12 बजे के बाद बयान जारी कर गन की सफाई के दौरान ड्यूटी पर मौजूद प्लाटून कमांडर के घायल होने तथा छानबीन जारी होने की बात कही थी, लेकिन छानबीन में क्या निकला? इस पर अभी कोई खुलासा नहीं किया है।

### ड्यूटी के दौरान असलहे के सफाई की जरूरत क्यों पड़ी

ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों के अनुसार आईसीयू वार्ड में भर्ती घायल प्लाटून कमांडर राम प्रसाद की हालत खतरे से बाहर है। उसको गोली छाती पर बाएं तरफ नजदीक से लगी और आरपार हो गई। जानकर सवाल उठाते हैं कि पोस्ट प्रभारी सूबेदार मेजर को ड्यूटी के दौरान असलहा की साफ-सफाई की जरूरत क्यों आन पड़ी? जबकि पीएसी में असलहा की सफाई का जिम्मा दूसरे कर्मी का होता है। वहीं गोली साफ़-सफाई के दौरान चलती तो शरीर में सुराख की प्रकृति अलग होनी चाहिए। फ़िलहाल अभी सब कुछ कयासों और चर्चाओं तक सीमित है। रामजन्मभूमि थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय का कहना है ज्यादा जानकारी पीएसी के अधिकारी ही दे पाएंगे। वहीं 32 बटालियन पीएसी के उप सेनानायक अरुण कुमार सिंह का कहना है कि जिला पुलिस ही जानकारी दे सकती है।

# राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाए नोटिस

अयोध्या कार्यालय

- कोर्ट ने दिए आदेश, याचिका पर 10 अप्रैल को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** मां कामाख्या धाम नगर पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद की पुनः मतगणना के मुकदमे में तीन विपक्षियों पर तामील पर्याप्त माना गया है। राज्य निर्वाचन आयोग को डाक से नोटिस भेजने का आदेश हुआ है। यह मुकदमा जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत में दायर किया गया है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता जीके दीक्षित ने बताया कि मां कामख्या धाम नगर पंचायत के निकाय के मई 2023 में हुए चुनाव में भाजपा के शीतला शुक्ला विजयी हुए थे। दूसरे नंबर पर सपा के अनित शुक्ला रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद की मतगणना पुनः कराने के लिए दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अनित शुक्ला ने जिला जज की अदालत में चुनाव याचिका दायर की है।

इसमें आरोप है कि सपा प्रत्याशी अनित शुक्ला को 221 मतों से पराजित घोषित किया गया। उनके 510 मत अवैध करार दिए गए थे। जिसमें 300 मत अवैध रूप से निरस्त कर दिए गए थे।

मुकदमे में भाजपा उम्मीदवार शीतला शुक्ला को जिताने का आरोप लगाया गया था। अधिवक्ता ने बताया कि वह जिला जज की अदालत में उपस्थित हुए और उन्होंने अदालत में उपस्थित न हो रहे विपक्षी शीतला प्रसाद शुक्ला, जगदीश प्रसाद, सुशील कुमार पांडेय पर तामील मानने की प्रार्थना की। निर्वाचन आयोग को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेजने का आदेश दिया गया है।

उनके द्वारा दिए गए त्वरित निस्तारण के प्रार्थना पत्र को अगली पेशी पर सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि नियित की।

# मायावती के साथ चुनाव का प्रचार करेंगे आकाश आनन्द

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** बसपा के चुनाव प्रचार की बागडोर प्रमुख मायावती के साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनन्द भी संभालेंगे। इसकी शुरूआत एक अप्रैल से होगी। एक माह पार्टी की तरफ से प्रदेश में 25 चुनावी रैलियां होंगी। आकाश आनन्द 6 अप्रैल से प्रचार करेंगे।

लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के चुनाव का नामांकन खत्म हो चुके हैं। अन्य पार्टियों की तरह बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कार्यक्रम में तहत, प्रचार की शुरूआत पश्चिम उप्र से मायावती खुद करेंगी। प्रदेश में पहली बार नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश आनन्द को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनकी चुनावी रैलियां छह अप्रैल से होंगी, जो कि पूरे अप्रैल माह चलती रहेंगी। लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर ने बताया कि चुनाव प्रचार का कार्यक्रम तय तो है, मगर अभी हम लोगों के पास अधिकारिक रूप से सूचना नहीं मिली है।

# श्रीराम की जन्मस्थली पर बना मंदिर

अयोध्या कार्यालय



राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने ली गारद की सलामी। अमृत विचार

- कर्नाटक के राज्यपाल बोले साक्षात देखा अयोध्या का विकास

**अमृत विचार :** सैकड़ों वर्ष के बाद एक ऐतिहासिक मांग पूरी हुई है। अयोध्या राम की जन्मस्थली है और उनकी जन्मस्थली पर भव्य राम मंदिर बना है। अभी तक अयोध्या के विकास को टीवी पर देखा था। आज साक्षात देख लिया है। अयोध्या विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है। ये बातें बुधवार को रामलला के दर्शन के बाद कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहीं।

सर्किट हाउस बुधवार सुबह पहुंचे राज्यपाल थावरचंद गहलोत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने हनुमानगढ़ी में भी पूजन अर्चन किया। दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने कहा मेरी और भारतवासियों की धर्म और संस्कृति के प्रति अटूट आस्था है। इसलिए मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं रामलला के दर्शन करूं। भारत ऋषि मुनियों का देश है। देशवासियों से अपील करता हूं कि वे यहां आएं।

फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र

अंत में जीत का सेहरा कांग्रेस प्रत्याशी रहे सलमान खुर्शीद के सिर पर ही सजा था

# अंगूठा टेक अनवार ने खुर्शीद को दी थी टक्कर





चंद्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कहते हैं राजनीति में शिक्षित होना जरूरी नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में पारंगत होना बहुत महत्वपूर्ण है। तभी तो कम पढ़े-लिखे लोगों को राजनीति ज्यादा भाती है और ये लोग पढ़े-लिखे लोगों को टक्कर देते हैं। वर्ष 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में कुछ ऐसा ही देखने को मिला भी था। अंगूठा टेक अनवार खां ने कैंब्रिज से पढ़ाई कर लौटे सलमान खुर्शीद को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि अंत में जीत का ताज सलमान खुर्शीद के सिर ही बंधा था।

विकास खंड कायमगंज क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी अनवार खां अंगूठा टेक जरूर थे, लेकिन राजनीति के क्षेत्र में वह किसी डिग्री धारक से कम नहीं थे।





लोकसभा फर्रुखाबाद का मानचित्र। अमृत विचार

### हर किसी की मदद करने में आगे रहते थे अनवार खां

अनवार खां को जनता ऐसे ही नहीं पसंद करती थी। छोटे से छोटे कार्यकर्ता व उनके यहां फरियाद लेकर आए ग्रामीण के लिए वह पुलिस तक से भिड़ जाते थे, जबकि सलमान खुर्शीद किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने से कतराते थे।

वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में राजनीति के पुरोधा कहे जाने वाले अनवार खां पर सपा ने दांव लगाते हुए चुनावी मैदान में उतारा। वहीं कांग्रेस ने पितौरी के ही रहने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री खुर्शीद आलम के बेटे कैंब्रिज से पढ़ाई पूरी कर लौटे सलमान खुर्शीद को टिकट दी। चुनाव के दौरान सलमान खुर्शीद को अनवार खां ने कड़ी चुनौती दी। आखिरकार कांटे की टक्कर में सलमान खुर्शीद ने 38,150 वोटों से जीत दर्ज की तो अनवार खां उप विजेता रहे थे।

### फर्रुखाबाद सीट से अब तक बने सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | मूल चंद्र दुबे | कांग्रेस |
| 1957 | मूल चंद्र दुबे | कांग्रेस |
| 1962 | मूल चंद्र दुबे | कांग्रेस |
| 1963 | राम मनोहर लोहिया | ससोपा |
| 1967 | अवधेश चंद्र सिंह राठौर | कांग्रेस |
| 1971 | अवधेश चंद्र सिंह राठौर | कांग्रेस |
| 1977 | दया राम शाक्य | जनता पार्टी |
| 1980 | दया राम शाक्य | जनता पार्टी |
| 1984 | खुर्शीद आलम खां | कांग्रेस |
| 1989 | संतोष | भारतीय जनता दल |
| 1991 | सलमान खुर्शीद | कांग्रेस |
| 1996 | सच्चिदानंद हरि साक्षी | भाजपा |
| 1998 | सच्चिदानंद हरि साक्षी | भाजपा |
| 1999 | चंद्र भूषण सिंह | सपा |
| 2004 | चंद्र भूषण सिंह | सपा |
| 2009 | सलमान खुर्शीद | कांग्रेस |
| 2014 | मुकेश राजपूत | भाजपा |
| 2019 | मुकेश राजपूत | भाजपा |

# अपराधियों के विरुद्ध शिकंजा मुख्य मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा नेताओं ने जारी किए तुलनात्मक आंकड़े

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों में यूपी की समस्त 80 सीटों पर बीजेपी की विशेष नजर है। ऐसे में यूपी में अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को यूपी सरकार की उपलब्धियों में विशेष रूप से गिनाया जाएगा। भाजपा नेताओं का दावा है कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते उत्तर प्रदेश में विगत 7 वर्षों में एक भी सांप्रदायिक हिंसा की घटना नहीं हुई। भाजपा प्रवक्ताओं के मुताबिक यूपी में पहले जंगलराज हुआ करता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

नवंबर 2019 से नवंबर 2023 के बीच प्रदेश के कुल 68 चिन्हित माफिया अपराधी व गैंग के सदस्यों द्वारा अवैध कृत्यों से अर्जित 3723 करोड़ से अधिक की संपत्तियों का जब्तीकरण व ध्वस्तीकरण किया गया। अन्य विभिन्न माफिया की जनवरी 2021 से अक्टूबर 2023 तक गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत 4268 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत मार्च 2017 से नवंबर 2023 तक कुल 22,301 अभियोग पंजीकृत किए गए, जबकि 70,879 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इसके साथ ही 120 अरब रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस दौरान 192 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 5800 घायल हुए। डकैती में 87 प्रतिशत से ज्यादा, लूट में 72 प्रतिशत से ज्यादा, हत्या के मामलों में 40 प्रतिशत, फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में 68 प्रतिशत और बलात्कार के मामलों में 24 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई। इसी तरह 2016 की तुलना में 2023 तक में व्यापक पैमाने पर कार्रवाई हुई।

# पीवी रामाशास्त्री की मूल कॉडर में वापसी

**लखनऊ।** 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं यूपी में एडीजी कानून-व्यवस्था जैसी जिम्मेदारी संभाल चुके पीवी रामाशास्त्री को केंद्र सरकार द्वारा उनके मूल कॉडर में वापस भेज दिया गया है। पीवी रामाशास्त्री बीएसएफ में स्पेशल डीजी (ऑपरेशंस) के पद पर तैनात थे। उनका कार्यकाल पूरा होने से पहले वापस भेजा गया है। हालांकि पुलिस मुख्यालय के सक्षम अफसरों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक पीवी रामाशास्त्री बृहस्पतिवार को राजधानी आकर डीजीपी मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग देंगे। तत्पश्चात उन्हें किसी महत्वपूर्ण पद पर तैनाती दी जा सकती है। केंद्र सरकार द्वारा कार्यमुक्त करने के 48 घंटे के भीतर उनके वापसी करने को लेकर भी तमाम अटकलें लग रही हैं। चर्चा है कि उन्होंने खुद यूपी वापस जाने की इच्छा जताई थी। गौरतलब हो कि पीवी रामाशास्त्री आईपीएस अधिकारियों की वरिष्ठता सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

अतितृष्णा न कर्तव्या तृष्णां नैव परित्यजेत् ।
शनैः शनैश्च भोक्तव्यं स्वयं वित्तमुपार्जितम् ॥

अधिक इच्छाएं नहीं करनी चाहिए पर इच्छाओं का सर्वथा त्याग भी नहीं करना चाहिए। अपने कमाए हुए धन का धीरे-धीरे उपभोग करना चाहिए॥

## संपादकीय

# सतर्क रहने की जरूरत

पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। 22 मार्च को मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 137 लोग मारे गए। वैश्विक स्तर पर खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट खुरासान ने रूस में की गई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित किए गए गुट 'इस्लामिक स्टेट' का ही अंग है। इस चरमपंथी संगठन को 'आईएसके' कहा जाता है जो इस्लामिक स्टेट खुरासान का संक्षिप्त रूप है। इसका पूरा ध्यान अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान पर केंद्रित है। खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन 'आईएसआईएस-के' का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया किया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। ये ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के विभिन्न देशों में पैर पसार चुके हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। ऐसे में क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। मास्को में हुए आतंकी हमले से भारत को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईएस से निपटने के लिए विभिन्न देशों को उन भू-राजनीतिक स्थितियों पर ध्यान देने की जरूरत है जो आईएस को फिर से संगठित होने में मदद कर रही हैं। जब तक तालिबान विविध आबादी वाले कट्टरपंथी अफगानिस्तान पर अपना एकमात्र पश्तूनों वाला शासन जारी रखेगा और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अस्थिरता, युद्ध एवं अराजकता का माहौल बना रहेगा, तब तक आईएस जैसे समूह फलने-फूलने और हमले करने के रास्ते ढूंढते रहेंगे।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस व साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसमें आतंकी वित्तपोषण और इससे संबद्ध चुनौतियों के चलते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए और इस समस्या से संगठित तरीके से निपटा जाए। आतंकवाद को वैश्विक घटना मानने के बावजूद आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत परिभाषा देने के लिए पूर्व में किए प्रयास बेकार साबित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद की चुनौती को परास्त करना चाहिए। आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा को स्वीकार करना और आतंकवाद के प्रायोजक राष्ट्रों पर वैश्विक प्रतिबंध लगाना शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# गणतंत्र में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जन दर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं।



> संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्य तंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

भारत में पश्चिमी नस्ल की डेमोक्रेसी के संवैधानिक अंतरण के बाद हिंदी में कई तरह के अनुवाद इस्तेमाल होते हैं। दरअसल डेमोक्रेसी शब्द का चरित्र परत दर परत व्यावहारिक होता है। विदेशी विचारों के आयात का यह भी एक तिलिस्म है कि दरअसल भारत के लोग समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके लिए जम्हूरियत का असली अमल क्या है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू को टोका था कि उनके संविधान के मकसद वाले भाषण में डेमोक्रेसी शब्द का उल्लेख नहीं होकर भारत में रिपब्लिक अर्थात् गणतंत्र की स्थापना करना कहा गया था।

गणतंत्र और डेमोक्रेसी में साफ-साफ फर्क है। नेहरू ने शायद पुरानी यूनानी सभ्यता के छोटे-छोटे रिपब्लिक को ध्यान में रखकर उसका भारत के भविष्य प्रशासन के लिए सायास उल्लेख किया होगा। अंबेडकर और नेहरू की पश्चिमी दृष्टियों में कई समानताएं होने के बाद भी बहुत बारीक अंतर भी रहे हैं। संविधान के पंडित अपनी व्याख्या में इस दृष्टि भेद का फलक विस्तृत करने उस स्पेस में नहीं जाना चाहते। इससे कई तरह के सवाल उठते हैं। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य नेता के मुकाबले गांधी भारत में ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना के पक्ष में थे। वह एक तरह से यूनानी प्रकारांतर से समझा जा सकता है। हकीकत ऐसी नहीं थी। भारत में पंचायत को राज्यतंत्र की बुनियादी इकाई के रूप में अमल में किया गया है। उसकी बैठकें पूरे ग्राम समाज के सामने होने से उसका जनसमर्थन के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी।

गांधी साहित्य में डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ प्रजातंत्र लिखा गया है। गांधी भारत के इतिहास में सामंती शासन की प्रजा के अधिकारों और समझ को लेकर सूक्ष्म जानकारियों से लैस थे। उन्होंने कई बार रेखांकित किया है कि बहुत निचले स्तर पर भी यदि जनता में एका हो तो राजा की आज्ञा को चुस्त-दुरुस्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे नए राजनीतिक अहिंसक हथकंडे सुझाए थे। सामंती शासक के खिलाफ, नफरत, विद्रोह या सामाजिक क्रोध को गांधी ने उकसाने की कोशिश नहीं की थी। इसलिए प्रजातंत्र शब्द में सामंतशाही का भग्नावशेष शामिल शरीक होता है। अन्य संविधान निर्माताओं के खिलाफ जाकर अंबेडकर ने पंचायत आधारित शासन प्रणाली को खारिज कर दिया। उन्होंने व्यक्ति अर्थात् निर्वाचक मतदाता को राज्यतंत्र खड़ा करने का बुनियादी आधार बनाया। यही कारण है बाद में मतदाता के वोट के आधार पर पंचायतें और नगर पालिका संस्थाओं से लेकर विधान सभाओं और संसद के लिए निर्वाचन हो रहे हैं। निर्वाचकों के ये प्रतिनिधि कम से कम पांच वर्ष के लिए सत्ता के केंद्र बन ही जाते हैं।

नए व्याकरणशास्त्री इसे जनतंत्र शब्द से संबोधित करते हैं। लगभग 130 करोड़ की आबादी के देश में कोई 50 प्रतिशत मतदाता हैं। बौद्धिक फरेब में यह माना जाता है कि उनकी ही हुकूमत चल रही है। ऐसी हुकूमतशाही में सामूहिकता नहीं होती। वह व्यक्तिवादी हो जाती है। उसे बमुश्किल कुछ सौ सदस्य संसद में और कुछ हजार विधायक विधान सभाओं में चलाते हैं। संविधान में अंग्रेजी के ज्ञानशास्त्र से सीधा उधार लेकर सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी और अधिकार मंत्रि परिषद के लिए कायम हुआ है। संविधान से इतर कई परंपराओं ने संविधान की समझ की काठी को कस दिया है। इसलिए देश और प्रदेश सामूहिक जिम्मेदारी के बदले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के निर्देशों, विवेक और व्यक्तित्व के आधार पर चलते हैं। सामूहिकता का ढोंग पालते जरूर हैं। इस तरह पश्चिम समझ की बराबरी के लोगों में प्रथम के आधार पर समझे जाने वाले प्रधानमंत्री के बदले बराबरी रहित और व्यक्ति पूजा के केन्द्र प्रधानमंत्री में डेमोक्रेसी निहित हो गई है। डेमोक्रेसी का सही अनुवाद तो लोकतंत्र है अर्थात् होना चाहिए। लोक एक अद्भुत शब्द है। उसमें सब कुछ समाहित है। गैरमतदाता, बच्चे, मुफलिस, निरक्षर, संक्रामक बीमारियों से पीड़ित, भिखारी, मानसिक व्याधियों के शिकार, संन्यासी, गुमशुदा लोग, अनाथ और हर तरह के वंचित भी लोक का प्रामाणिक हिस्सा होते हैं। वे प्रतिनिधि नहीं चुनते, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि उनके लिए भी होते हैं। लोक ही सत्ता का लिहाफ होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोक के प्रति लगातार उत्तरदायी होने की समझ विकसित कर सकते हैं।

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जनदर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं। उन्हें जनवादिता का अर्थ ही समझ नहीं आता। वे वोट देने वाले निर्वाचक मतदाता को निरर्थक या शासक देह की केंचुल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। देश की राजनीति बहुत से कूढ़मगज, एकांगी और आधी अधूरी समझ के नेताओं और नौकरशाहों के हवाले है। आजादी के इतिहास, देशज सांस्कृतिक परंपराओं, लोक जीवन की विविधताओं, पुश्तैनी समझ के समाज के आत्मिक प्रयोगों और अनुभवों की सांस्कारिता वगैरह को लेकर शासन की केंद्रीय एजेंसियों को कुछ अता-पता नहीं है। इसलिए सत्ता और शासित के अलग-अलग लोक बन गए हैं। पहले भी किले, उनकी प्राचीर और उनके अलग उपनिवेशों में रहते लोग जनता के लिए दर्शनीय वस्तुएं होते थे। आज भी वही हैं। मंत्रियों की कोठियों के अतिरिक्त अब उद्योगपतियों की हवेलियां भी उग गई हैं। वहां हुकूमत का तिलिस्म और तिलिस्म की हुकूमत की दिन-रात की आंखमिचौली होती है। तथाकथित हम भारत के लोग हैं, जो अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ बूझने में सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्यतंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

## प्रसंगवश

# समाचार की नई परिभाषा

> यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

मैं मीडिया की क्लास लेता था। प्रारंभ में ही विद्यार्थियों से पूछा करता था-प्रतिक्षण कोटि-कोटि घटनाएं घट रही हैं, गांव और गली से लेकर राजधानी तक, देश और विदेशों तक। अब विचार करके बतलाओ कि इनमें से कौन सी घटना समाचार बन सकती है? फिर अपनी बात समझाता कि इन कोटि-कोटि घटनाओं में से जो भी घटना व्यक्ति, समाज और विश्व के लिए जीवन का कोई संदेश दे सके बस, वही घटना हमें संकलित करनी है और उसे संदेश का रूप देना है, किंतु आज विभिन्न चैनलों को देख रहा हूं। समाचार की परिभाषा ही बदल गई है। कल तक हम लोग अपनी-अपनी कक्षाओं में बतलाया करते थे कि समाचार एक संदेश होता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह परिभाषा अब आउट ऑफ डेट हो गई है। आज की नई परिभाषा है कि 'समाचार एक सौदा होता है, इस हाथ दे और उस हाथ ले।' अब पत्रकारिता या मीडिया लोकतंत्र का खंभा नहीं रहा, अब वह मीडिया घरानों के स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने के लिए विस्फोटक बन चुका है। समष्टि हित के विरुद्ध व्यष्टिहित का साधक। सर्वथा अविश्वसनीय, लेकिन यह शुरुआत तो ग्लोबलाइजेशन के मुखौटे में हुई थी। उस समय सूचना क्रांति के नाम से यहां हरियाणा साहित्य अकादमी के सेमिनार में मैंने कहा था कि यदि इस पर सामाजिक नियमन नहीं हो सका तो यह मीडिया देशद्रोह की सीमा तक जा सकता है।

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

# घोषणा पत्र में शामिल करें पर्यावरण के मुद्दे



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें।

लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं, रैलियों, मीटिंगों को आयोजित करने की तैयारी में व्यस्त हैं। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है।

सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक, मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी, विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को, समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने, महंगाई को कम करने, भ्रष्टाचार को खत्म करने, रोजगार उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ, रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है।

हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जल कर, बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है, कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है, गैस-पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं, किंतु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है, आगे भी शायद दिखाई दे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरुआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी, जलाशय, भूमिगत जलस्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टैंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जलाकर नई फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी, जलाशय आदि जल स्रोतों में कभी जनता द्वारा, कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। न ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है।

विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी-छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित या मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा, पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं, स्वस्थ रखते हैं, उम्र में वृद्धि करते हैं, विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं, उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु, प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु, जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए, दम तोड़ती नदियों, सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए, साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में पर्यावरण आवाज बनेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को, राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप के साथ, कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा?

वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है, क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों (भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है।

अतः पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें। मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में, चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है।

## सोशल फोरम

# वोटों का खेल



मर्लिन मुनरो की कई मूर्तियां विदेशों में जगह-जगह लगी हुई हैं, जो अगर भारत मे लग जाएं तो हमारी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। इसे हम पश्चिम की नकल करार दे इसकी भर्त्सना करेंगे, लेकिन क्या ये बात हैरान करने के साथ तकलीफ देने वाली नहीं है कि हर गली, मोहल्लों, कस्बों, शहरों के चौक-चौराहों पर धर्म स्थल बना अपनी संस्कृति बचाने का दिखावा करने वाले लोग दरअसल दुनिया में सबसे ज्यादा पोर्न देखने वाले लोग हैं।

1100 साल पूर्व चंदेल वंश के लोगों ने खजुराहो की मूर्तियां बनाई। देखा जाए तो उस समय के पश्चिम के मुकाबले हमारे पूर्वज बहुत खुले विचारों के रहे होंगे। अब सवाल है कि आखिर इतने खुले विचारों वाले लोग यहां तक कैसे पहुंच गए? शायद एक सोची समझी नीति के तहत खुली हुई विचारधारा की भारतीय संस्कृति पर इसके अतीत को लाद दिया गया और हमारा अतीत हम पर इतना भारी पड़ गया कि हम आजतक इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहे हैं। अब हाल ये है कि हम जो दिखते हैं, वो है नहीं और हम जो नहीं हैं, वही हम दिखते हैं। अपने संस्कृति प्रधान देश की हकीकत ये है कि इस देश में हर 15 मिनट में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है और छेड़छाड़ की घटनाएं तो इससे कहीं ज्यादा हैं। इसमे भी अधिकतर बलात्कार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में होते हैं, जहां संस्कृति बचाने का दावा सबसे ज्यादा किया जाता है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

बहरहाल मेरे एक मित्र का मानना है कि जिस दिन विदेशों जैसी मूर्तियां बनाने से वोट मिलने लग जाएंगे उस दिन विदेशी भी हमारी मूर्तियां देख शर्मा जाएंगे। आखिर हम वात्स्यायन के देश के लोग हैं। अपना हुनर भूले नही हैं। जरूरत पड़े तो हम इरोटिक में भी विश्व गुरु बनकर दिखा सकते हैं। फिलहाल तो जरूरत वोटों की है। खेल वोटों का है।

-फेसबुक वॉल से

# हमने एक दुनिया को मोबाइल में सिमटते देखा है



हफीज किदवई
लेखक

> यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं।

हमें लगता है धरती की सबसे किस्मत वाली जेनरेशन रहे हैं हम या फिर हम सबसे बड़े बदलावों को देखने वाले लोग हैं। हमने गांव में बिना लाइट के लालटेन और लैंप देखे, खाना पकाने को चूल्हे और अंगीठी देखी। पेट्रोमैक्स और स्टोव देखा। हीटर और गैस चूल्हा देखा। टेलीफोन देखा, पेजर देखा, मोबाइल की हर किस्म देखी। रेडियो सुना, पॉडकोस्ट सुने। बड़ी और मोटी-मोटी फिल्म के कैसेट देखी, वीसीआर देखा, पर्दा और प्रोजेक्टर देखा। सिंगल स्क्रीन सिनेमा से मल्टीस्क्रीन सिनेमाहॉल देखे। 7 डी फिल्में देखी। खेत से आए घर में उबले भुट्टे खाए, तो अमेरिकन भुट्टे भी देख लिए। ज्वार को खुद भुनवाया तो दुनिया का हर तरह का कॉर्न देख और खा लिया। पिसा कोयला, दातून, चूल्हे की पकी मिट्टी, गुल, हुक्के की राख, कोलगेट पाउडर, लालदंत मंजन और फिर तरह-तरह के टूथपेस्ट इस्तेमाल किए।

हम वह लोग हैं, जिन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बने देखा। अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बने देखा। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की चाल देखी। मदर टेरेसा, दलाई लामा, क्वीन एलिजाबेथ, सद्दाम हुसैन, यासर अराफात, जनरल गद्दाफी समेत दुनिया के तमाम टॉप लीडर देखे। अपने यहां सोमनाथ चटर्जी, मुलायम, लालू, काशीराम, शरद, करुणानिधि, बाल ठाकरे, मौलाना अली मियां, कल्बे सादिक तो न जाने कितने ही तरह के इतिहास बनाते लोग देखे। अमेरिका में दोनों तरह के बुश और लादेन के चैप्टर को देखा। हमने दुनिया को करवट लेते देखा है। तरक्की की तरफ बढ़ती अपनी मिट्टी को, धर्म के दलदल में फंसते देख रहे हैं। दुनिया को टेक्नोलॉजी में चैलेंज देने वाली अपनी पीढ़ी को नारे लगाकर भीड़ बनते देखा है। हमने दुनिया का नक्शा बनते बिगड़ते देखा है। हमने लता मंगेशकर, कपिल देव, इमरान खान, सचिन तेंदुलकर, पेले, मैराडोना, शारापोवा, विश्वनाथन आंनद, पंकज आडवाणी, हुसैन बोल्ट, जिदान, दिलीप कुमार, शाहरुख खान, हेलन, आशा पारिख, ऋषि कपूर, वहीदा रहमान, सलमान, आमिर, दिव्या भारती, श्री देवी, ऐश्वर्या को भी देखा है। हमारे सामने हैरी पॉटर आकर हिट हुई। हमने ही सुपर हीरो को बनते देखा है।

हम दुनिया की वह जेनरेशन है जिसने सिल बट्टे पर पिसी चटनी और मैकडोनाल्ड के पिज्जा, दोनों खाए हैं। हमें दोनों पसंद हैं। हमने तराने की तरह गा-गाकर पहाड़े याद किए हैं और अब हिसाब को चुटकियों में करने के लिए एआई का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने तख्ती और खड़िया इस्तेमाल की है और फिर बोलकर आईपैड पर लिखा भी है। हमने कोडैक के कैमरारोल और रील का धुलना देखा है, फिर डिजिटल कैमरे, डीएसएल आर के साथ अपने हाथ में बेहतरीन कैमरे देखे हैं। हमने बैंक में तांबे का टोकन लेकर पैसे भी जमा किए हैं और अब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करते हैं। अपने कजिंस के साथ अंताक्षरी खेलकर रात-रात जागें भी हैं और अब रील देखकर उन्हीं कजिंस को इग्नोर भी करते देखा है। हमने जुगनू भी देखे हैं और अब उन्हें न देख पाने की तड़प भी देख रहा हूं। हम बैलगाड़ी पर भी बैठें हैं और दुनिया की तेज तरीन गाड़ियों पर भी हाथ आजमाए हैं। पोलियो को होते और उसे खत्म करते हुए देखा है। हमने बरगद के घने पेड़ को बोनसाई बनते देखा है। हमने एक भरी पूरी दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है।

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं। हमने मौत की खबर को तार से जाते हुए और उसे सुनकर बेहोश होते इंसानों को देखा है और अब लाइव लोगों को मरते हुए देख जरा भी अफसोस न करने वाले उन्हीं लोगों को देख रहे हैं। हमने इंसान से हैवान बनते देखा है। हमने एक दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है। हम है वह खुशकिस्मत लोग, जिन्होंने जिंदगी का हर जायका चखा है।

# अश्लीलता फैलाते ओटीटी प्लेटफार्म

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म हमारे समाज को दूषित करने में लगे हुए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जाती है, जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरोटिक कंटेंट के नाम पर लगातार पोर्न कंटेंट परोसा जा रहा है जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। इरोटिक का अर्थ सेक्स को मानवीय संवेदना के तौर पर पेश करना होता है, लेकिन पोर्न और इरोटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मक के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। यहां अश्लीलता का बाजार सज चुका है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

बीते दिनों इसी दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देश के भीतर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बैन कर दिया है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में वल्गेरिटी, न्यूडिटी और ड्रग्स एब्यूज को इस हद तक ग्लैमराइज किया जा रहा है कि बच्चे इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। आजकल ओटीटी पर प्रसारित होने वाली 10 में से 8 वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं, जिन्हें हम परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। इन शो और वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों के साथ-साथ अभद्र भाषा परोसी जा रही है। अब तो स्तर इस हद तक गिर गया है कि स्टूडेंट्स और टीचर्स तक के रिश्ते को भी असभ्य तरीके से दिखाया जा रहा है जिसका समाज पर नकारात्मक असर हो रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर पोर्नोग्राफिक यानी अश्लील कंटेंट 1200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़े हैं, जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी को प्रभावित कर रहे हैं और जिसकी वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है।

टेक्नोलॉजी की नित नई उपलब्धि से भले ही दुनिया हथेली में सिमट कर रह गई है, लेकिन इस टेक्नोलॉजी ने हमारे आसपास से क्या कुछ नहीं छीना है? गौर करेंगे तो हम देखते हैं कि इसी तकनीक ने बच्चों की मासूमियत को छीन लिया है। इसी तकनीक ने अब मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है, जो एक सभ्य समाज के लिए बेहद दुखद और त्रासदीपूर्ण है। ऐसे में तकनीक ने भले हमें सक्षमता प्रदान की है, लेकिन इसी सक्षमता के साथ हम सभी मानसिक रूप से रुग्ण बनते जा रहे हैं। आज हमारे टीनएजर्स इसी तकनीक की वजह से मानसिक रूप से कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहें हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। देखा जाए तो देश-दुनिया में इंटरनेट की लत से छुटकारा दिलाने की कोई बेहतर नीति नहीं है। इंटरनेट पर क्या देखा जा रहा है? कोई पता लगाने वाला नहीं है, यह खतरनाक स्थिति है।

वाराणसी में होली मिलन समारोहों के साथ चटख हुआ भाजपा का रंग, कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय बता रहे मैं काशी का बेटा

# काशी में केसरिया छटा गहराई डमरू के साथ बज रही शहनाई




मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में होली मिलन समारोहों में शहनाई और शास्त्रीय संगीत की सुर और ताल के बीच चुनावी रंग चटख हो गया है। हालांकि यहां मतदान सातवें चरण में पहली जून को होना है, लेकिन चारों ओर केसरिया छटा बिखर चुकी है । लोगों के घरों पर राम मंदिर की स्थापना के समय लगाए गए भगवा ध्वजों के साथ अब भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्याशिता घोषित होने पर शहर भर में रंग, गुलाल और आतिशबाजी के साथ होली और दीपावली एक साथ मनायी थी। नौ मार्च को मोदी के शहर आने पर लोगो ने पुष्पवर्षा करते हुए इस बार जीत की हैट्रिक ही नहीं, देश में सबसे बड़ी विजय होने का शंखनाद किया था। 2014 के चुनाव में वाराणसी सीट पर नरेंद्र मोदी को पौने छह लाख वोट मिले थे, 2019 में करीब पौने सात लाख वोट मिलने से उनकी जीत का आंकड़ा और बढ़ गया था। इस बार मोदी का मुकाबला करने तीसरी बार मैदान में उतरे गठबंधन प्रत्याशी यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लेकर लोगों की उत्सुकता सिर्फ इतनी भर है कि वह कितने वोट बटोर पाएंगे । गौरतलब है कि वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में अजय राय तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्तमान में वाराणसी जिले की सभी आठ विधान सभा सीटों पर भाजपा गठबंधन का कब्जा है। भाजपा के यहां बढ़ते ग्राफ को इसी से समझा जा सकता है कि 2009 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने 30.5% वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जो 2014 में नरेंद्र मोदी के लिए 56.4% और 2019 में 63.6% तक पहुंच गई थी इस बार भाजपा का लक्ष्य यहां तीन चौथाई से ज्यादा वोट हासिल करने का है।

वाराणसी की सभ्यता, संस्कृति और आस्था का जिस तरह काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा नदी से अटूट रिश्ता है, कुछ वैसी ही पहचान अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस शहर से जोड़ ली है। शिव भक्त होने के साथ मोदी ने खुद को बनारसी कहकर यहां के लोगों का दिल जीत लिया है। वाराणसी को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, शिव की नगरी, ज्ञान नगरी जैसे नामों से भी जाना जाता है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना यहीं विकसित हुआ है। संत कबीर, संत रविदास, वल्लभाचार्य, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पंडित रवि शंकर, गिरिजा देवी, पंडित हरि प्रसाद चौरसिया और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जैसे नामों ने इस शहर का मान-सम्मान और बढ़ाने के साथ देश को दिशा दिखाने का भी काम किया है। वाराणसी से पहले भी कई दिग्गज जैसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, भाजपा नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। लेकिन जिस तरह काशी के लिए कहा जाता है कि यहां कण-कण में शंकर बसते हैं, उसी तरह आज कहा जा सकता है कि जन-जन में मोदी बसते हैं। 2014 में वाराणसी से नामांकन पत्र भरते समय उन्होंने कहा भी था कि न मुझे किसी ने भेजा है, न मैं यहां आया हूं...मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है।



### पिछली बार सपा और कांग्रेस के कुल वोटों से मोदी को मिले थे दोगुने वोट

- पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा से फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से ही उतरे। उनके सामने कांग्रेस ने अजय राय और सपा ने शालिनी यादव को उतारा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सपा प्रत्याशी शालिनी यादव को 4,79,505 मतों से बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 6,74,664 वोट मिले। सपा उम्मीदवार शालिनी को 1,95,159 और कांग्रेस के अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। शालिनी यादव अब भाजपा का दामन थाम चुकी हैं, ऐसे में इस बार सपा और कांग्रेस की तरफ से अजय राय एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने उतरे हैं। मोदी के विरुद्ध यह उनका तीसरा जबकि लोकसभा सीट पर चौथा चुनाव है।

### नेचर, कल्चर और एडवेंचर की त्रिवेणी बनने की तरफ बढ़े कदम

मोदी के नेतृत्व में काशी का भव्य और सामर्थ्य स्वरूप विकास की नई राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात ने सुविधाओं के साथ जिस तरह समृद्धि के नए द्वार खोल दिए हैं, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन गलत नहीं लगता कि काशी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बनने जा रही है। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, फूड स्ट्रीट और रिवर फ्रंट देखकर लोग वाह वाह कर उठते हैं। मंदिरों और घाटों तक पहुंचने वाली तंग गलियों का चौड़ीकरण किया गया है। मंडुवाडीह फ्लाईओवर, कनवेंशन सेंटर, ऊर्जा गंगा पीएनजी परियोजना, रिंग रोड, बाबतपुर-वाराणसी फोरलेन, आईपीडीएस, कबीरचौरा के पास हेरिटेज वॉक ने शहर का नक्शा बदल दिया है। राम नगर में स्थापित आईडब्ल्यूटी मल्टी मॉडल टर्मिनल के द्वारा गंगा में जल परिवहन के जरिये बनारस से हल्दिया तक मालवाहक जहाजों का आवागमन संभव हुआ है। मल्टी मोडल टर्मिनल देश में इनलैंड वाटर परिवहन का पहला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा जल संपूर्ति योजना, खूबसूरत पार्क, चौकाघाट लहरतारा फ्लाईओवर, 140 एमएलडी एसटीपी जैसी परियोजनाएं भी विकास की नई गाथा गढ़ रही हैं।

### केजरीवाल हो गए थे फेल अजय ने जमानत गंवाई

भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस से अजय राय मैदान में थे। मोदी ने केजरीवाल को 3,71,784 मतों से हरा दिया। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 5,81,022 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे अरविंद केजरीवाल के पक्ष में 2,09,238 लोगों ने वोट किया। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 75,684 मिले और जमानत नहीं बच सकी। सपा और बसपा के प्रत्याशियों की भी जमानत नहीं बची। बसपा के विजय प्रकाश जायसवाल को 60,579 और सपा के कैलाश चौरसिया को 45,291 मत मिले थे। नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी के साथ ही वडोदरा सीट पर भी चुनाव लड़े थे। वहां से 5,70,128 मतों से जीत मिलने के बाद भी उन्होंने प्रतिनिधित्व के लिए वाराणसी को चुना।



## कांग्रेस व भाजपा दोनों एक-एक बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक





वाराणसी सीट पर अब तक दो बार जीत की हैट्रिक लग चुकी है। यहां से 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस के रघुनाथ सिंह लगातार जीते थे, उनके बाद भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल 1996, 1998 और 1999 में तीन लगातार जीत का परचम फहरा चुके हैं। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर गैर कांग्रेसी उम्मीदवार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एसएन सिंह ने कांग्रेस के रघुनाथ सिंह को 18,167 मतों से हरा दिया था। हालांकि 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी की। शिक्षाविद् राजाराम शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जनसंघ के कमला प्रसाद सिंह को 52,941 वोट से हराया। लेकिन 1977 की जनता लहर में कांग्रेस के राजाराम शास्त्री को लोकदल के टिकट पर उतरे चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से मात दे दी। 1980 के चुनाव कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने जनता पार्टी के प्रत्याशी समाजवादी नेता राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की। 1984 में भी कांग्रेस सीट बरकरार रखने में सफल रही। पार्टी के प्रत्याशी श्याम लाल यादव ने कम्युनिस्ट पार्टी के ऊदल को पराजित किया, पर 1989 में कांग्रेस के हाथ से यह सीट निकल गई। जनता दल के अनिल शास्त्री ने कांग्रेस के श्याम लाल यादव को 1,71,603 वोटों से हरा दिया।

### पहली बार 1991 के चुनाव में भाजपा ने यहां खिलाया कमल

वर्ष 1991 के चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर भाजपा को जीत मिली। भाजपा के शीश चंद्र दीक्षित ने माकपा के राजकिशोर को 40,439 मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1996 में भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल ने जीत दर्ज करते हुए 1998 और 1999 में भी पार्टी की जीत का सिलसिला कायम रखा। 2004 के चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस ने राजेश कुमार मिश्रा की जीत के साथ यहां फिर वापसी की।



### ... जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने माफिया मुख्तार अंसारी को हराया

- 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट के परिणाम पर देश भर की नजरें लगी थीं। उस चुनाव में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी के मुकाबले बसपा ने बाहुबली मुख्तार अंसारी को उतार दिया था। प्रचार अभियान से लेकर मतदान के दिन तक भारी गहमागहमी रही। लेकिन जब नतीजे आए तो करीबी मुकाबले में डॉ. जोशी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने मुख्तार अंसारी को चुनाव में 17,211 वोटों से हरा दिया।

# चुनाव में रोजगार का दम खम, फिर भी युवा बेदम

- पहाड़ के काम न आ सकी जवानी और यहां का पानी
- चुनावों में मुद्दा बनाकर गुमराह करना बना सभी दलों का शगल

**अल्मोड़ा संसदीय सीट**

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : कहते हैं पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी यहां के काम नहीं आती। इस कहावत को चरितार्थ देश के हिमालयी रीजन के पहाड़ी जिले करते हैं। बीते 75 सालों में देश के सियासतदार और नीति नियंता इस कहावत को झुठलाने में लगातार नाकाम साबित हुए हैं। आजादी के बाद हर चुनावों में रोजगार सिर्फ एक सियासी मुद्दा बनकर रह जाता है। सियासतदार बेरोजगारी नाम की इस नाव पर पांव रख अपनी वैतरणी तो पार कर लेते हैं। लेकिन युवाओं की उम्मीदें कभी परवान चढ़ती नहीं दिखती। 2024 के चुनावों में एक बार फिर राजनैतिक दल रोजगार देने का दम खम तो भर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन चुनावी वायदों के बीच आज पहाड़ का युवा बेदम हो चला है।

बात अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की करें तो आजादी के बाद अब तक यहां अब तक कुल 18 और राज्य गठन के बाद से चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और हर चुनावों में दलों ने बेरोजगारी को अपनी जीत के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किया। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पहाड़ की जवानी की फिक्र करना हर कोई भूल गया। नतीजतन पहाड़ की जवानी के पास पहाड़ के बजाय महानगरों में पसीना बहाने के अलावा कोई चारा बाकी नहीं रहा। पिछले 18 लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा और बेरोजगारी के मुद्दे को भुनाकर कई सियासतदारों ने फर्श से अर्श तक सफर भी तय कर लिया। लेकिन नहीं बदली तो यहां के बेराजगारों की किस्मत। इस लोकसभा के चार पहाड़ी जिलों की बात करें तो यहां सिर्फ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या करीब एक लाख अस्सी हजार के आसपास है। जबकि हजारों युवा ऐसे भी हैं जिन्होंने कभी सेवायोजन कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत ही नहीं कराया। बीते पांच सालों में इनमें से अगर कुछ युवाओं को रोजगार मिला भी होगा तो वह संख्या चंद युवाओं की है। बाकी युवा या तो महानगरों में रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, या फिर पहाड़ों में अस्थायी रोजगार कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जबकि चुनाव एक बार फिर दहलीज पर हैं, सत्ताधारी भाजपा बेरोजगारी दर कम होने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दम भर कर मैदान में उतरी है तो कांग्रेस युवाओं को रोजगार की गारंटी का शिगूफा दिखाकर आकर्षित करने की कोशिश में है।



### बेरोजगारों का जिलेवार आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अल्मोड़ा | 72,053 |
| बागेश्वर | 33,104 |
| पिथौरागढ़ | 56,596 |
| चंपावत | 17,838 |

(यह आंकड़े जनवरी 2024 के हैं जो सेवायोजन कार्यालयों से लिए गए हैं)

### सेना की सेवा से भी हुआ मोहभंग

उत्तराखंड प्रदेश का सेना से गहरा नाता रहा है। एक दौर वह भी था कि जब पहाड़ के अधिकांश घरों का एक सदस्य सेना में जरूर भर्ती होता था। तब पहाड़ के युवाओं के लिए सेना भर्ती रोजगार का बेहतर अवसर भी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान दौर में सेना की सेवाओं में आई तमाम तब्दीलियों के कारण अब सेना से भी युवाओं का मोहभंग होता जा रहा है। जिस कारण रोजगार के इस जरिए से भी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।

# टेनी के सामने हैट्रिक का मौका, साख बचाने की चुनौती

**खीरी सीट का हाल**

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार**: नदियों और जंगलों की थाती समेटे लखीमपुर खीरी की धरती पर खीरी सीट का चुनाव इस पर कुछ अलग ही है। किसान आंदोलन के बाद जिस प्रकार का माहौल केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफ था, उसमें उनके टिकट पर संदेह जताया जा रहा था। भाजपा नेतृत्व के उन पर तीसरी बार भरोसा जताने के बाद अब अजय मिश्र टेनी के सामने हैट्रिक की चुनौती है। इस सीट पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा के सामने जहां प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है, वहीं सपा वापसी के लिए जोर आजमाइश कर रही है।

जिले में खीरी और धौरहरा दो लोकसभा सीटें हैं। खीरी सीट पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। 2014 के बाद 2019 में भी अजय मिश्र टेनी को जीत हासिल हुई। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में टेनी को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्री बनने के बाद तीन महीने बाद खीरी के निघासन विधानसभा क्षेत्र के तिकुनिया में हुई घटना से पूरे देश की सियासत में उबाल आ गया। कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्रा की गाड़ी से कुचलकर चार किसान मारे गए। इस पर हिंसा भड़की तो चार अन्य की मौत हो गई। इस तरह आठ लोग मारे गए। किसान संगठनों से लेकर विपक्ष ने इसे मुद्द बनाकर सियरसी बढ़त लेने की कोशिश की लेकिन 2022 में विधानसभा चुनाव में जिले की आठों सीटों पर भाजपा ने परचम लहराकर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया। खास बात यह रही कि सबसे बड़ी जीत निघासन विधानसभा में हुई, जहां घटना घटी थी। चर्चा होती रहीं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और टेनी का केंद्रीय मंत्री पद भी बरकरार रहा।

### किसान आंदोलन के दौरान बेटे का नाम आने पर झेला तीखा विरोध

**कब-कौन यहां से चुनाव जीता**

| वर्ष | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | रामेश्वर प्रसाद नेवटिया | कांग्रेस |
| 1957 | कुंवर खुशवक्त राय | प्रजातांत्रिक सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1971 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1977 | सूरत बहादुर शाह | भारतीय लोकदल |
| 1980 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1984 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1989 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1991 | गेंदन लाल कनौजिया | भाजपा |
| 1996 | गेंदनलाल कनौजिया | भाजपा |
| 1998 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 1999 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2004 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2009 | ज़फ़र अली नकवी | कांग्रेस |
| 2014 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |
| 2019 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |



अजय मिश्र टेनी, भाजपा।

**लोकसभा चुनाव 2014 का परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 3,98,578 |
| अरविंद गिरि | बसपा | 2,88,304 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 1,83,940 |
| रवि प्रकाश वर्मा | सपा | 1,60,112 |

**लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 6,09,589 |
| पूर्वी वर्मा | सपा | 3,90,782 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 92,155 |

**खीरी लोकसभा में मतदाताओं का विवरण**

| वि.स. क्षेत्र | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पलिया | 1,93,321 | 1,73,018 | 04 | 3,663,43 |
| निघासन | 1,88,373 | 1,62,933 | 0 | 3,51,306 |
| गोला गोकर्णनाथ | 2,11,418 | 1,90,917 | 24 | 4,02,359 |
| श्रीनगर | 1,73,998 | 1,52,150 | 04 | 3,26,152 |
| लखीमपुर | 2,20,534 | 1,95,765 | 10 | 4,16,309 |
| कुल | 9,87,644 | 8,74,783 | 42 | 18,62,469 |

### नौ बार रहा कब्जा, लेकिन पहली बार मैदान से बाहर वर्मा परिवार

1962 से लेकर 2019 तक हर लोकसभा चुनाव में खीरी सीट पर वर्मा परिवार मैदान में रहा। 2009 से पहले तक नौ बार इस परिवार का कब्जा रहा। आजादी के बाद यहां से वरिष्ठ नेता बाल गोविंद वर्मा लंबे समय तक कांग्रेस के सांसद रहे। उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। जनता ने उन्हें चार पर चुना। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी ऊषा वर्मा लगातार दो बार सांसद रहीं। उनके बाद उनके बेटे रवि प्रकाश वर्मा ने सपा का दामन थामा और हैट्रिक लगाई। 2019 में रवि प्रकाश वर्मा की बेटी डॉ. पूर्वी वर्मा को सपा-बसपा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया लेकिन वे हार गईं। इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रहीं थीं, लेकिन गठबंधन के कारण सपा को यह सीट मिली। बहरहाल, 62 साल में पहली बार वर्मा परिवार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

**कल्पनाथ की तलाश** | सपा ने दोबारा राजीव राय तो सुभासपा प्रमुख ने अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा

# घोसी में बसपा के दांव पर टिके दोनों गठबंधन के भाव

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार।** बुनकरों की नगरी मऊनाथ भंजन के मतदाता एक बार फिर घोसी संसदीय सीट से अपने रहनुमा का चुनाव करने को तैयार हैं। औद्योगिक नगरी के रूप में पूरे भारत में पहचान रखने वाले मऊ नगर के मतदाताओं को कल्पनाथ राय जैसे सांसद की तलाश है जो न सिर्फ उनके यहां विकास की गंगा बहा सके बल्कि उनके सुख- दुख का साथी बन सके। हर चुनाव में घोसी सीट के सभी दलों के उम्मीदवार कल्पनाथ राय जैसा विकास कराने की बात तो करते हैं पर जीतने के बाद वे मतदाताओं की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इस बार बसपा अभी तक अपने उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर सकी है तो भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी दल सुभासपा को दी है। इंडिया गठबंधन में सपा ने यहां से राजीव राय को दूसरी बार मैदान में उतारा है। अब मतदाताओं के साथ ही सपा-कांग्रेस और भाजपा-सुभासपा को भी बसपा प्रमुख मायावती के निर्णय का इंतजार है। बसपा के उम्मीदवार को देखकर ही ये पार्टियां अपनी रणनीति तय करेंगी।

पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर घोसी संसदीय क्षेत्र बना है। पूर्व के चुनावों में बाहुबली मुख्तार अंसारी का अच्छा खासा दखल यहां के चुनावों में हुआ करता था। मुस्लिम मतदाताओं को मुख्तार के फरमान का इंतजार रहता था। अब मुख्तार जेल में है। ऐसे में उसकी दखलंदाजी न के बराबर होगी। लेकिन यह साफ है कि जो दल भाजपा- सुभासपा के उम्मीदवार को हराने की स्थिति में होगा मुस्लिम मतदाता उसी के साथ जाएंगे चाहे वह सपा का उम्मीदवार हो या बसपा का। ऐसे में सपा और भाजपा से ज्यादा यहां के मुस्लिम मतदाताओं की निगाह बसपा के कदम पर लगी हुई है। 2014 की नरेंद्र मोदी लहर में भाजपा के हरिनारायण राजभर यहां से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे लेकिन पांच साल बाद जब 2019 में चुनाव हुए तो उन्हें बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 वोटों से पटखनी दे दी। 2014 से पहले भाजपा इस सीट पर कभी नहीं जीती थी। इस चुनाव में जीत की वजह थी मुख्तार अंसारी का कौमी एकता दल से मैदान में उतरना। परिणाम यह हुआ कि यहां मुस्लिम वोट बड़े पैमाने पर मुख्तार के साथ गया और वह तीसरे स्थान पर रहा। बसपा के दारा सिंह चौहान को हराकर हरिनारायण राजभर सांसद बने थे, लेकिन 2019 में मुख्तार बसपा के साथ आए और नतीजा बसपा की जीत के रूप में सामने आया। इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की तरह ही राजभर मतदाताओं की भूमिका भी अहम रहती है। यही वजह है कि सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने इस सीट से अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बसपा यहां से किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

### भाकपा पांच बार, कांग्रेस चार बार, बसपा तीन मर्तबा जीती

इस संसदीय सीट पार भाकपा के उम्मीदवार पांच बार जीते तो कांग्रेस ने चार बार जीत दर्ज की है। सपा और भाजपा को एक- एक बार जीत मिली तो बसपा तीन बार यहां से अपने उम्मीदवार को संसद भेजने में कामयाब रही है।

### कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में रही सीट

एक दौर था जब यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में आई। वे तीन बार कांग्रेस से राज्यसभा के सदस्य भी रहे। 1989 में कल्पनाथ राय इस सीट से सांसद बने थे। इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो वे फिर कांग्रेस के सिंबल से मैदान में उतरे और जीते। लेकिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव के शासन में उन पर राज्यमंत्री के रूप में उन पर चीनी घोटाले का आरोप लगा और वे जेल गए। कांग्रेस से टिकट नहीं मिला तो वे 1996 में निर्दलीय मैदान में उतर गए। कल्पनाथ भारी मतों से जीते और कांग्रेस की इस सीट पर दुर्गति हो गई। इसके बाद वे समता पार्टी में शामिल हुए और पुनः 1998 में संसद पहुंचे। कल्पनाथ राय को मऊ जिले में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है और आज भी यहां के मतदाताओं को उनके वास्तविक उत्तराधिकारी की तलाश है जो विकास कर सके।

### संदेशखाली का संदेश



ये हैं पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिला की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रेखा पात्रा। यह संदेशखाली घटना की प्रमुख पीड़ितों में शामिल हैं। रेखा जब प्रचार में निकलीं तो लोगों का समर्थन पाकर भावुक हो उठीं।

## चुनाव कमाल का

- लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है इस दौरान यदि आप 50 हजार से अधिक धनराशि अपने साथ ले जाना चाहते चाहते हैं तो आपको बैंक साक्ष्य दिखाना पड़ेगा। यह सीमा अधिकतम दस लाख तक होगी। नकदी का स्रोत व प्रमाण पत्र न प्रस्तुत कर पाने की दशा में यह धनराशि जब्त की जा सकती है।आम लोगों और व्यापारियों को कैश ले जाने के कुछ रिकॉर्ड साथ में जरूर रखने चाहिए। जैसे कि ये पैसा किस लिए ले जाया जा रहा है और इसका सोर्स क्या है।इसके अलावा बड़े डिजिटल ट्रांजेक्शन पर भी नजर रखी जाती है। चुनाव आयोग के निर्देश पर किसी भी यूपीआई आधारित पेमेंट ऐप से रोजाना पचास हजार रुपये तक का ट्रांजेक्शन हो सकता है।

# अटल सीट पर जीत का अंतर बढ़ाने की 'अटल' कोशिश

**2014** में भाजपा प्रत्याशी को 5 लाख 61 हजार 106 मत और 2019 में मिले थे 6 लाख 33 हजार 26 मत

### लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा ने राजनाथ सिंह को बनाया है उम्मीदवार

### स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मेला, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ दिला हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने का किया प्रयास

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूं तो भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि मौजूदा नेतृत्व हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। ऐसे में जब चुनावी दुंदुभी बज चुकी हो तो भाजपा अन्य दलों से कहां पिछड़ने वाली है।



चाहे वह तैयारियां हों या फिर पार्टी कार्यक्रम अथवा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात। जहां विपक्ष अभी टिकट बंटवारे के पेच में उलझा हुआ है, वहीं भाजपा विपक्षी दलों से कहीं आगे निकलती दिख रही है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संसदीय क्षेत्र को ही ले लीजिए।

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट। यहां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने लोगों के बीच पैठ बढ़ा लोकसभा का रास्ता आसान करने की दिशा में जमीन पर अपना काम शुरू कर दिया था। यह जानते हुए भी कि मतदाताओं का स्नेह इस ''अटल'' सीट पर हमेशा जीत के ''अटल विश्वास'' पर कायम रहा है। बावजूद इसके पार्टी कार्यकर्ता जीत के इस अंतर को रिकार्ड की ओर ले जाना चाहते हैं। इसकी तैयारियां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने शुरू कर दी थीं। मतदाता बढ़ाए जाने के चुनावी अभियान का श्रीगणेश तो किया ही पार्टी नेताओं ने लोगों के घरों तक पहुंचना भी शुरू कर दिया। भले की बहाना मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरवाने का हो। प्रक्रिया पूरी हुई तो घरों तक इसकी जानकारी पहुंचाने में भी किसी तरह की कोताही नहीं बरती।



### लक्ष्य छूते रहे, योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा बढ़ते रहे आगे

यही नहीं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। भाजपाइयों को जिले में दो लाख लोगों को ''नमो एप'' से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य मिलने के साथ ही महानगर इकाई सक्रिय हुई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की टीम जीत के अंतर को बढ़ाने के मैदान में उतर पड़ी। लक्ष्य छुआ तो ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में प्रदेश में ''पहला स्थान'' प्राप्त किया। मन की बात के प्रचार-प्रसार की बात आई तो दूसरा स्थान हासिल कर न केवल राजधानी की बल्कि प्रदेश की धमक भी बनाए रखी। फिर शुरू हुआ विधानसभा में ''प्रवास कार्यक्रमों'' का सिलसिला। लोगों के बीच बैठक कर उनकी समस्याएं जानीं और सुलझाने में लगे। इसका स्पष्ट आंकड़ा तो नहीं है लेकिन इन प्रयासों से जनता के बीच ''भरोसा'' बनाने में पार्टी सफल रही। विभिन्न अस्पतालों के सहयोग से ''स्वास्थ्य शिविर'' आयोजित किए गए। चुनाव की तिथियां घोषित होने से पहले लखनऊ ''विश्वविद्यालय'' में ''रोजगार मेले'' का आयोजन कर युवाओं को भी जोड़ने का सीधा प्रयास किया। माना जा रहा है कि चुनावी रणनीति के तहत ही भाजपा ने समाज के हर वर्ग से सीधे जुड़ने का प्रयास किया। 20 मई को लखनऊ संसदीय सीट पर मतदान होना है और चार जून को चुनाव परिणाम आएंगे। फिलहाल भाजपाइयों की मेहनत क्या रंग लाई यह तो आने वाला परिणाम ही बताएगा कि लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के जीत का अंतर और मत प्रतिशत कितना बढ़ा।

### तैयारी जीत की : वीआईपी सीट लखनऊ

**2019 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 633026 |
| पूनम सिन्हा | सपा | 285274 |
| आचार्य प्रमोद कृष्णम | कांग्रेस | 180011 |

**वर्ष 2014 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 561106 |
| अभिषेक मिश्रा | सपा | 56771 |
| रीता बहुगुणा जोशी | कांग्रेस | 288357 |
| नकुल दुबे | बसपा | 64449 |
| सैय्यद जावेद अहमद जाफरी | आप | 41429 |

### मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल



अभिनेता अरुण गोविल

**मेरठ।** दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया।" इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गये तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि ''यह तो समय ही बताएगा।'' हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ''मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा।'' राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मंगलवार शाम को मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि "उनकी बात मेरे से मत पूछिये, उनकी बात उनसे ही पूछिये।

### 'एम-वाई' फैक्टर से जीतेंगे उप्र की सभी सीटें : रवि किशन



सांसद रवि किशन

**गोरखपुर।** गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी "एम-वाई" फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है। रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, "लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा । भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, "हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है। इसे असली राम राज्य कहा जाता है। आप सभी ध्यान दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, राजग गठबंधन देश में 400 सीटें और उप्र में सभी 80 सीटें जीतेगा।

# जितिन प्रसाद, संजीव बालियान व आजम की प्रतिष्ठा दांव पर

### भाजपा सांसदों की हैट्रिक तय करेगी पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी

### मुरादाबाद व रामपुर में जेल से ही आजम ने दिखाई पार्टी को ताकत

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और प्रदेश के कैबिनेट जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है।

साथ ही जेल से ही आजम खान ने ऐसा दांव चला कि मुरादाबाद और रामपुर में आजम ने सपा में अपनी हैसियत का एहसास करा दिया।









लोकसभा चुनाव का पहला चरण

#### मुजफ्फरनगर: बालियान की हैट्रिक अहम

मुजफ्फरनगर से लगातार दो बार सांसद रहने और दोनों बार मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ संजीव बालियान को इस बार पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी के लिए खुद हैट्रिक लगानी होगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर सीट जाट बेल्ट में आती है। 2013 के दंगों ने यहां भाजपा को क्लीन स्वीप का मौका दिया। इसबार भाजपा के साथ रालोद के आ जाने से मुख्य टक्कर सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से मिलने वाली है। हालांकि बसपा के दारा सिंह प्रजापति भी कुछ कम नहीं हैं।

#### सहारनपुर: इंडिया-बसपा की लड़ाई में भाजपा को राघव पर भरोसा



बसपा के कब्जे से सहारनपुर सीट हासिल करने के लिए भाजपा ने लगातार तीसरी बार राघव लाल शर्मा पर भरोसा जताया है। राघव लाल पहली बार 2014 में भाजपा के टिकट पर यहीं से सांसद बने थे। जिन्हें 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के हाजी फजलुर्रहमान हराया। इसबार हालात थोड़े बदले हुए हैं, सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने बसपा का दामन छोड़ दिया है, इसलिए बसपा ने माजिद अली को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन से सीट कांग्रेस के खाते में जाने से इमरान मसूद तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। आज तक उनको जीत का स्वाद नहीं मिला है। भाजपा को यहां कांग्रेस व बसपा की मुस्लिम वोटों की लड़ाई में राघव पर भरोसा है।

#### मुरादाबाद: इतिहास दोहराएंगे सर्वेश या सपा बचा लेगी सीट

भाजपा के लिए चुनौतियों से भरपूर मुरादाबाद सीट मुस्लिम बहुल होने के नाते सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही जीतते आए हैं। हालांकि 2014 में भाजपा के सर्वेश सिंह ने सभी समीकरण तोड़ते हुए जीत दर्ज की थी। मगर, 2019 में उनको हार का सामना करना पड़ा। इस बार भाजपा ने फिर से सर्वेश पर भरोसा जताया है। सपा से सोमवार को नामांकन करने वाले सांसद डॉ. एसटी हसन को बुधवार रामपुर जान के लिए कहा गया, लेकिन वहां मोहिबुल्लाह नदवी के पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम चार्टर प्लेन से अधिकृत फार्म लेकर पहुंचे और नामांकन कराया। रुचि वीरा ने मुरादाबाद से बतौर सपा प्रत्याशी दावा करते हुए नामांकन किया। अब डॉ. हसन कहते हैं कि उन्हें बी फॉर्म मिल गया है। टिकट काटे जाने की पार्टी की तरफ से अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। उधर, बसपा ने मुहम्मद इरफान सैफी को उताकर मुकाबला को रोचक बना दिया है। सपा का अंतरविरोध और बसपा की लड़ाई में वोटों का बंटवारा हुआ तो भाजपा की राह आसान हो सकती है।

#### कैराना सीट: बनेंगे नए रिकार्ड या बचेगी साख

कभी कैराना पलायन के मुद्दे पर देशभर में गरमाया हुआ था, लेकिन योगी सरकार में यहां गुंडई बीते दिनों की बात हो गई है। इस सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी सांसद हैं। उनके सामने लगातार दो बार भाजपा सांसद रहे हरपाल सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी करने की तो सपा की इकरा हसन के सामने विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है। जबकि पहली बार चुनाव लड़ रहे बसपा के श्रीपाल सिंह राणा के सामने अपनी साख बचाना चुनौती होगी।

#### बिजनौर सीट: मिशन- 80 में रालोद को दिखाना होगा दम

इस सीट पर 2009 व 2014 में असफल रहे बसपा के मलूक नागर सांसद हैं। लेकिन इसबार मैदान में नहीं उतरे, उनकी जगह बसपा ने विजेंद्र सिंह पर दांव लगाया है। नागर एक बिजनेसमैन हैं, अक्टूबर 2020 में उनकी रियल एस्टेट से जुड़ी समूह कंपनियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ आयकर छापे मारे गए थे। लोकसभा अध्यक्ष रहीं मीरा कुमार और मुख्यमंत्री रहीं मायावती भी इस सीट का एक-एक बार प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसबार भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान मैदान में हैं। सपा ने दीपक सैनी को उतारा है। यहां रालोद को दिखाना होगा कि मिशन : 80 में उसका कितना दम है।

#### रामपुर सीट: अखिलेश पर दबाव बनाकर आजम ने साधे कई निशाने



ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान सितंबर 1774 में रामपुर रियासत का उदय हुआ। यहां पर 1949 तक कुल 10 नवाबों ने शासन किया है। देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। यहां नवाब खानदान के अलावा भाजपा के मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी, अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खान जीत हासिल कर चुके हैं। भाजपा ने सपा नेता आजम खान की गढ़ बन चुकी रामपुर सीट को उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी को खड़ा करके फतह किया था। उन्हें फिर मैदान में उतारकर चुनौती पेश की है। मौजूदा दौर में आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तजीन फात्मा जेल में हैं और चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित भी है। फिर भी आजम ने सीतापुर जेल से दबदबा दिखाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दबाव बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे। रामपुर लोकसभा सीट से स्वार क्षेत्र के रजा नगर निवासी व दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सपा के अधिकृत प्रत्याशी बन गए।

#### पीलीभीत सीट: जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर



पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख से ज्यादा है। भाजपा ने इसबार सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा है। यहां करीब 5 लाख मुसलमान और दो लाख कुर्मी निर्णायक माने जाते हैं, लेकिन गांधी परिवार की बहू मेनका गांधी ने जबसे कुर्मी बिरादरी के भानु प्रताप को हराया, तबसे लगातार जीतती आ रही भाजपा ने इसे हाट सीट बना दिया। मेनका गांधी के बाद उनके बेटे वरुण गांधी यहां से जीते। इसबार सपा ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को उतारकर जितिन प्रसाद को कड़ी चुनौती पेश की है। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सपा की रणनीति में सेंधमारी करते दिख रहे हैं।

#### नगीना सीट: बदलते मिजाज में जातीय समीकरण हावी

नगीना लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान वर्ष 2009 में गठित हुई थी। तबसे वोटरों के मिजाज को अभी तक कोई समझ नहीं पाया है। यहां न मोदी मैजिक काम आता दिखा हैं, न राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दे। अब तक हुए तीन लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने हर बार अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाई है। जातीय समीकरणों से अबतक भाजपा, सपा और बसपा एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट इसबार इसलिए खास है क्योंकि चर्चित दलित नेता चंद्रशेखर यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाशने पहली बार चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने ओम कुमार, तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

# भाजपा प्रत्याशी के इंतजार में सपा-बसपा में खामोशी

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी से उनके टिकट को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। इस सस्पेंस ने कैसरगंज सीट को प्रदेश की सबसे हॉट सीट की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से विरोधी पार्टियों ने भी अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी चयन को लेकर खामोशी ओढ़ रखी है। माना जा रहा है कि सपा व बसपा की दावेदारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चयन पर निर्भर है। इसलिए दोनों ही पार्टियां अपना प्रत्याशी घोषित करने से परहेज कर रही हैं। पार्टियों की यह खामोशी चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के साथ साथ उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह भारतीय जनता पार्टी से मौजूदा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह पार्टी के कद्दावर नेता हैं । अलग अलग सीटों से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्ष 1999 से वह एक भी चुनाव नहीं हारे हैं और पिछले दो चुनावों में वह कैसरगंज से जीत हासिल कर चुके हैं, लेकिन इस लंबे राजनैतिक जीवन के बावजूद इस बार उनकी दावेदारी संकट में है। पार्टी ने अभी तक उनकी दावेदारी का ऐलान नहीं किया है। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इस बार उनका टिकट कट सकता है। इसके पीछे महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप और उनका बड़बोलापन माना जा रहा है। पार्टी के अंदर खाने में यह चर्चा है कि अगर बृजभूषण शरण सिंह को भाजपा टिकट देती है तो इससे महिलाएं नाराज हो सकती हैं।

महिला शक्ति के दम पर चुनाव लड़ रही पार्टी इस आधी आबादी को नाराज नहीं करना चाहती। इसके अलावा समय समय पर उनके तरफ से दिए गए विवादास्पद बयान भी टिकट में बाधा बने हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से सपा व बसपा भी खामोश बैठी हैं। दोनों पार्टियां भाजपा उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं। अगर भाजपा अपने मौजूदा सांसद को टिकट नहीं देती और उनके स्थान पर किसी नए चेहरे को चुनाव मैदान में उतारती है तो सपा बृजभूषण शरण सिंह को मौका दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस बात को एक प्रेस कांफ्रेंस में कह भी चुके हैं। हालांकि सांसद बृजभूषण शरण सिंह की तरफ से इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। वह भाजपा से अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, बावजूद इसके सपा और बसपा वेट एंड वॉच की स्थिति में है और वह बीजेपी उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं।



**बृजभूषण शरण सिंह**, सांसद -कैसरगंज

### प्रत्याशी नदारद, जनता के बीच हो रही चुनावी चकल्लस

**अमृत विचार :** सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के साथ साथ समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने भले ही अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन कैसरगंज की जनता के बीच चुनावी चकल्लस चरम पर है। हर कोई मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के राजनैतिक भविष्य पर चर्चा करता दिखाई दे रहा है। चौक चौराहों पर उम्मीदवार की ही चर्चा है। भाजपा किसे टिकट दे रही है तो सपा से उम्मीदवार कौन होगा इस पर आम जनता भी बहस कर रही है। करनैलगंज के रहने वाले राम सुरेमन का कहना है कि जो भी उन्हे पार्टी से कोई मतलब नहीं है। प्रत्याशी ईमानदार और साफ स्वच्छ छवि कि होना चाहिए ताकि वह आम लोग उससे आसानी से मिल सकें और क्षेत्र का विकास हो। वहीं परसपुर के बृजमन सिंह का कहना है कि अब सभी दलों को अपना पत्ता खोल देना चाहिए। देरी से उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**वीआईपी सीट कैसरगंज**

**कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

**कैसरगंज से कब कौन बना सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | भाजपा |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# वोट कैसे डालें, बताएगी वोटर गाइड

### प्रत्येक परिवार को बीएलओ कराएंगे उपलब्ध, निर्वाचन आयोग करा रहा मुहैया

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची के साथ हर घर पर एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। यह बीएलओ हर घर तक पहुंचाएगा। इस वोटर गाइड में बताया गया है कि वोट कैसे डालें। इस बार जिला प्रशासन को यह वोटर गाइड सीधे निर्वाचन आयोग से मिलेगी। अभी तक इस गाइड को स्थानीय स्तर पर छपवाया जाता था। इस गाइड के साथ ही मतदाता पर्ची भी घरों तक पहुंचेगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) तैयार की है। मतदाता मार्गदर्शिका मतदान से पहले प्रत्येक परिवारों को घर-घर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से वितरित की जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की दृष्टि से मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत कराने के लिए किया जाएगा। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) में 'मतदान कैसे करें' व मतदान के लिए 'अनुमोदित पहचान अभिलेख' क्या होंगे, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवी पैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी तथा मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान 'क्या करें' और 'क्या न करें' के संबंध में मतदाताओं को जानकारी मिलेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि वोटर गाइड सीधे आयोग से छपकर आ रही है। उन्होंने बताया कि अब इसे प्रति परिवार मतदाता पर्ची के साथ वितरित कराया जाएगा जिससे लोगों को इसकी मदद मिल सके।

### मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा बताई जाएंगी

मतदाता मार्गदर्शिका के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी भी मतदाताओं को दी जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका में मतदाता की जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण नंबर व पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने तथा अपना पोलिंग स्टेशन पहुंचाने के लिए भी मतदाता को शिक्षित करने के लिए मतदाता मार्गदर्शिका में वेबसाइट एवं पोर्टल की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### मतदाता पर्ची पर होगा बूथ का नजरी नक्शा

मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ का नजरी नक्शा भी प्रिंट कर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतदाता पर्ची का साइज भी पहले की तुलना में बड़ा होगा। मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ के नजरी नक्शा के अलावा, बूथ नंबर, चुनाव की तिथि एवं समय, हेल्पलाइन नंबर, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित मतदाता के मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित की जा सकेंगी। यह मतदाता पर्ची मतदान तिथि से एक हफ्ते पहले बीएलओ वोटर गाइड के साथ घर-घर पहुंचाएंगे।




इस तरह की होगी वोटर गाइड।

## एक नजर

### मुख्य सचिव के घर होली में खर्च हुए 2.63 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सरकारी आवास पर होली के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब रंग जमा। इसका पता चला बुधवार को जारी शासनादेश से हुआ। शासनादेश के माध्यम से संस्कृति निदेशालय के निदेशक को 2.63 लाख की धनराशि भेजी गई है। आमतौर पर होली में शीर्ष अधिकारी अपने आवास पर अपने-अपने क्षमता के अनुसार व्यवस्थाएं करते हैं। इस बार किसी ने खास कार्यक्रम को लेकर कोई आमंत्रण भी नहीं भेजा था। शासन के अनु सचिव रघुनाथ प्रसाद वर्मा की ओर से बुधवार को जारी शासनादेश में स्पष्ट है कि 25 मार्च तो मुख्य सचिव के सरकारी आवास विक्रमादित्य मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब रंग जमा था। इसमें कुल दो लाख 63 हजार रुपये खर्च हुए। जिसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति भी राज्यपाल से ले ली गई। शासन ने यह धनराशि बुधवार को संस्कृति निदेशालय के निदेशक को भेजने के साथ भुगतान को वास्तविक बिल-बाउचर्स के आधार पर करने का भी निर्देश दिया है।

# चुनाव आयोग की पाबंदियों का दिख रहा असर, असली परीक्षा अभी बाकी

## 11 दिनों में अब तक कुल 85 करोड़ कीमत के उपहार, शराब और नकदी बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




▶▶ **2014 में 1200 करोड़, 2019 में 3449 करोड़ के उपहार और नकदी बरामद हुई थी**

**अमृत विचार:** 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के अनुपालन में चुनाव आयोग लगातार कार्रवाइयां कर रहा है। अबतक लगभग 85 करोड़ रुपए की बहुमूल्य धातुएं, उपहार और नगदी बरामद की जा चुकी है। लेकिन विगत दो लोकसभा चुनावों को अगर गौर किया जाए तो इस बार इस तरह की अवैध गतिविधि कम नजर आ रही है। चुनाव प्रचार का आरंभिक दौर होने के कारण अभी अंतिम रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन कार्रवाइयों और परिणामों से प्रतीत हो रहा है कि आयोग ने मतदाताओं को अवैध नगदी और उपहार के लेनदेन में काफी अंकुश लगाया है।

आयोग के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान छापेमारी और बैरियर लगाकर जो बरामदगी की गई थी, वह 12 सौ करोड़ थी। आयोग के मुताबिक इन 12 सौ करोड़ रुपए में बहुमूल्य वस्तुएं, शराब और नगदी थी। जबकि 2019 के चुनाव में यह आंकड़ा अप्रत्याशित रूप से बढ़कर 3449 करोड़ पहुंच गया। यह आश्चर्यजनक इसलिए भी था क्योंकि चुनाव के कुछ समय पहले ही नोटबंदी हुई थी।

ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर बरामदगी हर किसी को चौंका रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आयोग के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में लगातार धर-पकड़ हो रही है। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 85 करोड़ रुपए कीमत की बहुमूल्य उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। पूर्व में हुए चुनावों के आंकड़ों से अगर तुलना करें, तो इस रकम से यह प्रतीत हो रहा है कि आयोग की सख्ती का असर हो रहा है।

प्रत्याशियों में आयोग का भय बढ़ा है। विगत सोमवार को आयोग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जारी किए गए आंकड़ों पर अगर गौर करें तो नगदी बांटने एवं अन्य मामलों में 13 एफआईआर दर्ज कराए गए। लेकिन बरामदगी का आंकड़ा नहीं बताया गया। इसका मतलब है कि कोई खास बरामदगी नहीं हुई। हालांकि बुधवार की देर शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक कुल 85 करोड़ रुपए कीमत के उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। प्रथम चरण के मतदान को कुल 22 दिन शेष रह गए हैं। इन 22 दिनों तक अगर आयोग ऐसे ही सख्ती कर ले गया तो चुनावों में नगदी और उपहार बांटने के सिलसिले में काफी अंकुश लग जाएगा। यह एक सकारात्मक संदेश भी है।

# दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **26 अप्रैल को होगा मतदान**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 28 मार्च से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 28 मार्च को दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद सुबह 11 बजे से नामांकन शुरू हो जाएंगे। प्रत्याशी अपराह्न 3 बजे तक नामांकन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस चरण में अंतर्गत अमरोहा, हापुड़, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ व मथुरा सीटों के लिए चुनाव होना है। द्वितीय चरण की आठ सीटों में सात सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अमरोहा, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़ व मथुरा सहित नौ जिलों के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जायेगी। 8 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

### 1.67 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90.11 लाख पुरुष मतदाता, 77.38 लाख महिला मतदाता व 787 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7,797 मतदान केन्द्र व 17,677 पोलिंग बूथ हैं।

### इंडिया गठबंधन देश की जरूरत : स्वामी प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश की जरूरत है। उनकी पार्टी गठबंधन को मजबूत करेगी। आजाद समाज पार्टी व अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की चर्चाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में गरीबों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। महंगाई चरम पर है। लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मुकदमों में जेल भेजा जा रहा है।



पुलिस मुख्यालय में फूलों की होली खेलते डीजीपी प्रशांत कुमार व अन्य अफसर। अमृत विचार

# डीजीपी के साथ अफसरों ने खेली फूलों की होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद बुधवार को पुलिस मुख्यालय में भी होली खेली गई। यहां रंगों की बजाय फूलों की होली खेली गई।

पुलिस महानिदेशक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय के अलावा अन्य इकाइयों में नियुक्त पुलिस अधिकारी और रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए। डीपीजी प्रशांत कुमार ने अधिकारियों की सकुशल होली संपन्न कराने को लेकर सराहना की।

इस मौके पर पुलिस महानिदेशक रूल्स एंड मैनुअल, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड, पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पुलिस महानिदेशक पावर कार्पोरेशन, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, बिजिलेंस के अलावा तमाम अधिकारियों ने एक दूसरे के साथ होली खेली।

# प्रत्याशी घोषित करने में बसपा सबसे पीछे

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। प्रदेश की 80 सीटों में बसपा ने अभी तक 25 प्रत्याशी घोषित किये हैं। भाजपा ने 63, सपा ने इंडिया गठबंधन अंतर्गत मिली 63 सीटों में 47 उम्मीदवार और कांग्रेस ने अपने हिस्से की 17 सीटों में 15 पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं।

गत चुनावों की तरह इस बार बसपा के कार्यालय पर दावेदारों की भीड़ नहीं जुट रही है, इसीलिए 80 सीटों पर जिताऊ प्रत्याशी घोषित करने में बसपा को मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रदेश में 4 बार सरकार बनाने वाली और 2007 से 2012 के सवर्णिम काल में पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाली बसपा प्रत्याशी घोषित करने में सबसे पीछे चल रही है। प्रदेश में बसपा का अपना बड़ा वोट बैंक है। यह वोट बैंक मायावती के निर्देशों पर सक्रिय रहता है। इसी कोर वोट बैंक के भरोसे चुनाव में जीत की उम्मीद रखने वाले उम्मीदवारों की भीड़ मायावती के दरवाजे जुटी रहती थी।

इस चुनाव में बसपा के 34 प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के चुनाव में स्थितियां ज्यादा नहीं बदलीं और बसपा ने 22,246,501 वोट पाकर 10 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इसी वोट बैंक के चलते बसपा उम्मीदवार चुनाव में जीत की गारंटी मानते हैं। इसके बावजूद इस चुनाव में बसपा कार्यालयों में दावेदारों की कमी दिख रही है। इतना ही नहीं, प्रत्याशी चयन का जिम्मा पार्टी के मंडल प्रभारी संभाल रहें हैं लेकिन चयनित प्रत्याशियों पर अंतिम मुहर बसपा प्रमुख मायावती ही लगा रही हैं। अब तक बसपा 25 प्रत्याशियों के नाम की दो सूची जारी कर चुकी है।

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीम राव आंबेडकर का कहना है कि बसपा अपने प्रत्याशी घोषित नहीं कर रही है, इसी वजह से दूसरे दल भी अपने सभी प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहे हैं। क्योंकि अभी तक दूसरे दल, बसपा प्रत्याशी को देखकर अपने प्रत्याशी घोषित करते आए हैं। रणनीति के तहत बसपा चरणबद्ध तरीके प्रत्याशी घोषित कर रही है, लोकतंत्र में नामांकन की अंतिम तिथि तक प्रत्याशी घोषित करने का विशेषाधिकार राजनैतिक दल के पास होता है।

# 6,790 सीटों के लिए 36,778 ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए आज होगी परीक्षा**

▶▶ **कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में दाखिले के लिए हो रही हैं परीक्षाएं**

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए गुरुवार को परीक्षा होगी। दाखिले के लिए 6790 सीटों के सापेक्ष 36778 आवेदन आए हैं। अप्रैल से शुरू होने वाले जौनपुर के दो और अयोध्या के एक विद्यालय के लिए भी परीक्षा होगी।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। सबसे अधिक आवेदन कक्षा छह के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के हिसाब से 70 बच्चों का दाखिला भी होगा। सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को परीक्षा का प्रश्न पत्र भेज दिया गया है।

# चुनाव से औद्योगीकरण पर असर नहीं, करोड़ों के अनुदान जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **एसीएस मनोज कुमार ने राइस मिलों व प्रसंस्करण इकाइयों को दिए पूंजीगत अनुदान**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे अधिकारियों का रुटीन कामकाज भी ढर्रे पर है। प्रदेश के औद्योगीकरण के लिए इकाइयां लगा रही कंपनियों को नीति के तहत घोषित करोड़ों रुपये अनुदान तेजी से जारी हो रहा है।

ऐसे तमाम मामलों का औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से रोजाना निस्तारण हो रहा है। खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 के तहत कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित स्टेट लेबल इंपावर्ड कमेटी की बैठक में पहले प्रदेश के विभिन्न जिलों में लग रहीं इकाइयों को अनुदान स्वीकृत किए गए थे। इसके तहत कानपुर देहात की मे. डैरा बिल्टी साल्यूशन प्रालि. की एक्सपेलर इकाई को 41.18 लाख पूंजीगत अनुदान भेजा गया है। इसी तरह कानपुर के इंडस्ट्रियल एरिया जैनपुर में स्थापित मे. मार्डन स्नैक्स प्रालि. को 23.86 लाख का पूंजीगत अनुदान भेजा गया है।

रायबरेली के ग्राम शेरी हरिचंदपुर में स्थापित मे. विजय राइस मिल को 25.11 लाख रुपये, बहराइच के सलारपुर में स्थापित मे. शकील अहमद एंड ब्रदर्स को 47.03 लाख, रामपुर के ग्राम कमुआ, नगला, विलासपुर में स्थापित मे. अंजुम आबिद अली राइस मिल को 27.30 लाख, रायबरेली के पखरौली, डलमऊ में लगी मे. डलमऊ फूड्स को 50 लाख, लखनऊ के बक्सी का तालाब में लगी मे. रामनिवास फ्लोर मिल प्रालि. को 50 लाख और अमेठी के विशुनदासपुर, गौरीगंज में स्थापित मे. शांति फूड्स को 43.86 लाख रुपये का पूंजीगत अनुदान शासन ने भेजा है।

एसीएस ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक को हिदायत दी है कि भेजे गए अनुदान राशि का सदुपयोग इकाई में हो। अनुदान के लिए स्वीकृत धनराशि जारी करने से पहले संस्था के सभी अभिलेखों की जांच और स्थलीय निरीक्षण पूरा किया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक उत्तरदायी होंगे।

# लक्ष्य अभी शेष, हासिल करने में हो रहे ढेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक लाख 14 हजार जोड़ों का कराना है विवाह**

▶▶ **27 तक एक लाख 5 हजार जोड़ों का हो चुका है विवाह, 83 हजार से अधिक को किया गया भुगतान**

▶▶ **लखनऊ जनपद निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत ही कर सका हासिल**




**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष समाप्त होने में चार दिनों का समय शेष रह गया है और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नौ हजार जोड़ों का विवाह करना शेष है। खास बात यह है कि लखनऊ जनपद अपने निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत ही हासिल कर सका है। जबकि गोरखपुर प्रदेश में अव्वल है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गत वर्ष अक्टूबर माह में पंजीकरण कराए गए थे। शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया था। नवंबर के अंतिम सप्ताह में विवाह समारोह प्रदेश में शुरू हो गए थे। प्रदेश के 75 जिलों में 1 लाख 14 हजार जोड़ों का लक्ष्य रखा गया था। 27 मार्च तक प्रदेश में 1 लाख 5 हजार जोड़ों का विवाह कराया गया। सूत्रों के अनुसार, कुछ जिले अपना लक्ष्य कम कराने में भी पिछले एक सप्ताह से लगे हुए हैं। लखनऊ जिले को 12,00 का लक्ष्य दिया गया था और 632 जोड़ों का विवाह करा पाएं। गोरखपुर में 4069, मुरादाबाद में 3701, रामपुर में 3300, बिजनौर में 3459, बाराबंकी में 1753, कानपुर में 796 और सीतापुर में 2282 जोड़ों का विवाह हुआ। वित्तीय वर्ष समाप्त में होने में चार दिन का बचे हैं और नौ हजार जोड़ों का विवाह कराने की चुनौती है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 83 हजार से अधिक जोड़ों का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### पांच ग्राम न्यायालयों में जजों की नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल की ओर से हाई कोर्ट से परामर्श करने के बाद पांच ग्राम न्यायालयों में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसकी जानकारी शासन ने अधिसूचना जारी करके दी है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, बहराइच जनपद के तहसील मुख्यालय महसी स्थित ग्राम न्यायालय में पंकज कुमार द्वितीय, हरदोई के संडीला में प्रवीण कुमार गौतम, कासगंज के पटियाली में अनुराग प्रथम, रामपुर के बिलासपुर में बिंदू यादव और गोंडा के करनैलगंज तहसील में अरुण कुमार गौतम को ग्राम न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

3. 1. गोपनीय बात का प्रकट हो जाना 2. भेद प्रकट हो जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।

4. थोड़ा या थोड़े से कुछ अधिक।

7. 1. सुरीले स्वरवाला 2. (संगीत) जिसका स्वर शास्त्रीय पद्धति के अनुरूप हो 3. महीन और मीठा (स्वर)।

8. परंपरागत रूप से शिव के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. गुड़गुड़ शब्द होना।

2. 1. दूर किया या हटाया हुआ 2. एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया हुआ 3. जिसे कोई भगा या हर ले गया हो।

3. जिसे भांग पीने की लत हो, भांग का नशा करने वाला, भंगेड़ी।

5. 1. निकटता, नज़दीकी 2. उपस्थिति, विद्यमानता 3. सम्मुखता, सामना।

6. (संगीत में) सरगम या सप्तक का 'प' के रूप में पांचवां स्वर जिसे कोयल की कूक का स्वर भी माना जाता है।



### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 दू | ■ | ■ | ■ | 2 रू | ■ | 3 वि |
| का | ■ | 4 दु | ■ | हा | ■ | रो |
| न | ■ | नि | ■ | 5 नि | बो | ध |
| ■ | 6 ह | या | ल | य | ■ | ■ |
| ■ | ■ | दा | ■ | 7 त | 8 मा | चा |
| 9 अ | भि | र | त | ■ | निं | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 10 दा | द | रा |

## सुडोकू-101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |

### सुडोकू -100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 18.38 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। अपने सहकर्मियों से ईर्ष्या न करें। व्यापार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। महंगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने विकास के लिए आपको थोड़ा स्वार्थी बनना होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें।

**कर्क** — आज किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें।

**सिंह** — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इन्टरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारम्भिक हिस्सा आपके लिये बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**कन्या** — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। पड़ोसियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए कटु वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**तुला** — आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। आध्यात्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा।

**वृश्चिक** — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपना सामान सुरक्षित रखें। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की डांट खानी पड़ सकती है।

**धनु** — आज आप काफी आशावादी रहेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

**मकर** — आज संतान की शिक्षा पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**कुंभ** — आज तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मीन** — आज सरकारी सहयोग से आपके काम पूरे हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। मन अशांत होने की संभावना है। किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
बादशाह — सुबह : 11.00
वीरगति — रात : 07.00

&pictures
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.03
गजनी — शाम : 04.18

SONY PIX
रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.09
जिओस्ट्राम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
नो प्रॉब्लम — सुबह : 09.05
डॉन — रात : 08.25

colors CINEPLEX
ब्रदर्स — सुबह : 09.47
दसवीं — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है, महिला दरवाजा खोलती है।
महिला-बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुराकर उसका सिर सहलाते हुए कहती है)-अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक -कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं!





| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,996 | 22,123 |
| बढ़त | 526 | 118 |
| प्रतिशत में | 0.73 | 0.54 |

### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |

### एक नजर

#### रुपया पांच पैसे गिरा

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.29 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.31 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली होने से 83.45 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.29 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

# पिछले एक वर्ष के दौरान कृषि विपणन सुधार से मंडियों को मिली रफ्तार

## केंद्र के निर्धारित मानकों पर उत्तर प्रदेश ने पूरा कर हासिल किए 100 अंक

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की मंडी समितियां किसानों से उपज खरीदने के साथ उनकी बेहतर मार्केटिंग करने में अन्य राज्यों से आगे पहुंच गई हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि विपणन में तेजी से सुधार हुआ है।

परिणाम यह है कि केंद्र से कृषि विपणन सुधार के निर्धारित किए गए अधिनियम व मानक दोनों को उत्तर प्रदेश ने पूरा कर 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। जबकि अन्य राज्यों को 90 से 96 फीसद अंक मिले हैं। इससे उत्तर प्रदेश कृषि विपणन के साथ केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में पहले स्थान पर है। इससे किसानों को फायदा होने से मंडी कारोबार को रफ्तार मिली है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा और आगे मंडी परिषद नवाचार अपनाएगा।

- **अधिनियम व नियम दोनों में मिले प्रदेश को 10-10 अंक**

**इनमें बिंदुओं पर मिले 10-10 अंक :** निजी बाजार, मंडियों के बाहर थोक व्यापार, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोर, साइलो, ई-ट्रेडिंग, एक बाजार शुल्क, एकीकृत लाइसेंस, मंडी शुल्क

> केंद्र ने कृषि विपणन में सुधार के लिए सभी राज्यों के लिए मानक निर्धारित किए थे। उस पर उत्तर प्रदेश की मंडियों ने काम कर 100 फीसद मानक पूरे किए हैं। इसका किसानों को और लाभ मिलेगा। इसी तरह किसान हित में जो भी मानक आएंगे वह पूरे करेंगे।
>
> – अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।

### शुल्क कम तो ई-ट्रेडिंग से आई बेहतरी

सिस्टम एनालिस्ट सतेंद्र तिवारी ने बताया कि वैसे तो मंडी समितियों पर कृषि विपणन के क्षेत्र में कई काम हुए। इसमें केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में खास निजी बाजार, मंडियों के बाहर सीधे कारोबार की स्वीकृति देना व वेयर हाउस, साइलो व कोल्ड स्टोर को मार्केट यार्ड घोषित करना है। इसी तरह ई-ट्रेडिंग के जरिये किसानों को ऑनलाइन खरीद-बिक्री का प्लेटफार्म मिला। व्यापारियों को एक कर व एकीकृत लाइसेंस की सुविधा के साथ मंडी, बाजार व कमीशन शुल्क कम होने से राहत मिली। इससे विपणन को बढ़ावा मिला है।

## आरबीआई ने एमपीसी बैठकों का कार्यक्रम जारी किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को नये वित्त वर्ष (2024-25) के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठकों के कार्यक्रम की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहली बैठक तीन से पांच अप्रैल को होगी। अगली बैठक पांच जून को शुरू होगी जबकि मौद्रिक समीक्षा की घोषणा सात जून को होगी। आमतौर पर, छह सदस्यीय समिति के सदस्य बैठक के तीसरे दिन एक प्रस्ताव पर मतदान करते हैं और आरबीआई गवर्नर मतदान पूरा होने के बाद बैठक के नतीजों की घोषणा करते हैं। समिति के सदस्य बैठक के पहले दो दिन मौद्रिक नीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी बातें रखते हैं।

## जीडीपी के दो प्रतिशत प्रत्यक्ष निवेश से 1.1 लाख नौकरियों का हो सकता सृजन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत अवसर महिलाओं को मिलेंगे। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

एफएलओ ने भारत की देखभाल (केयर) अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए एक खाका भी पेश किया। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र, छुट्टी नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल हैं। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने कहा, ''भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मातृत्व अवकाश के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को वित्तीय रूप से समर्थन देने, माता-पिता की छुट्टी नीतियों को संशोधित करने और देखभाल कार्य अवकाश तथा लचीले कार्य विकल्पों को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है।

इसमें छुट्टियों के लिए बाजार-आधारित वित्तपोषण शुरू करना शामिल हो सकता है, जैसे कि माता-पिता की छुट्टी बीमा। नियोक्ताओं को स्त्री-पुरूष में अंतर किये बना देखभाल कार्य अवकाश और लचीले कार्य विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।'' रिपोर्ट में कहा गया, ''अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के साक्ष्य से पता चलता है कि देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की क्षमता है।

## टाटा का चार्जिंग स्टेशन लगाने को एचपीसीएल से गठजोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे।

ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, ''एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सेंसेक्स 526 अंक चढ़कर 72,996 पर बंद हुआ

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 27 मार्च को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त के साथ 72,996 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,123 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। रिलायंस इंडस्ट्री के शेयर में 3.49% की तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.53% चढ़कर बंद हुआ।

## पवन दावुलुरी बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था।

दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज़ और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है। दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे। राजेश झा ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के रूप में हम विंडोज एक्सपिरिएंस और विंडोज प्लस डिवाइसेज के टीम को एक्सपीरिएंस प्लस डिवाइसेज डिवीजन के कोर पार्ट को एक साथ ला रहे हैं।

## सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गयी है, उसे बनाये रखना जरूरी है।

सान्याल ने एक सम्मेलन में कहा, ''...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।'' भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा।''



### एक नजर

#### चारा घोटाला: 89वें गवाह का बयान कलमबंद

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

#### हाथ काट देने वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

**झाबुआ, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें। जयस का पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए भिलाला समुदाय को कथित तौर पर "चोर और डाकू" भी कहा।

# दिलीप, सुप्रिया को कारण बताओ नोटिस

## निर्वाचन आयोग की कंगना और ममता बनर्जी पर टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने आम चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

निर्वाचन आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को ''अशोभनीय और गलत'' बताया। आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव





प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। घोष और श्रीनेत को 29 मार्च की शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा की एक शिकायत के बाद श्रीनेत के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ''अशोभनीय टिप्पणियों'' के साथ रनौत की एक तस्वीर पोस्ट की थी। निर्वाचन आयोग के नोटिस के अनुसार सुप्रिया ने पोस्ट किया था, ''मंडी में क्या भाव चल रहा है, कोई बताएगा?'' पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता घोष को नोटिस तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा आयोग का रुख करने के बाद जारी किया गया। आयोग के नोटिस के मुताबिक घोष ने कहा था, ''जब दीदी गोवा जाती हैं, तो वह गोवा की बेटी बन जाती हैं, त्रिपुरा में वह कहती हैं कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें कि आपके पिता कौन हैं। स्पष्ट करें...'' आयोग ने कहा कि सावधानीपूर्वक जांच करने पर टिप्पणी अशोभनीय, अपमानजनक और प्रथमदृष्टया एमसीसी के प्रावधानों और इस महीने की शुरुआत में जारी आयोग की सलाह का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। आयोग ने दोनों नेताओं को एमसीसी के प्रावधान की याद दिलाई जिसमें कहा गया है कि अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पिछले रिकॉर्ड और काम तक ही सीमित रहेगी।



बुधवार को जम्मू में गुड फ्राइडे और ईस्टर के उपलक्ष्य में एक जुलूस में हिस्सा लेते ईसाई श्रद्धालु। • एजेंसी

## अमेठी और रायबरेली सीट के बारे में कांग्रेस नेतृत्व करेगा फैसला

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई और अब इस बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। सीईसी बैठक में उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूछे जाने पर कहा कि आज की बैठक में इसको लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

## साजिश का आरोप अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है तो पीएमएलए लागू नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने कहा था कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश रचने से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-120बी लागू करके धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है, यदि कथित आपराधिक साजिश पीएमएलए के तहत अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 120बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के उस फैसले की समीक्षा संबंधी अर्जी खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध का आरोप है, उसे अधिसूचित अपराध में आरोपी के रूप में दिखाया जाए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ''खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई संबंधी अर्जी खारिज की जाती है।''

## सभी दलों ने चुनावी बॉन्ड को भुनाया, कुछ बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : सीतारमण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। इस मामले में किसी को कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह सब वैध और कानून के मुताबिक था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर, चुनावों के वित्तपोषण के लिए बेहतर प्रणाली लाने को लेकर और अधिक चर्चा की जरूरत है। सीतारमण ने एक समाचार चैनल के सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि कानून को शीर्ष अदालत ने अब खारिज कर दिया है। लेकिन इसे संसद में पारित किया गया था।

## जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने का वादा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी**

नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटाने का वादा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है और उन्हें डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे के सिलसिले में ठगा गया है, उसी तरह यहां भी लोगों को ठगा जाएगा। वह मीडिया की इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र भविष्य में जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने पर निश्चित ही विचार करेगा।



अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, ''मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। (जब वह मुख्यमंत्री थे) तब हमने भी अफस्पा हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मुझे डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे पर गुमराह किया और ठगा गया, उसी तरह जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया जाएगा एवं ठगा जाएगा, क्योंकि यहां चुनाव हैं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को अभियोजन से पूर्ण छूट और उन्हें व्यापक अधिकार प्रदान करने वाले इस कानून को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने के केंद्रीय नेताओं के बयानों को देखते हुए तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''जहां तक अफस्पा हटाने की बात है तो आज से ही शुरू कीजिए। जब वे कहते हैं कि स्थिति सामान्य है, आतंकवाद खत्म हो गया है, अब अलगाववादी विचार नहीं बचा है तो फिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं?''

## कोलकाता हवाई अड्डे पर एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख क्षतिग्रस्त

**कोलकाता।** कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी 'इंडिगो' के एक विमान के पंख 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान से टकराये जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल इंडिगो के पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है। हवाई अड्डा के सूत्रों ने बताया कि रनवे के पास के 'टैक्सीवे' पर करीब 11 बजे पूर्वाह्न के समय यह दुर्घटना हुई।

# केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायकों के पीछे-पीछे हो लिये। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, ''मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर 12 बजे के आसपास विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।

### कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल : अनुराग

**श्रीनगर/शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। ठाकुर आज जम्मू-कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। ठाकुर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |










# हेड, अभिषेक-क्लासेन के तूफान में उड़ी मुंबई

## सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हराया, हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगाए गए

**हैदराबाद, एजेंसी**

चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सनराइजर्स हैदराबाद के तीन विकेट पर 277 रनों के जवाब में मुंबई की टीम ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद उसकी टीम पांच विकेट पर 246 रन ही बना पाई।

सनराइजर्स की तरफ से ट्रेविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की। मुंबई ने भी तेज शुरुआत की। उसकी तरफ से तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर सर्वाधिक 64 रन बनाए जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। टिम डेविड ने 22 गेंद पर नाबाद 42 रन बनाकर हार का अंतर कम किया। मुंबई ने भी पावर प्ले में दो विकेट पर 76 रन बनाए लेकिन इस बीच उसने दोनों सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद पर 34 रन) और रोहित शर्मा (12 गेंद पर 26 रन) के विकेट गंवाए जिन्होंने परिस्थितियों के अनुरूप ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित ने अपनी पारी में तीन जबकि किशन ने चार छक्के लगाए जिसने भुवनेश्वर कुमार के एक ओवर में लगाए गए तीन छक्के भी शामिल हैं। मुंबई की टीम भी आठवें ओवर में 100 रन के पार पहुंचने में सफल रही। वर्मा ने शाहबाज अहमद के एक ओवर में तीन छक्के लगाए जिससे मुंबई 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 141 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। वर्मा ने जयदेव उनादकट पर चौका लगाकर 24 गेंद पर अपना अर्ध शतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने नमन धीर (14 गेंद पर 30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद पर 24 रन) ने मयंक मार्कंडेय पर छक्का और चौका लगाकर शुरुआत की। लेकिन इसके बाद भुवनेश्वर ने पारी के 13वें ओवर में केवल पांच रन दिए। कमिंस ने ऐसे में वर्मा को डीप मिड विकेट पर कैच करा कर मुंबई की परेशानी बढ़ा दी। जब रन और गेंदों के बीच अंतर बढ़ रहा था तब हार्दिक और डेविड अपेक्षित तेजी से नहीं बना पाए। इस बीच 18 गेंद तक कोई चौका या छक्का नहीं लगा। मुंबई को अंतिम चार ओवर में 88 रन की दरकार थी और तब डेविड ने भुवनेश्वर पर दो छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी। लेकिन उनादकट ने हार्दिक को पवेलियन की राह दिखा दी। इससे पहले हेड जब पांच रन पर थे तब हार्दिक पंड्या की गेंद पर टिम डेविड ने उनका कैच छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 17 वर्षीय क्वेना मफाका पर लगातार दो छक्के और दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया जिससे सनराइजर्स तीन ओवर में 40 रन बनाने में सफल रहा।

### हैदराबाद ने बनाया आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही। मैच में कुल 523 रन बने जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। यही नहीं इस मैच में 38 छक्के लगे जो टी20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है।

### हैदराबाद 277/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 19

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का डेविड बो हार्दिक | 11 | 13 | 1/0 |
| ट्रैविस हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 | 24 | 9/3 |
| अभिषेक शर्मा का नमन धीर बो चावला | 63 | 23 | 3/7 |
| एडन मार्कराम नाबाद | 42 | 28 | 2/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 80 | 34 | 4/7 |

**गेंदबाजी :** मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

### मुंबई 246/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कैच अभिषेक बोल्ड कमिंस | 26 | 12 | 1/3 |
| ईशान किशन कैच मारक्रम बोल्ड शाहबाज | 34 | 13 | 2/4 |
| नमन धीर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट | 30 | 14 | 2/2 |
| तिलक वर्मा कैच मयंक बोल्ड कमिंस | 64 | 34 | 2/6 |
| हार्दिक पांड्या कैच क्लासन बोल्ड उनादकट | 24 | 20 | 1/1 |
| टिम डेविड नाबाद | 42 | 22 | 2/3 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 15 | 06 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 3-0-53-0, जयदेव उनादकट 4-0-47-2, शाहबाज अहमद 3-0-39-1, पैट कमिंस 4-0-35-2, उमरान मलिक 1-0-15-0, मयंक मार्कंडेय 4-0-52-0

## तेंदुलकर ने रोहित को 200 नंबर की जर्सी दी उपहार



**हैदराबाद, एजेंसी।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 200वें मैच खेल रहे रोहित शर्मा को 200 नंबर लिखी जर्सी उपहार में दी है। आज यहां आईपीएल के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडिया की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने मैदान में उतरे ही रोहित शर्मा मुंबई के लिए 200वां मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। मैच से पहले सचिन ने रोहित को 200 नवंबर की जर्सी भेंट करते हुए उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने आईपीएल में कुल 245 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने कुल छह हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

### मुख्य कोच के लिए ल्यूक रोंची के संपर्क में पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, ''कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।''

### जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

**लंदन।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, ''कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।''

### सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

**मैड्रिड।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन से होगा। लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था। सिंधू ने इसके बाद कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये।

# रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

**जयपुर, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' गिल की अगुवाई वाली टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहला मैच छह रन से जीता था।

# फिर कप्तान बन सकते हैं बाबर आजम : सूत्र

**लाहौर, एजेंसी**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।

पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। एक सूत्र ने बताया, ''मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।''




# 'गेमचेंजर' के लिए सुपरस्टार रामचरण ने ली 100 करोड़ फीस



**मुंबई, एजेंसी।** आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने वाले साउथ के सुपरस्टार राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। राम चरण साउथ फिल्मों के उन सितारों में से हैं, जिन पर अपने पिता का स्टारडम हावी नहीं हुआ और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उन पर फिल्माया गए गाने नाटू नाटू ने 2023 में ऑस्कर जीता था। आरआरआर में काम करने के लिए उन्हें डायरेक्टर एसएस राजामौली ने 45 करोड़ रु. फीस दी थी। मगर अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए रामचरण 100 करोड़ फीस चार्ज कर रहे हैं। वैसे, रामचरण की गिनती साउथ के सुपरस्टार्स में होती है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड की एक ही फिल्म की है। रामचरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'चिरुथा' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने चरण नाम के युवक की भूमिका निभाई थी जो अपने माता-पिता के हत्यारों को खोज रहा होता है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर पुरी जगन्नाथ थे। इसमें नेहा शर्मा, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी भी नजर आए थे। पहली ही फिल्म में रामचरण बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे थे।



# कपिल से विवादों पर सुनील ने सात साल बाद तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** 'द कपिल शर्मा शो' में गुत्थी और डॉक्टर गुलाटी का रोल प्ले करने वाले सुनील ग्रोवर जल्द ही कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस एक बार फिर से शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों ने नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के जरिए पर्दे पर लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं। इन्हें साथ में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। सात साल पहले फ्लाइट में झगड़ना होने की वजह से इनके बीच मनमुटाव हो गया था, जिसके बाद कॉमेडियन ने कपिल का शो छोड़ दिया था। ऐसे में अब वापसी और विवादों पर सुनील ग्रोवर ने रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हाल ही में प्रीमियर रखा गया था, जिसमें कपिल और सुनील साथ में पहुंचे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवादित लड़ाई के बारे में दोनों ने खुलकर बात की थी। इस दौरान कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपनी लड़ाई का मजाक उड़ाया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसकी सालों पहले प्लानिंग बना ली गई थी। सुनील ग्रोवर ने कहा कि वो जब फ्लाइट में बैठे तो उन्हें पता चला कि नेटफ्लिक्स इंडिया आ रहा है तो कुछ पब्लिसिटी स्टंट हो।

# अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी

**मुंबई, एजेंसी।** साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। अदिति राव हैदरी साउथ के साथ हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, रॉकस्टार और मर्डर-3 जैसी फिल्मों में काम किया है। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में एहसान हैदरी और विद्या राव के घर हुआ था। अदिति हैदराबाद के निजाम रहे मो. साहेल अकबर हैदरी की पड़पोती हैं। अदिति के नाना राजा जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

